Drishti IAS

# एडिटोरियल क्विज़

# सितम्बर 2024

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440, Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# प्रश्न और उत्तर

**1. संयुक्त संसदीय समिति (JPC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. JPC संसद द्वारा स्थापित एक तदर्थ समिति है, जिसका उद्देश्य किसी विशिष्ट विषय या विधेयक की गहन जाँच करना है।
2. इसमें दोनों सदनों के साथ-साथ सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के सदस्य शामिल होते हैं तथा इसकी अध्यक्षता लोकसभा के एक सदस्य द्वारा की जाती है।
3. प्रधानमंत्री JPC की संरचना निर्धारित करते हैं और सदस्यों की संख्या पर कोई सीमा निर्धारित नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**संयुक्त संसदीय समिति (JPC):**

- JPC संसद द्वारा स्थापित **एक तदर्थ समिति** है जो किसी विशिष्ट विषय या विधेयक की गहन जाँच करने के लिये बनाई जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें **दोनों सदनों** के साथ-साथ सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के सदस्य शामिल होते हैं तथा इसकी अध्यक्षता लोकसभा के सदस्य (लोकसभा के अध्यक्ष द्वारा नियुक्त) करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **संसद** JPC की संरचना निर्धारित करती है और सदस्यों की संख्या पर कोई सीमा निर्धारित नहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**2. निम्नलिखित में से कौन-सा देश सूडान के साथ सीमा साझा करता है?**

1. इथियोपिया
2. इरिट्रिया
3. मिस्र
4. लीबिया
5. चाड

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. 1,3,4 और 5
D. 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**सूडान:**

- सूडान अपने **सात पड़ोसियों** अर्थात् दक्षिण सूडान, इथियोपिया, इरिट्रिया, मिस्र, लीबिया, चाड और मध्य अफ्रीकी गणराज्य के साथ सीमा साझा करता है।
- अत: विकल्प D सही है।




**3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कॉलेजियम प्रणाली के तहत, मुख्य न्यायाधीश चार या दो वरिष्ठतम सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के साथ मिलकर न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण की सिफारिश करते हैं।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC) अधिनियम, 2014 और 99वें संविधान संशोधन, 2014 को असंवैधानिक घोषित कर दिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

नोट :

**व्याख्या:**

- **कॉलेजियम प्रणाली** के तहत, मुख्य न्यायाधीश चार या दो वरिष्ठतम सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के साथ मिलकर न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण की सिफारिश करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC) अधिनियम, 2014 और 99वें संविधान संशोधन, 2014 को असंवैधानिक घोषित कर दिया है। **अत: कथन 2 सही है।**

**4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के हिस्से के रूप में अनुसंधान एवं विकास (R&D) पर व्यय 0.65% है।
2. भारत में व्यापार क्षेत्र मुख्य रूप से रक्षा, अंतरिक्ष, कृषि और परमाणु अनुसंधान में अनुसंधान एवं विकास को निधि देता है, जिसमें से अधिकांश धन शैक्षणिक संस्थानों को जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. दोनों 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के हिस्से के रूप में अनुसंधान एवं विकास पर व्यय 0.65% है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में **सरकारी एजेंसियाँ** मुख्य रूप से रक्षा, अंतरिक्ष, कृषि और परमाणु अनुसंधान में अनुसंधान एवं विकास को निधि देती हैं, जिसमें से **अधिकांश धन शैक्षणिक संस्थानों को जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - **भारत में** कुल **अनुसंधान एवं विकास** में व्यवसाय क्षेत्र की हिस्सेदारी वर्ष 2012-13 में लगभग 45 प्रतिशत से गिरकर वर्ष 2020-21 में 40 प्रतिशत हो गई है।

**5. GST परिषद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GST परिषद एक संवैधानिक निकाय है जो भारत में वस्तु और सेवा कर (GST) के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों पर सिफारिशें करने के लिये ज़िम्मेदार है।
2. वर्ष 2016 के 100वें संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान में एक नया अनुच्छेद 279-A जोड़ा गया, जो राष्ट्रपति को GST परिषद का गठन करने या आदेश देने का अधिकार देता है।
3. परिषद के सदस्यों में अध्यक्ष के रूप में केंद्रीय वित्त मंत्री और केंद्रीय राज्य मंत्री (वित्त) शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**GST परिषद:**

- GST परिषद एक संवैधानिक निकाय है जो भारत में वस्तु और सेवा कर (GST) के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों पर सिफारिशें करने के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **वर्ष 2016 के 101वें संशोधन अधिनियम** द्वारा संविधान में एक नया अनुच्छेद 279-A जोड़ा गया, जो राष्ट्रपति को GST परिषद या आदेश द्वारा गठित करने का अधिकार देता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- परिषद के सदस्यों में अध्यक्ष के रूप में केंद्रीय वित्त मंत्री (अध्यक्ष) और केंद्रीय राज्य मंत्री (वित्त) शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**6. सभी व्यक्तियों को जबरन विलुप्त संरक्षण के लिये कन्वेंशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 20 दिसंबर, 2006 को अपनाया गया और यह 23 दिसंबर, 2023 को लागू हुआ।
2. यह पहली सार्वभौमिक रूप से बाध्यकारी संधि है जो जबरन विलुप्त मानवाधिकार उल्लंघन के रूप में परिभाषित करती है तथा इसे प्रतिबंधित करती है।
3. जबरन विलुप्ति पर रोक लगाने के लिये कन्वेंशन में चार मुख्य पहलू हैं- दण्ड से मुक्ति का मुकाबला, रोकथाम, पीड़ितों के अधिकार और प्रवर्तन।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नही हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

नोट :

**व्याख्या:**

**सभी व्यक्तियों को जबरन विलुप्त संरक्षण के लिये कन्वेंशन:**

- इसे **संयुक्त राष्ट्र महासभा** द्वारा 20 दिसंबर, 2006 को अपनाया गया और 23 दिसंबर, 2010 को लागू किया गया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह पहली सार्वभौमिक रूप से बाध्यकारी संधि है जो जबरन विलुप्त मानवाधिकार उल्लंघन के रूप में परिभाषित करती है और इसे प्रतिबंधित करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जबरन विलुप्ति पर रोक लगाने के लिये कन्वेंशन में चार मुख्य पहलू हैं - दण्ड से मुक्ति का मुकाबला, रोकथाम, पीड़ितों के अधिकार और प्रवर्तन। **अत: कथन 3 सही है।**

**7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाल ही में भारत ने अपनी दूसरी स्वदेशी परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी, INS अरिघाट को शामिल किया है।
2. INS अरिहंत के विपरीत, जो एक अधिक उन्नत और परिचालन केंद्रित मंच है, INS अरिघाट मुख्य रूप से एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शक के रूप में कार्य करेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**INS अरिघाट:**

- भारत ने हाल ही में अपनी दूसरी स्वदेशी परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी, INS अरिघाट को शामिल किया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **INS अरिहंत** के विपरीत, जो मुख्य रूप से एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शक के रूप में कार्य करता था, INS अरिघाट एक अधिक उन्नत और परिचालन केंद्रित मंच है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत में लगभग आधी आबादी कृषि पर निर्भर है, जिसमें अधिकांश कृषि, वर्षा पर निर्भर है।

**कथन-II:** पिछले 25 वर्षों में भारत के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन के कारण सूखे की आवृत्ति में वृद्धि के साथ 50% से अधिक की वृद्धि हुई है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत में लगभग आधी आबादी कृषि पर निर्भर है, जिसमें अधिकांश कृषि,वर्षा पर निर्भर है। **अत: कथन-I सही है।**
- पिछले 25 वर्षों में जलवायु परिवर्तन के कारण सूखे की आवृत्ति में वृद्धि के साथ, भारत के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में 50% से अधिक की वृद्धि हुई है। **अत: कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

**9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इथियोपिया के अदीस अबाबा में स्थित अफ्रीकी संघ आयोग (AUC) अफ्रीकी संघ के सचिवालय के रूप में कार्य करता है और इसकी दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों का प्रबंधन करता है।
2. बांजुल प्रारूप अफ्रीका के त्रिस्तरीय संगठन को मान्यता देता है तथा साझेदारों को उन स्तरों पर सहयोग करने के लिये आमंत्रित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अफ्रीकी संघ:**

- इथियोपिया के अदीस अबाबा में स्थित **अफ्रीकी संघ आयोग (AUC)** अफ्रीकी संघ के सचिवालय के रूप में कार्य करता है और इसकी दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों का प्रबंधन करता है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- बांजुल प्रारूप अफ्रीका के त्रिस्तरीय संगठन को मान्यता देता है तथा साझेदारों को उन स्तरों पर सहयोग करने के लिये आमंत्रित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**10. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अंतर्गत हीटवेव को अधिसूचित आपदा के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**कथन-II:** वैश्विक स्तर पर पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य पर उनके प्रभाव को देखते हुए, हीटवेव को जलवायु-संबंधी आपदाओं के रूप में वर्गीकृत करने के लिये पर्याप्त सहमति है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**हीट वेव:**

- **आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005** के अंतर्गत हीटवेव को अधिसूचित आपदा के रूप में **वर्गीकृत नहीं** किया गया है। **अतः कथन-I सही नहीं है।**
- वैश्विक स्तर पर, पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य पर उनके प्रभाव को देखते हुए, हीटवेव को जलवायु-संबंधी आपदाओं के रूप में वर्गीकृत करने के लिये **पर्याप्त सहमति** है। **अतः कथन-II सही है।**
- अतः विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है।

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सिंगापुर अपने मज़बूत ऐतिहासिक संबंधों, आर्थिक संपर्कों और क्षेत्रीय स्थिरता एवं विकास के पारस्परिक लक्ष्यों के कारण भारत की एक्ट ईस्ट नीति में महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है।
2. सिंगापुर के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाले पहले देशों में से एक भारत के द्विपक्षीय संबंध गुटनिरपेक्ष आंदोलन के समय से ही हैं।
3. द्वीप राष्ट्र ने हिंद महासागर में सूर्य किरण जैसे संयुक्त नौसैनिक अभ्यासों के माध्यम से क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा में भारत की बढ़ती भूमिका का निरंतर समर्थन किया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सिंगापुर:**

- सिंगापुर अपने मज़बूत ऐतिहासिक संबंधों, आर्थिक संपर्कों और क्षेत्रीय स्थिरता एवं विकास के पारस्परिक लक्ष्यों के कारण **भारत की एक्ट ईस्ट नीति** में महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सिंगापुर के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाले पहले देशों में से एक भारत के द्विपक्षीय संबंध गुटनिरपेक्ष आंदोलन के समय से ही हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- द्वीप राष्ट्र ने **संयुक्त नौसैनिक अभ्यास जैसे कि सिम्बेक्स (SIMBEX)** और हिंद महासागर में अन्य पहलों के माध्यम से क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा में भारत की बढ़ती भूमिका का लगातार समर्थन किया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**12. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 479 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 479 का उद्देश्य कैदियों की अनावश्यक और लंबे समय तक हिरासत को रोकना है।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में इसे सभी विचाराधीन कैदियों पर लागू कर दिया है, जिनमें 1 जुलाई, 2024 को नए आपराधिक कानून लागू होने से पहले के मामले भी शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

नोट :

**व्याख्या:**

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ( BNSS ) की धारा 479:**

- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 479 का उद्देश्य कैदियों की अनावश्यक और लंबे समय तक हिरासत को रोकना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 479 का लाभ **सभी विचाराधीन कैदियों** को दिया है, जिसमें वे लोग भी शामिल हैं जिनके मामले 1 जुलाई, 2024 को नए आपराधिक कानून लागू होने से पहले दर्ज किये गए थे, जिससे देश के 4.3 लाख कैदियों को उम्मीद की किरण दिखी है। **अतः कथन 2 सही है।**

**13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** SA600 के तहत, मुख्य लेखा परीक्षक किसी अन्य फर्म द्वारा किये गए कार्य के लिये ज़िम्मेदार हुए बिना सहायक लेखा परीक्षा डेटा का उपयोग कर सकता है।

**कथन-II:** राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (NFRA) ने लेखांकन नियम SA600 में संशोधन का प्रस्ताव दिया है ताकि मूल कंपनी के लेखा परीक्षक को सहायक कंपनी के लेखा परीक्षक के काम के लिये ज़िम्मेदार ठहराया जा सके।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- SA600 के तहत, मुख्य लेखा परीक्षक किसी अन्य फर्म द्वारा किये गए कार्य के लिये ज़िम्मेदार हुए बिना सहायक लेखा परीक्षा डेटा का उपयोग कर सकता है। **अतः कथन-I सही है।**
- राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (NFRA) ने लेखांकन नियम SA600 में संशोधन का प्रस्ताव दिया है ताकि मूल कंपनी के लेखा परीक्षक को सहायक कंपनी के लेखा परीक्षक के काम के लिये ज़िम्मेदार ठहराया जा सके। **अतः कथन-II सही है।**
- अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

**14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत की 12 स्मार्ट औद्योगिक शहरों को विकसित करने की योजना, 2030 तक 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के वस्तु निर्यात के विदेश व्यापार नीति के लक्ष्य को समर्थन प्रदान करेगी, विशेष रूप से कम निर्यात स्तर वाले राज्यों के लिये।

**कथन-II:** राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम का उद्देश्य नए औद्योगिक शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करना और बुनियादी ढाँचा क्षेत्रों में अगली पीढ़ी की तकनीकों को एकीकृत करना है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत की 12 स्मार्ट औद्योगिक शहरों को विकसित करने की योजना, 2030 तक 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के वस्तु निर्यात के विदेश व्यापार नीति के लक्ष्य को समर्थन प्रदान करेगी, विशेष रूप से कम निर्यात स्तर वाले राज्यों के लिये। **अतः कथन-I सही है।**
- **राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम** का उद्देश्य नए औद्योगिक शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करना और बुनियादी ढाँचा क्षेत्रों में अगली पीढ़ी की तकनीकों को एकीकृत करना है। **अतः कथन-II सही है।**
- अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

**15. लोक अदालत के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लोक अदालतें औपचारिक, स्वैच्छिक और सुलहनीय विवाद समाधान मंच हैं तथा इन्हें विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत वैधानिक समर्थन प्राप्त है।
2. यह वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR) प्रणाली का एक घटक है जो आम लोगों को अनौपचारिक, सस्ता और त्वरित न्याय प्रदान करता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**15.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**लोक अदालत:**

- लोक अदालतें **अनौपचारिक, स्वैच्छिक और सुलहनीय विवाद समाधान** मंच हैं तथा इन्हें विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत वैधानिक समर्थन प्राप्त है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR) प्रणाली का एक घटक है जो आम लोगों को अनौपचारिक, सस्ता और त्वरित न्याय प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1925 में कश्मीर के शासक बने हरि सिंह उस समय राजा थे जब भारत के साथ 'विलय-पत्र' पर हस्ताक्षर किये गए थे।
2. 17 नवंबर, 1956 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर (J&K) के संविधान को अपनाया।
3. वर्ष 1962 से पहले, भारत का निर्वाचन आयोग जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव कराने के लिये ज़िम्मेदार नहीं था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**जम्मू-कश्मीर (J&K):**

- वर्ष 1925 में कश्मीर के शासक बने हरि सिंह उस समय राजा थे जब भारत के साथ 'विलय-पत्र' पर हस्ताक्षर किये गए थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- 17 नवंबर, 1956 को संविधान सभा ने भारत के संविधान के तहत जम्मू-कश्मीर के संविधान को अपनाया। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1962 से पहले, **निर्वाचन आयोग (EC)** ने 1957 के जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव या 1951 के जम्मू-कश्मीर संविधान सभा चुनाव नहीं करवाए थे। **अतः कथन 3 सही है।**
  - राज्य संविधान में संशोधन के बाद, चुनाव आयोग ने 26 जनवरी, 1960 को जम्मू-कश्मीर चुनावों की देख-रेख शुरू कर दी, हालाँकि 1957 के विधानसभा चुनावों का प्रबंधन सदर-ए-रियासत (राज्य के राष्ट्रपति) द्वारा नियुक्त चुनाव आयुक्त द्वारा किया गया था।

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** ग्लोबल डिजिटल कॉम्पैक्ट (GDC) का उद्देश्य एक सहयोगात्मक बहु-हितधारक ढाँचा तैयार करना है, जो डिजिटल विभाजन को दूर करने, सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को आगे बढ़ाने और एक सुरक्षित तथा समावेशी डिजिटल वातावरण बनाने का प्रयास करता है।

**कथन-II:** भविष्य के शिखर सम्मेलन के दौरान विश्व के नेता और हितधारक वैश्विक डिजिटल कॉम्पैक्ट (GDC) को आगे बढ़ाने के लिये संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में एक साथ आएंगे।

उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **ग्लोबल डिजिटल कॉम्पैक्ट (GDC)** का उद्देश्य एक सहयोगात्मक बहु-हितधारक ढाँचा तैयार करना है, जो डिजिटल विभाजन को दूर करने, सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को आगे बढ़ाने और एक सुरक्षित तथा समावेशी डिजिटल वातावरण बनाने का प्रयास करता है। **अतः कथन-I सही है।**
- **भविष्य के शिखर सम्मेलन** के दौरान विश्व के नेता और हितधारक वैश्विक डिजिटल कॉम्पैक्ट (GDC) को आगे बढ़ाने के लिये संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में एक साथ आएंगे। **अतः कथन-II सही है।**
- अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

नोट :

**18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने विकासशील देशों पर सख्त प्रतिबद्धताओं की विकसित देशों की मांगों का विरोध करने के लिये पहले UNFCCC सम्मेलन में 72 विकासशील देशों का ग्रीन ग्रुप गठबंधन बनाया।
2. भारत ने 2000 के दशक में ब्राज़ील, दक्षिण अफ्रीका और चीन के साथ मिलकर BASIC समूह बनाया, जिसका उद्देश्य विकास एवं गरीबी उन्मूलन के अपने लक्ष्यों की रक्षा करना था।
3. भारत ने जलवायु वार्ता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यह सिद्धांत स्थापित करने में मदद मिली कि विकसित देशों को जलवायु परिवर्तन के लिये प्राथमिक ज़िम्मेदारी उठानी चाहिये।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत ने विकासशील देशों पर सख्त प्रतिबद्धताओं की विकसित देशों की मांगों का विरोध करने के लिये पहले **UNFCCC सम्मेलन में 72 विकासशील देशों** का ग्रीन ग्रुप गठबंधन बनाया। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत ने 2000 के दशक में ब्राज़ील, दक्षिण अफ्रीका और चीन के साथ मिलकर **BASIC समूह** बनाया, जिसका उद्देश्य विकास तथा गरीबी उन्मूलन के अपने लक्ष्यों की रक्षा करना था। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत ने जलवायु वार्ता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यह सिद्धांत स्थापित करने में मदद मिली कि विकसित देशों को जलवायु परिवर्तन के लिये प्राथमिक ज़िम्मेदारी उठानी चाहिये। **अतः कथन 3 सही है।**

**19. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** धनवानों से हाशिए पर पड़े लोगों तक धन का पुनर्वितरण करने के लिये प्रगतिशील कर नीतियों की आवश्यकता है।

**कथन-II:** श्रम अधिकारों को लागू करना, न्यूनतम मज़दूरी, सुरक्षा, बाल श्रम को खत्म करना, शोषण के खिलाफ सुरक्षा और सामूहिक सौदेबाज़ी यह सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक है कि सभी श्रमिक आर्थिक विकास से लाभान्वित हों।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **धनवानों से हाशिए** पर पड़े लोगों तक धन का पुनर्वितरण करने के लिये **प्रगतिशील कर नीतियों** की आवश्यकता है। **अतः कथन-I सही है।**
- श्रम अधिकारों को लागू करना, न्यूनतम मज़दूरी, सुरक्षा, बाल श्रम को खत्म करना, शोषण के खिलाफ सुरक्षा और सामूहिक सौदेबाज़ी यह सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक है कि सभी श्रमिक आर्थिक विकास से लाभान्वित हों। **अतः कथन-II सही है।**
- अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

**20. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017 में शुरू की गई पारगमन-उन्मुख विकास (TOD) नीति, ट्रांज़िट स्टेशनों के पास अधिक आवास, काम तथा खरीदारी के अवसर पैदा करने पर केंद्रित है।

**कथन-II:** पारगमन-उन्मुख शहरों के कार्यान्वयन के लिये संस्थागत समन्वय और शहरी नियोजन प्रथाओं में सुधारों द्वारा समर्थित अवधारणा के प्रतिस्पर्द्धी लाभ को बहाल करने की आवश्यकता होगी।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पारगमन-उन्मुख विकास (TOD) नीति:**

- आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017 में शुरू की गई पारगमन-उन्मुख विकास (TOD) नीति, ट्रांजिट स्टेशनों के पास अधिक आवास, काम तथा खरीदारी के अवसर पैदा करने पर केंद्रित है। **अत: कथन-I सही है।**
- पारगमन-उन्मुख शहरों के कार्यान्वयन के लिये संस्थागत समन्वय और शहरी नियोजन प्रथाओं में सुधारों द्वारा समर्थित अवधारणा के प्रतिस्पर्द्धी लाभ को बहाल करने की आवश्यकता होगी। **अत: कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

**21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारतीय वायु सेना ने हाल ही में तरंग शक्ति का पहला चरण पूरा किया, जो छह दशकों में उसका पहला बहुपक्षीय वायु सेना अभ्यास था।

**कथन-II:** मित्र देशों के साथ बहुपक्षीय अभ्यास से टीमवर्क में सुधार होता है, मज़बूत संबंध बनते हैं और प्रतिभागियों को एक-दूसरे की ताकत तथा कमज़ोरियों को समझने में मदद मिलती है, जिससे परिचालन समन्वय बेहतर होता है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**तरंग शक्ति:**

- भारतीय वायुसेना ने हाल ही में **तरंग शक्ति का पहला चरण पूरा** किया, जो छह दशकों में उसका पहला बहुपक्षीय वायुसेना अभ्यास है। **अत: कथन-I सही है।**
- मित्र राष्ट्रों के साथ **बहुपक्षीय अभ्यास टीमवर्क** को बेहतर बनाते हैं, मज़बूत संबंध बनाते हैं और प्रतिभागियों को एक-दूसरे की ताकत एवं कमज़ोरियों को समझने में मदद करते हैं, जिससे बेहतर परिचालन समन्वय होता है। **अत: कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

**22. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | निकाय /अधिनियम | वर्ष |
|---|---|---|
| 1. | प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान और मूल्यांकन परिषद (TIFAC) | 1956 |
| 2. | पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) | 1976-77 |
| 3. | राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) | 2010 |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान और मूल्यांकन परिषद (TIFAC), नई दिल्ली की स्थापना भारत सरकार द्वारा **वर्ष 1988 में** की गई थी, जिसका उद्देश्य अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का आकलन करना तथा महत्त्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में भारत में भविष्य के तकनीकी विकास के लिये दिशा-निर्देश निर्धारित करना था। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- भारत में **पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA)** की शुरुआत वर्ष 1976-77 में हुई थी, जब योजना आयोग ने तत्कालीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग को नदी-घाटी परियोजनाओं की पर्यावरणीय दृष्टिकोण से जाँच करने के लिये कहा था। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **राष्ट्रीय हरित अधिकरण** की स्थापना वर्ष 2010 में राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 के तहत की गई थी। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**

**23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कार्बन टैक्स कीमतों के माध्यम से संचालित होता है, जिससे जीवाश्म ईंधन की लागत बढ़ जाती है और उनका उपयोग कम हो जाता है तथा इसलिये उत्सर्जन कम हो जाता है।
2. कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम (CCTS) प्रति यूनिट आउटपुट पर अनुमत उत्सर्जन की सीमा निर्धारित करके उत्सर्जन की मात्रा पर सीधे काम करती है।

3. भारत ने कार्बन टैक्स लागू करने का निर्णय लिया है, जिसमें ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) को सही कर स्तर निर्धारित करने की ज़िम्मेदारी दी गई है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **कार्बन टैक्स** कीमतों के माध्यम से संचालित होता है, जिससे जीवाश्म ईंधन की लागत बढ़ जाती है, जिससे उनका उपयोग कम हो जाता है और इसलिये उत्सर्जन कम हो जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम ( CCTS )** प्रति यूनिट आउटपुट पर अनुमत उत्सर्जन की सीमा निर्धारित करके उत्सर्जन की मात्रा पर सीधे काम करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत CCTS को अपनाने की योजना बना रहा है और अर्थव्यवस्था को कार्बन-मुक्त करने में प्रभावी रूप से मदद करने के लिये ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है कि सिस्टम अच्छी तरह से डिज़ाइन किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रोज़गार स्थायी आर्थिक विकास की कुंजी है, क्योंकि एक मज़बूत नौकरी बाज़ार खपत और मांग को बढ़ाता है तथा आर्थिक विस्तार को गति देता है।
2. यदि बढ़ती जनसंख्या को सहारा देने के लिये पर्याप्त नौकरियाँ नहीं बनाई गईं तो भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश बोझ बन सकता है।
3. भारत सरकार ने हाल ही में रोज़गार-संबंधी प्रोत्साहन (ELI) योजना की घोषणा की है, जो व्यवसायों को अधिक श्रमिकों को काम पर रखने के लिये प्रोत्साहित करने हेतु बनाई गई एक नीतिगत पहल है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **रोज़गार** स्थायी आर्थिक विकास की कुंजी है, क्योंकि एक मज़बूत नौकरी बाज़ार खपत और मांग को बढ़ाता है तथा आर्थिक विस्तार को गति देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यदि बढ़ती जनसंख्या को सहारा देने के लिये पर्याप्त नौकरियाँ नहीं बनाई गईं तो भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश बोझ बन सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत सरकार ने हाल ही में **रोज़गार-संबंधी प्रोत्साहन ( ELI )** योजना की घोषणा की है, जो व्यवसायों को अधिक श्रमिकों को काम पर रखने के लिये प्रोत्साहित करने हेतु बनाई गई एक नीतिगत पहल है। **अत: कथन 3 सही है।**

**25. इनिशियल पब्लिक ऑफर ( IPO ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इनिशियल पब्लिक ऑफर (IPO) तब होता है जब कोई निजी कंपनी निवेशकों से धन जुटाने के लिये पहली बार अपने शेयर जनता को देती है।
2. IPO को कंपनी के संस्थापकों और शुरुआती निवेशकों के लिये एक निकास रणनीति के रूप में देखा जा सकता है, जो अपने निजी निवेश से पूरा लाभ प्राप्त करते हैं।
3. डच लोगों ने डच ईस्ट इंडिया कंपनी के शेयर जनता को बेचकर पहला आधुनिक IPO आयोजित किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**इनिशियल पब्लिक ऑफर ( IPO ):**

- **इनिशियल पब्लिक ऑफर ( IPO )** तब होता है जब कोई निजी कंपनी निवेशकों से धन जुटाने के लिये पहली बार अपने शेयर जनता को पेश करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- IPO को कंपनी के संस्थापकों और शुरुआती निवेशकों के लिये एक निकास रणनीति के रूप में देखा जा सकता है, जो अपने निजी निवेश से पूरा लाभ प्राप्त करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- डच लोगों ने डच ईस्ट इंडिया कंपनी के शेयर जनता को बेचकर पहला आधुनिक IPO आयोजित किया। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 सामाजिक सुरक्षा से संबंधित नौ श्रम कानूनों को एक एकीकृत संहिता में समेकित करती है, जिसका उद्देश्य संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों को शामिल करना है।

**कथन-II:** सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 पारंपरिक कर्मचारियों के लिये लाभ अनिवार्य करती है, लेकिन केवल गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिये कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ बनाने हेतु केंद्र सरकार को निर्देशित करती है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 सामाजिक सुरक्षा से संबंधित नौ श्रम कानूनों को एक एकीकृत संहिता में समेकित करती है, जिसका उद्देश्य संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों को शामिल करना है। **अतः कथन-I सही है।**
- सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 पारंपरिक कर्मचारियों के लिये लाभ अनिवार्य करती है, लेकिन केवल गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिये कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ बनाने हेतु केंद्र सरकार को निर्देशित करती है। **अतः कथन-II सही है।**
- अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

**27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सौर ऊर्जा उत्पादन अपने स्रोत के कारण स्थिर है जो पावर ग्रिड की स्थिरता को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है।
2. बैटरी स्टोरेज के साथ सौर पावर ग्रिड से दूर-दराज़ के क्षेत्रों को विद्युत के लिये एक अच्छा विकल्प मिल जाता है।
3. भारत ने पिछले दशक में अपनी सौर ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की है और 87 गीगावाट से अधिक तक पहुँच गया है जो इसकी कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लगभग 58% है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सौर ऊर्जा:**

- सौर ऊर्जा उत्पादन **अपने स्रोत के कारण असंगत है** जो पावर ग्रिड की स्थिरता को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- बैटरी स्टोरेज के साथ सौर पावर ग्रिड से दूर-दराज़ के क्षेत्रों को विद्युत के लिये एक अच्छा विकल्प मिल जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत ने पिछले एक दशक में अपनी सौर ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की है और यह 87 गीगावाट से अधिक हो गई है जो इसकी कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लगभग 58% है। **अतः कथन 3 सही है।**

**28. 'ग्लोबल पीस इंडेक्स (GPI)' निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है?**

A. इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP)

B. विश्व बैंक (WB)

C. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

D. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ग्लोबल पीस इंडेक्स (GPI):**

- **ग्लोबल पीस इंडेक्स (GPI)** की रिपोर्ट ऑस्ट्रेलिया स्थित "थिंक टैंक, इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP)" द्वारा जारी की जाती है। IEP, GPI बनाने के लिये इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट के साथ सहयोग करता है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भीषण गर्मी, ठंड, भारी वर्षा और आकस्मिक वर्षण जैसी चरम जलवायु घटनाओं की आवृत्ति में वृद्धि हो रही है।
2. वर्ष 2023 रिकॉर्ड स्तर पर सबसे गर्म वर्ष था और भारत ने 365 दिनों में से 318 दिनों में चरम मौसम घटनाओं का अनुभव किया।

नोट :

3. भारत का लक्ष्य संधारणीय ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोतों से अपनी 100% ऊर्जा प्राप्त करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भीषण गर्मी, ठंड, भारी वर्षा और आकस्मिक वर्षण जैसी चरम जलवायु घटनाओं की आवृत्ति में लगातार वृद्धि हो रही है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2023 रिकॉर्ड स्तर पर सबसे गर्म वर्ष था और भारत ने 365 दिनों में से 318 दिनों में चरम मौसम घटनाओं का अनुभव किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक **गैर-जीवाश्म स्रोतों से 50% ऊर्जा** प्राप्त करना है ताकि संधारणीयता के माध्यम से ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- **अतः विकल्प B सही है।**

**30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दलितों द्वारा सामना किये जाने वाले अनुष्ठान भेदभाव की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिये बी.आर. अंबेडकर ने महाड़ सत्याग्रह और कालाराम मंदिर प्रवेश जैसे आंदोलनों का नेतृत्व किया।
2. डॉ. बी.आर.अंबेडकर फाउंडेशन (DAF) अंबेडकर की विरासत को संरक्षित करने और प्रचारित करने के लिये समर्पित एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. दोनों 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**बी.आर. अंबेडकर:**

- बी.आर. अंबेडकर ने **महाड़ सत्याग्रह** और कालाराम मंदिर प्रवेश आंदोलन जैसे आंदोलनों का नेतृत्व किया, जिसमें दलितों द्वारा सामना किये जाने वाले अनुष्ठान भेदभाव का विरोध किया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय** के तहत वर्ष 1992 में स्थापित, डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन (DAF) अंबेडकर की विरासत के संरक्षण तथा प्रचार के लिये समर्पित एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **अतः विकल्प C सही है।**

**31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. "कानून की उचित प्रक्रिया" का अर्थ है कि सरकार को किसी व्यक्ति को उसके जीवन, स्वतंत्रता या संपत्ति जैसे अधिकारों से वंचित करने से पहले निष्पक्ष एवं कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिये।
2. वर्ष 1918 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस ने औपनिवेशिक सरकार से उन सभी कानूनों को रद्द करने के लिये कहा जो राज्य के अधिकारियों को बिना उचित प्रक्रिया के लोगों को गिरफ्तार करने या हिरासत में लेने की अनुमति देते थे।
3. भारत के संविधान में कानून की उचित प्रक्रिया शब्द को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या :**

**कानून की उचित प्रक्रिया:**

- "कानून की उचित प्रक्रिया" का अर्थ है कि **सरकार को किसी व्यक्ति** को उसके जीवन, स्वतंत्रता या संपत्ति जैसे अधिकारों से वंचित करने से पहले निष्पक्ष और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**
- **वर्ष 1918 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस ने औपनिवेशिक सरकार से** उन सभी कानूनों को रद्द करने के लिये कहा, जो राज्य के अधिकारियों को बिना उचित प्रक्रिया के लोगों को गिरफ्तार करने या हिरासत में लेने की अनुमति देते थे। **अतः कथन 2 सही है।**
- कानून की उचित प्रक्रिया शब्द को भारत के संविधान, 1950 (COI) में कहीं भी परिभाषित नहीं किया गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** उच्च आय वाले देश, अपनी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के बावजूद, वैश्विक उत्सर्जन के 60% से अधिक के लिये ज़िम्मेदार हैं।

**कथन-II:** वैश्विक डीकार्बोनाइजेशन को आगे बढ़ाने के लिये संक्रमण वित्त, ऊर्जा भंडारण और परिणाम-आधारित कार्बन वित्तपोषण के साथ मूल्य शृंखलाओं को मज़बूत करने में बड़े निवेश की आवश्यकता है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- उच्च आय वाले देश, अपनी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के बावजूद वैश्विक उत्सर्जन के 60% से अधिक के लिये ज़िम्मेदार हैं। **अत: कथन-I सही है।**
- अग्रणी वैश्विक डीकार्बोनाइजेशन को संक्रमण वित्त, ऊर्जा भंडारण और परिणाम-आधारित कार्बन वित्तपोषण के साथ मूल्य शृंखलाओं को मज़बूत करने में बड़े निवेश की आवश्यकता है। **अत: कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

**33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शिक्षक दिवस डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सम्मान में मनाया जाता है, जिनका जन्म 5 सितंबर, 1888 को हुआ था।
2. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया।
3. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के पहले राष्ट्रपति और दूसरे उपराष्ट्रपति थे।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन:**

- **शिक्षक दिवस** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सम्मान में मनाया जाता है, जिनका जन्म 5 सितंबर, 1888 को हुआ था। **अत: कथन 1 सही है।**
- डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान **भारत रत्न से सम्मानित किया गया। अत: कथन 2 सही है।**
- डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के **पहले उपराष्ट्रपति** और देश के **दूसरे राष्ट्रपति थे। अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सेफ हार्बर प्रावधान के अनुसार, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को यूज़र द्वारा सृजित कॉन्टेंट के लिये कानूनी रूप से उत्तरदायी नहीं ठहराया जाता है, जब तक कि वे चिह्नित आपत्तिजनक कॉन्टेंट को हटाने या संबोधित करने के लिये कार्य करते हैं।
2. भारत में सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के अनुसार 5 मिलियन से अधिक यूज़र्स वाली सोशल मीडिया कंपनियों को एक मुख्य अनुपालन अधिकारी नियुक्त करना आवश्यक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सेफ **हार्बर प्रावधान**, जो सभी अधिकार क्षेत्रों में लागू होता है, यह सुनिश्चित करता है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूज़र द्वारा सृजित कॉन्टेंट के लिये कानूनी रूप से उत्तरदायी नहीं हैं, बशर्ते वे चिह्नित आपत्तिजनक सामग्री को हटाने या संबोधित करने के लिये कदम उठाएँ। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **भारत में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 79** के अंतर्गत सगे हार्बर प्रावधान प्रस्तुत किये गए हैं, जिसमें कहा गया है कि मध्यस्थों को **तीसरे पक्ष की ओर से** उनके

द्वारा प्रदान या होस्ट की गई किसी भी जानकारी, डेटा या संचार लिंक **के लिये उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है।**

- भारत में **सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के** अनुसार 5 मिलियन से अधिक यूज़र्स वाली सोशल मीडिया कंपनियों को एक मुख्य अनुपालन अधिकारी नियुक्त करना आवश्यक है। **अतः कथन 2 सही है।**

**35. कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के उपयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डिजिटल कृषि मिशन डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना की नींव पर बनाया गया है और इसका उद्देश्य नवीनतम तकनीकी प्रगति का दोहन करना है।
2. एग्रीस्टैक किसानों पर केंद्रित एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो उनकी जनसांख्यिकी, भूमि, फसलों, पशुधन आदि पर विस्तृत व सत्यापित डेटाबेस तैयार करता है।
3. कृषि निर्णय सहायता प्रणाली फसलों, मृदा, मौसम और जल संसाधनों पर जानकारी को एकीकृत करके एक व्यापक भू-स्थानिक प्रणाली प्रदान करेगी।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- डिजिटल **कृषि मिशन** डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना की नींव पर बनाया गया है और इसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने के लिये नवीनतम तकनीकी प्रगति का दोहन करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **एग्रीस्टैक एक किसान-केंद्रित डिजिटल बुनियादी ढाँचा है** जो किसान जनसांख्यिकी, भूमि जोत, बोई गई फसलें, पशुधन स्वामित्व और योजनाओं तथा लाभों के विवरण सहित व्यापक व प्रमाणित डेटाबेस तैयार करेगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- कृषि **निर्णय सहायता प्रणाली** फसलों, मृदा, मौसम और जल संसाधनों पर जानकारी को एकीकृत करके एक व्यापक भू-स्थानिक प्रणाली प्रदान करेगी। **अतः कथन 3 सही है।**

**36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किरणन (Irradiation) एक ऐसी विधि है जिसमें अनियंत्रित पराबैंगनी विकिरण का उपयोग करके खाद्य पदार्थों में हानिकारक सूक्ष्मजीवों को नष्ट किया जाता है, जिससे खाद्य जनित बीमारियों का जोखिम कम हो जाता है।
2. खाद्य किरणन प्रौद्योगिकी कृषि-खाद्य उत्पादों को लंबे समय तक ताज़ा रखने में मदद करती है, अपशिष्ट को कम करती है और यह सुनिश्चित करती है कि वे उपभोक्ताओं तक अच्छी स्थिति में पहुँचे।
3. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (MoFPI) खाद्य किरणन इकाइयों की स्थापना के लिये प्रति परियोजना 10 करोड़ रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

**खाद्य किरणनः**

- किरणन (Irradiation) एक ऐसी विधि है जो भोजन में हानिकारक सूक्ष्मजीवों को मारने के लिये **नियंत्रित आयनकारी विकिरण का उपयोग करती है**, जिससे भोजन जनित बीमारियों का जोखिम कम हो जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- खाद्य विकिरण प्रौद्योगिकी **कृषि खाद्य उत्पादों को लंबे समय तक ताज़ा रखने**, अपशिष्ट को कम करने और यह सुनिश्चित करने में मदद करती है कि वे उपभोक्ताओं तक अच्छी स्थिति में पहुँचें। **अतः कथन 2 सही है।**
- **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ( MoFPI )** खाद्य विकिरण इकाइयों की स्थापना के लिये प्रति परियोजना 10 करोड़ रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्तमान में भारत की केवल आधी कृषि भूमि ही सिंचित है और वह भी अधिकांशतः भूजल से तथा भूजल के अत्यधिक उपयोग के कारण जल स्तर में अभूतपूर्व गिरावट आई है।
2. सूक्ष्म सिंचाई, विशेषकर ड्रिप प्रणाली, सिंचाई और उर्वरक लागत में कमी लाती है तथा फल एवं सब्जियों की पैदावार बढ़ाती है।
3. हमारी लगभग 10% भूमि जलभराव, मृदा लवणता, रासायनिक प्रदूषण और पोषक तत्त्वों के ह्रास के कारण क्षरित हो चुकी है।

नोट :

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वर्तमान में, भारत की खेती की जाने वाली भूमि का केवल आधा हिस्सा ही सिंचित है, वह भी अधिकांशत: भूजल से और अत्यधिक उपयोग के कारण जल स्तर में अभूतपूर्व गिरावट आई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **सूक्ष्म सिंचाई**, विशेष रूप से ड्रिप प्रणाली, सिंचाई और उर्वरक लागत में कमी करते हैं तथा फलों एवं सब्जियों की पैदावार को बढ़ाते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- हमारी लगभग 37% भूमि जलभराव, मृदा लवणता, रासायनिक प्रदूषण और पोषक तत्त्वों के ह्रास के कारण क्षरित हो चुकी है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 अनुकूल शिक्षा, अंत:विषयक ज्ञान, बहुभाषावाद, प्रौद्योगिकी और समावेशिता पर ज़ोर देती है।
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति की आलोचना इस कारण की जाती है कि इसमें शिक्षकों के प्रशिक्षण और विकास पर ज़ोर नहीं दिया गया है।
3. निष्ठा कार्यक्रम शिक्षकों की क्षमता में सुधार लाने हेतु शुरू किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020:**

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020 अनुकूल शिक्षा, अंत:विषयक ज्ञान, बहुभाषावाद, प्रौद्योगिकी और समावेशिता पर ज़ोर देती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति **शिक्षकों के प्रशिक्षण** एवं विकास पर ज़ोर देती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- शिक्षकों की क्षमता में सुधार के लिये स्कूली शिक्षा में सभी स्तरों पर शिक्षकों हेतु एक एकीकृत शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम **निष्ठा की शुरुआत की गई है। अत: कथन 3 सही है।**

**39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** पिछले चार दशकों में जैव प्रौद्योगिकी ने नए टीकों और नई फसल किस्मों से लेकर सूक्ष्मजीवों का उपयोग करके पर्यावरणीय स्वच्छता तक के अनुप्रयोगों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है।

**कथन-II:** अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोज़गार के लिये जैव प्रौद्योगिकी (Biotechnology for Economy, Environment and Employment- BioE3) नीति का उद्देश्य अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का अनुसरण सुनिश्चित करने तथा जैव-आधारित उच्च-मूल्य उत्पादों के विकास एवं उत्पादन में तेज़ी लाने के लिये एक रूपरेखा प्रस्तुत करना है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पिछले चार दशकों में, जैव प्रौद्योगिकी ने नए **टीकों** और **नई फसल किस्मों से लेकर** सूक्ष्मजीवों का उपयोग करके पर्यावरणीय स्वच्छता तक के अनुप्रयोगों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। **अत: कथन-I सही है।**
- **अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोज़गार के लिये जैव प्रौद्योगिकी (Biotechnology for Economy, Environment and Employment- BioE3) नीति** का उद्देश्य अत्याधुनिक तकनीकों का अनुसरण सुनिश्चित करने तथा जैव-आधारित उच्च-मूल्य वाले उत्पादों के विकास एवं उत्पादन में तेज़ी लाने के लिये एक रूपरेखा प्रस्तुत करना है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

नोट :

**40. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** क्रिटिकल मिनरल मिशन का उद्देश्य घरेलू और विदेशी स्रोतों से खनिज उपलब्धता सुनिश्चित करके देश की क्रिटिकल मिनरल आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करना है।

**कथन-II:** खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2023 ने छह खनिजों को परमाणु सूची से हटा दिया है, जिससे भारत में निजी कंपनियों को उनका अन्वेषण करने की अनुमति मिल गई।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **क्रिटिकल मिनरल मिशन का** उद्देश्य घरेलू और विदेशी स्रोतों से खनिज उपलब्धता सुनिश्चित करके देश की क्रिटिकल मिनरल आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करना है। **अत: कथन-I सही है।**
- खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2023 ने परमाणु सूची से **छह खनिजों को हटा दिया, जिससे भारत में निजी कंपनियों को उनका अन्वेषण करने की अनुमति मिल गई। अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

**41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्राथमिक घाटा सरकार के ऋण पर ब्याज भुगतान को छोड़कर राजकोषीय घाटा है।
2. राजकोषीय घाटे में कमी आमतौर पर सरकारी खर्च में वृद्धि से जुड़ी होती है।
3. राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2003 में वर्ष 2024-25 तक सामान्य (संयुक्त) सरकारी ऋण को सकल घरेलू उत्पाद के 40% तक कम करने का लक्ष्य रखा गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **प्राथमिक घाटा** सरकार के ऋण पर ब्याज भुगतान को छोड़कर राजकोषीय घाटा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- राजकोषीय घाटे में कमी आमतौर पर **सरकारी खर्च में कमी या राजस्व में वृद्धि से जुड़ी** होती है, न कि सरकारी खर्च में वृद्धि से। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2003** में वर्ष 2024-25 तक सामान्य (संयुक्त) सरकारी ऋण को **सकल घरेलू उत्पाद के 60%** तक कम करने का लक्ष्य रखा गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कश्मीर हिमालय के उत्तरपूर्वी भाग में एक ठंडा रेगिस्तान है जो महान हिमालय और पीर पंजाल पर्वतमाला के बीच स्थित है।
2. बनिहाल दर्रा पीर पंजाल पर्वतमाला पर स्थित है।
3. कश्मीर हिमालय करेवा संरचनाओं के लिये प्रसिद्ध है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **कश्मीर हिमालय का उत्तरपूर्वी भाग** एक ठंडा रेगिस्तान है, जो **ग्रेटर हिमालय और काराकोरम पर्वतमाला के बीच स्थित** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **बनिहाल दर्रा पीर पंजाल पर्वतमाला** पर स्थित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **कश्मीर हिमालय करेवा संरचनाओं** के लिये प्रसिद्ध है, जो केसर की एक स्थानीय किस्म **ज़ाफरान** की खेती हेतु उपयोगी हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**43. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वर्ष 2019 में भारतीय चिकित्सा परिषद के स्थान पर गठित एक कार्यकारी निकाय है।
2. यह चिकित्सा शिक्षा में उच्च गुणवत्ता और उच्च मानकों को बनाए रखने के लिये नीतियाँ निर्मित करता है तथा आवश्यक नियम बनाता है।
3. यह स्वायत्त बोर्डों के निर्णयों के संबंध में अपीलीय क्षेत्राधिकार का प्रयोग करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) एक **वैधानिक निकाय है** जिसका गठन संसद के एक अधिनियम द्वारा किया गया है जिसे **राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019** के रूप में जाना जाता है। इसने भारतीय चिकित्सा परिषद का स्थान लिया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह चिकित्सा शिक्षा में उच्च गुणवत्ता और उच्च मानकों को बनाए रखने के लिये नीतियाँ निर्धारित करता है **तथा इस संबंध में आवश्यक नियम बनाता है। अतः कथन 2 सही है।**
- यह स्वायत्त बोर्डों के निर्णयों के संबंध में अपीलीय क्षेत्राधिकार का प्रयोग करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आसियान की स्थापना वर्ष 1967 में बैंकॉक घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर के साथ हुई थी।
2. आसियान आर्थिक, राजनीतिक, सैन्य और सांस्कृतिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित करता है।
3. पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (EAS) में आसियान सदस्यों के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, रूस और कनाडा जैसे देश संवाद भागीदार के रूप में शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- आसियान की स्थापना वर्ष 1967 में **बैंकॉक घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर के साथ हुई थी। अतः कथन 1 सही है।**
- आसियान का कोई औपचारिक **सैन्य गठबंधन नहीं है।** यह आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सहयोग पर अधिक ध्यान केंद्रित करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (EAS)** में 18 सदस्य हैं, जिनमें 10 आसियान सदस्य और **आठ संवाद साझेदार** (ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, न्यूज़ीलैंड, कोरिया गणराज्य, रूस एवं संयुक्त राज्य अमेरिका) शामिल हैं।
- कनाडा न तो EAS का सदस्य है और न ही संवाद साझेदार है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंतर्निहित मुद्रास्फीति से तात्पर्य उस मुद्रास्फीति से है जो मौद्रिक नीति में परिवर्तन, जैसे ब्याज दर समायोजन के परिणामस्वरूप उत्पन्न होती है।
2. मुद्रास्फीतिजनित मंदी एक आर्थिक स्थिति है जिसमें उच्च मुद्रास्फीति, धीमी आर्थिक वृद्धि और उच्च बेरोज़गारी होती है।
3. उच्च मुद्रास्फीति के कारण आमतौर पर ब्याज दरें कम हो जाती हैं, क्योंकि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने का प्रयास करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **अंतर्निहित मुद्रास्फीति**, जिसे मज़दूरी-मूल्य मुद्रास्फीति के रूप में भी जाना जाता है, भविष्य की मुद्रास्फीति की अपेक्षाओं से प्रेरित होती है और **यह व्यवसायों द्वारा मज़दूरी तथा कीमतों के समायोजन से संबंधित होती है,** न कि सीधे मौद्रिक नीति में बदलाव से। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **मुद्रास्फीतिजनित** मंदी एक आर्थिक स्थिति है जिसमें **उच्च मुद्रास्फीति, धीमी आर्थिक वृद्धि और उच्च बेरोज़गारी** होती है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- **उच्च मुद्रास्फीति** अक्सर **उच्च ब्याज दरों** की ओर ले जाती है क्योंकि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति के दबाव को नियंत्रित करने के लिये दरें बढ़ाते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**46. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में कंपनी अधिनियम, 2013 CSR व्यय को अनिवार्य बनाता है जिससे यह परिभाषित ढाँचे के साथ ऐसा करने वाला पहला देश बन गया है।
2. CSR प्रावधान उन कंपनियों पर लागू होते हैं जिनका वार्षिक कारोबार 1,000 करोड़ रुपए या उससे अधिक है, जिनकी कुल संपत्ति 500 करोड़ रुपए या उससे अधिक है या जिनका निवल लाभ 5 करोड़ रुपए या उससे अधिक है।
3. अधिनियम के अनुसार कंपनियों को विगत तीन वर्षों में अपने औसत निवल लाभ का 2% CSR गतिविधियों पर व्यय करना अनिवार्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत में **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR)** की अवधारणा **कंपनी अधिनियम, 2013 के खंड 135** द्वारा शासित है, जो इसे CSR व्यय को अनिवार्य करने और संभावित CSR गतिविधियों की पहचान करने के लिये एक रूपरेखा प्रदान करने वाला **विश्व का पहला देश** बनाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अधिनियम के भीतर CSR प्रावधान **1,000 करोड़ रुपए या उससे अधिक के वार्षिक कारोबार** वाली कंपनियों या **500 करोड़ रुपए या उससे अधिक की निवल संपत्ति** या **5 करोड़ रुपए या उससे अधिक का निवल लाभ** वाली कंपनियों पर लागू होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह अधिनियम, कंपनियों को विगत तीन वर्षों में अपने औसत **निवल लाभ का 2%** CSR गतिविधियों पर व्यय करना अनिवार्य बनाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**47. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 2014 में विस्तारित टीकाकरण कार्यक्रम (EPI) शुरू किया गया था।
2. सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) बच्चों और गर्भवती महिलाओं को 12 वैक्सीन-रोकथाम योग्य बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे मृत्यु दर एवं रुग्णता में कमी आती है।
3. मिशन इंद्रधनुष को पूर्ण टीकाकरण कवरेज को 90% तक बढ़ाने हेतु वर्ष 2015 में शुरू किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत में **टीकाकरण कार्यक्रम** 1978 में **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** द्वारा **'विस्तारित टीकाकरण कार्यक्रम (EPI)'** के रूप में शुरू किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - वर्ष 1985 में कार्यक्रम के नाम में परिवर्तन कर इसे **'सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP)'** कर दिया गया।
- **सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP)** के अंतर्गत बच्चों और गर्भवती महिलाओं को **12 वैक्सीन-रोकथाम योग्य बीमारियों** से सुरक्षा हेतु टीकाकरण की सुविधा प्रदान की जाती है, जिससे मृत्यु दर एवं रुग्णता कम होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **मिशन इंद्रधनुष** को **वर्ष 2015** में **पूर्ण टीकाकरण कवरेज को 90% तक बढ़ाने** के लिये लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

**48. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय वायु (प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत राष्ट्रव्यापी वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) को लागू करता है।
2. NCAP का लक्ष्य वर्ष 2017 को आधार वर्ष के रूप में उपयोग करते हुए वर्ष 2024 तक PM10 और PM2.5 के स्तर को 50% तक कम करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB)** द्वारा **वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981** के अनुरूप एवं **विशेष रूप से अधिनियम की धारा 16 (2) (b)** के प्रावधान के साथ **राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP)** के फ्रेमवर्क के अंतर्गत वायु प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण तथा उन्मूलन के लिये राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम को क्रियान्वित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**, भारत सरकार ने **जनवरी, 2019 में** देश भर में वायु प्रदूषण की समस्या से व्यापक तरीके से निपटने के लिये एक दीर्घकालिक, समयबद्ध, राष्ट्रीय स्तर की रणनीति के रूप में **NCAP लॉन्च किया।**
- NCAP का लक्ष्य वर्ष 2017 को आधार वर्ष के रूप में उपयोग करते हुए वर्ष 2024 तक PM10 और PM2.5 के स्तर को **20-30% तक कम करना** है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **अत: विकल्प D सही है।**

**49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) (PoSH) अधिनियम, 2013 भारत सरकार द्वारा 2013 में विशाखा दिशा-निर्देशों के आधार पर अधिनियमित एक कानून है।
2. PoSH अधिनियम, 2013 ने शिकायत निवारण के लिये एक रोज़गार न्यायाधिकरण की स्थापना को अनिवार्य किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : A**

**व्याख्या:**

- **कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) (PoSH) अधिनियम, 2013** कार्यस्थल पर महिलाओं द्वारा सामना किये जाने वाले यौन उत्पीड़न के मुद्दे को हल करने हेतु वर्ष 2013 में भारत सरकार द्वारा अधिनियमित एक कानून है। यह **विशाखा दिशा-निर्देशों पर आधारित है। अत: कथन 1 सही है।**
- **कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न पर न्यायमूर्ति वर्मा समिति ने आंतरिक शिकायत समिति (ICC)** के बजाय एक रोज़गार न्यायाधिकरण स्थापित करने की सिफारिश की।
    - (PoSH) अधिनियम, 2013 के अनुसार नियोक्ताओं को यौन उत्पीड़न की शिकायतों को प्राप्त करने और उन्हें हल करने के लिये 10 या अधिक कर्मचारियों वाले प्रत्येक कार्यस्थल पर एक आंतरिक शिकायत समिति (ICC) का गठन करना आवश्यक है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण (चरण II) का लक्ष्य 2024-25 तक ODF स्थिति प्राप्त करना, अपशिष्ट प्रबंधन करना है।
2. वर्ष 2019 में शुरू किये गए जल जीवन मिशन का लक्ष्य 2024 तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण घर में पानी उपलब्ध कराना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण (SBM) चरण II (2019-2025) को 2024-25** तक ODF स्थिति को बनाए रखने और ठोस एवं तरल अपशिष्ट का प्रबंधन करने तथा सभी गाँवों को ODF से ODF प्लस मॉडल में बदलने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 2019 में लॉन्च किये गए जल जीवन मिशन में **2024 तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर पानी** की आपूर्ति की परिकल्पना की गई है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

**51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आयुष्मान भारत-PMJAY प्राथमिक और द्वितीयक देखभाल के लिये प्रति परिवार 5 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान करता है।
2. आयुष्मान भारत-PMJAY एक पात्रता-आधारित योजना है, जो नवीनतम सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (SECC) आँकड़ों के आधार पर पहचाने गए लाभार्थियों को लक्षित करती है।
3. राज्य सरकारों के साथ मिलकर PM-JAY के प्रभावी कार्यान्वयन के लिये राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) का गठन एक वैधानिक निकाय के रूप में किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल 3
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **आयुष्मान भारत-PMJAY माध्यमिक देखभाल और तृतीयक देखभाल** के लिये प्रति परिवार 5 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह एक पात्रता-आधारित योजना है जो नवीनतम **सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (SECC)** डेटा द्वारा पहचाने गए लाभार्थियों को लक्षित करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA)** का गठन राज्य सरकारों के साथ गठबंधन में PM-JAY के प्रभावी कार्यान्वयन के लिये **सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860** के तहत एक स्वायत्त इकाई के रूप में किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**52. भारतीय संविधान में निहित मौलिक अधिकारों के संबंध में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. निजता का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित है, जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा की गारंटी देता है।
2. 91वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 द्वारा प्रस्तुत शिक्षा का अधिकार अनुच्छेद 21A के अनुसार 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये एक मौलिक अधिकार है।
3. संविधान के अनुच्छेद 359 के तहत राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3
C. केवल 1
D. केवल 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **निजता का अधिकार** भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 21 के** तहत संरक्षित है, जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा की गारंटी देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **के.एस. पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ (2017)** मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गोपनीयता के अधिकार को **मौलिक अधिकार** के रूप में मान्यता दी गई है।
- 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 द्वारा प्रस्तुत **शिक्षा का अधिकार अनुच्छेद 21A** के अनुसार 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये एक **मौलिक अधिकार** है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- अनुच्छेद 359 के तहत, **राष्ट्रपति को राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान मौलिक अधिकारों** के प्रवर्तन के लिये किसी भी न्यायालय में जाने के अधिकार को आदेश द्वारा निलंबित करने का अधिकार है। इस प्रकार, उपचारात्मक उपायों को निलंबित किया जाता है, न कि मौलिक अधिकारों को। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत संचालित एक वैधानिक निकाय है।
2. सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 भारत में फिल्म प्रदर्शनों को नियंत्रित करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे सामाजिक मानदंडों और राष्ट्रीय हितों के साथ संरेखित हों।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत संचालित एक वैधानिक निकाय है, जिसे सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 के अनुसार फिल्मों के सार्वजनिक प्रदर्शन को विनियमित करने का कार्य सौंपा गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 को भारत में फिल्म प्रदर्शनों को विनियमित करने हेतु संसद द्वारा अधिनियमित किया गया था, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे राष्ट्रीय अखंडता, सार्वजनिक व्यवस्था और नैतिकता जैसे सामाजिक मानदंडों एवं सिद्धांतों का पालन करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. समग्र शिक्षा योजना स्कूली शिक्षा के लिये एक एकीकृत योजना है, जो प्री-स्कूल से लेकर कक्षा 12 तक के संपूर्ण दायरे को शामिल करती है।
2. इसमें सर्व शिक्षा अभियान (SSA), राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA) और शिक्षक प्रशिक्षण (TE) की तीन योजनाओं को शामिल किया गया है।
3. यह वर्ष 2018 में शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3
C. केवल 1
D. केवल 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **समग्र शिक्षा योजना** स्कूली शिक्षा के लिये एक एकीकृत योजना है जो प्री-स्कूल से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी पहलुओं को शामिल करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें **सर्व शिक्षा अभियान (SSA), राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA) और शिक्षक प्रशिक्षण (TE)** की तीन योजनाएँ शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह वर्ष 2018 में शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक **केंद्र प्रायोजित योजना** है। इसमें केंद्र और अधिकांश राज्यों के बीच वित्त पोषण में 60:40 का विभाजन शामिल है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**55. उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (PLI) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह योजना भारत में निर्मित उत्पादों की बिक्री में वृद्धि पर कंपनियों को प्रोत्साहन प्रदान करती है।
2. निर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक घटकों के लिये, लक्ष्य खंड में आवेदक का समेकित वैश्विक विनिर्माण राजस्व आधार वर्ष में 50 करोड़ रुपए से अधिक होना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **'उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (PLI)' योजना** कंपनियों को भारत में निर्मित उत्पादों की बिक्री में वृद्धि पर प्रोत्साहन प्रदान करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- निर्दिष्ट **इलेक्ट्रॉनिक घटकों** के लिये लक्ष्य खंड में आवेदक (इसकी समूह कंपनियों सहित) का समेकित वैश्विक विनिर्माण राजस्व आधार वर्ष में 50 करोड़ रुपए से अधिक होना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**

**56. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1975 में स्थापित RRB का उद्देश्य छोटे किसानों, मज़दूरों, कारीगरों और छोटे उद्यमियों को ऋण एवं सुविधाएँ प्रदान करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है।
2. वे भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा विनियमित और पर्यवेक्षित हैं।
3. RRB का स्वामित्व भारत सरकार और राज्य सरकार के पास है तथा इनकी इक्विटी हिस्सेदारी 50% है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1
C. केवल 3
D. केवल 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अध्यादेश और **क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976** के तहत वर्ष 1975 में स्थापित, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB) का

नोट :

उद्देश्य छोटे किसानों, मज़दूरों, कारीगरों तथा छोटे उद्यमियों को ऋण एवं सुविधाएँ प्रदान करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 1 सही है।**

- **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को नियंत्रित करता है, जबकि राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक उनकी निगरानी करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- RRB का स्वामित्व **भारत सरकार, संबंधित राज्य सरकार और प्रायोजक वाणिज्यिक बैंक** के पास संयुक्त रूप से होता है, जिनकी इक्विटी हिस्सेदारी क्रमश: 50, 15 व 35% होती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**57. दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (ASEAN) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. आसियान क्षेत्रीय मंच (ARF) आसियान समझौतों और निर्णयों के कार्यान्वयन की देख-रेख करता है।
2. आसियान समन्वय परिषद (ACC) आसियान सदस्य देशों और उनके साझेदारों के बीच राजनीतिक एवं सुरक्षा मुद्दों पर बातचीत व सहयोग के लिये एक मंच है।
3. मैत्री एवं सहयोग संधि (TAC), 1976 ने आसियान के सदस्य देशों के बीच शांतिपूर्ण संबंधों और सहयोग के लिये एक रूपरेखा स्थापित की।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या :**

- **आसियान समन्वय परिषद (ACC) आसियान समझौतों और निर्णयों** के कार्यान्वयन की देख-रेख करता है । **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **आसियान क्षेत्रीय मंच (ARF) आसियान** सदस्य देशों और उनके भागीदारों के बीच राजनीतिक एवं सुरक्षा मुद्दों पर बातचीत व सहयोग के लिये एक मंच है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **मैत्री एवं सहयोग संधि (TAC), 1976 ने** सदस्य देशों के बीच शांतिपूर्ण संबंधों और सहयोग के लिये एक रूपरेखा स्थापित की। **अत: कथन 3 सही है।**

**58. भारत TB रिपोर्ट 2024 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2023 में TB की अनुमानित घटना वर्ष 2022 के अनुमान की तुलना में थोड़ी कम हो गई।
2. भारत ने वर्ष 2023 तक इस संक्रमण से पीड़ित 95% रोगियों का उपचार शुरू करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या :**

- **TB रिपोर्ट 2024:**
  - **वर्ष 2023** में **TB** के अनुमानित मामले पिछले वर्ष के **27.4 लाख के अनुमान से** थोड़ा बढ़कर **27.8 लाख हो गए। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत ने **वर्ष 2023 तक** संक्रमण से पीड़ित **95% रोगियों का** उपचार शुरू करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **वर्ष 2023** में दर्ज मामलों और मृत्यु की संख्या देश द्वारा निर्धारित लक्ष्यों से कम रही।

**59. 'क्षय रोग (TB)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. TB रोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण होता है, जो माइकोबैक्टीरियासी से संबंधित है।
2. TB एक बहुत प्राचीन बीमारी है और ऐसा माना जाता है कि यह मिस्र में 3000 ईसा पूर्व से ही मौजूद थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या :**

- **'क्षय रोग (TB), माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस** नामक जीवाणु के कारण होता है , जो **माइकोबैक्टीरियासी से**

नोट :

**संबंधित है** जिसमें लगभग **200 सदस्य हैं। अत: कथन 1 सही है।**

- TB **एक बहुत प्राचीन बीमारी है और मिस्र में 3000 ईसा पूर्व** से ही इसका अस्तित्व होने का प्रमाण मिलता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत में **बैसिलस कैलमेट-ग्यूरिन (BCG) वैक्सीन को पहली बार वर्ष 1948 में सीमित पैमाने पर पेश किया गया था और वर्ष 1962** में **यह राष्ट्रीय TB नियंत्रण कार्यक्रम** का हिस्सा बन गया।

**60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के राष्ट्रीय (TB) उन्मूलन कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 2025 तक टीबी महामारी को समाप्त करना है।
2. क्षय रोग के उपचार के लिये दो टीके वैक्सीन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट (VPM) 1002 और माइकोबैक्टीरियम इंडिकस प्रानी (MIP) विकसित किये गए हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या :**

- **भारत के राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का** उद्देश्य वर्ष 2030 के **सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) से पाँच वर्ष पूर्व, वर्ष 2025** तक देश से **टीबी महामारी को समाप्त करना है। अत: कथन 1 सही है।**
- क्षय रोग के उपचार के लिये दो टीके **वैक्सीन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट (VPM) 1002** और **माइकोबैक्टीरियम इंडिकस प्रानी (MIP) विकसित किये गए हैं । अत: कथन 2 सही है।**

**61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चोल (8वीं-12वीं शताब्दी ई.) को भारत के दक्षिणी क्षेत्रों में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले राजवंशों में से एक के रूप में याद किया जाता है।
2. चोल साम्राज्य की स्थापना विजयालय ने की थी, जिसने 8वीं शताब्दी में तंजौर राज्य पर अधिकार कर लिया और पांड्यों को हराकर शक्तिशाली चोलों के उदय का नेतृत्व किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या :**

- चोल **(8वीं-12वीं शताब्दी ई.) को** भारत के दक्षिणी क्षेत्रों में **सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले राजवंशों** में से एक के रूप में याद किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- चोल **साम्राज्य की स्थापना विजयालय** ने की थी, जिसने 8वीं शताब्दी में तंजौर साम्राज्य पर अधिकार कर लिया और पल्लवों को हराकर शक्तिशाली चोलों के उदय का नेतृत्व किया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**62. 'गैर-कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (UAPA), 1967' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे पहली बार वर्ष 1967 में अलगाववादी आंदोलनों और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से निपटने के उद्देश्य से लागू किया गया था।
2. UAPA आतंकवादी गतिविधियों के लिये अधिकतम सज़ा के रूप में मृत्युदंड के बजाय आजीवन कारावास का प्रावधान करता है।
3. यह विधेयक राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA) को पूरे देश में UAPA के तहत मामलों की जाँच और मुकदमा चलाने का अधिकार देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या :**

- **गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (UAPA), 1967:**
  - इसे पहली बार वर्ष 1967 में अलगाववादी आंदोलनों और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से निपटने के लिये लागू किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- UAPA में आतंकवादी कृत्यों के लिये उच्चतम दंड के रूप में **मृत्युदंड** और **आजीवन कारावास का प्रावधान है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह **राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA) को** पूरे देश में **UAPA** के तहत मामलों की जाँच और मुकदमा चलाने का अधिकार देता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**63. 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. भारत के प्रधानमंत्री ने एक्ट ईस्ट पॉलिसी (4C) के चार स्तंभों अर्थात् सांस्कृतिक आदान-प्रदान, वाणिज्यिक संबंध, कनेक्टिविटी संवर्द्धन और क्षमता निर्माण पर ज़ोर दिया।
2. एक्ट ईस्ट पॉलिसी आसियान देशों के साथ जुड़ाव, आर्थिक एकीकरण, पूर्वी एशियाई देशों के साथ साझेदारी और संवर्द्धित सुरक्षा सहयोग पर ज़ोर देती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या :**

**एक्ट ईस्ट पॉलिसी:**

- यह विभिन्न स्तरों पर विस्तृत **एशिया-प्रशांत क्षेत्र के साथ आर्थिक, सामरिक** और **सांस्कृतिक संबंधों को** बढ़ावा देने की एक कूटनीतिक पहल है ।
- **भारत के प्रधानमंत्री ने** एक्ट ईस्ट पॉलिसी के चार स्तंभों **अर्थात् सांस्कृतिक आदान-प्रदान, वाणिज्यिक संबंध, कनेक्टिविटी संवर्द्धन और क्षमता निर्माण पर ज़ोर दिया। अत: कथन 1 सही है।**
  - एक्ट **ईस्ट पॉलिसी आसियान देशों** के साथ जुड़ाव, आर्थिक एकीकरण, **पूर्वी एशियाई देशों** के साथ साझेदारी और संवर्द्धित **सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर ज़ोर देती है। अत: कथन 2 सही है।**

**64. 'जैन धर्म' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. जैन धर्म छठी शताब्दी ईसा पूर्व में प्रमुखता में आया, जब भगवान महावीर ने इस धर्म का प्रचार किया।
2. इसमें कुल 24 महान तीर्थंकर हुए, जिनमें से प्रथम भगवान महावीर थे।
3. 'जैन' शब्द 'जिन' या 'जैना' से लिया गया है जिसका अर्थ है 'विजेता'।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या :**

- **जैन धर्म छठी शताब्दी ईसा पूर्व** में प्रमुखता में आया, जब **भगवान महावीर ने** धर्म का प्रचार किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- **इस धर्म में कुल 24 महान तीर्थंकर हुए, जिनमें से अंतिम भगवान महावीर थे। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **'जैन'** शब्द **जिन** या **जैना** से लिया गया है जिसका अर्थ है **'विजेता'। अत: कथन 3 सही है।**

**65. 'वस्तु एवं सेवा कर (GST) परिषद' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 279A (1) के अनुसार भारत के राष्ट्रपति द्वारा की गई थी।
2. अनुच्छेद 279A (4) के अंतर्गत परिषद GST से संबंधित महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर संघ और राज्यों से सिफारिश करती है।
3. संविधान का अनुच्छेद 246A GST परिषद को GST से संबंधित मामलों पर कानून बनाने का अधिकार देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **वस्तु एवं सेवा कर (GST) परिषद:**
  - इसे भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 279A (1)** के अनुसार **भारत के राष्ट्रपति** द्वारा स्थापित किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**

- **अनुच्छेद 279 A (4) के अंतर्गत परिषद GST** से संबंधित महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर संघ और राज्यों से सिफारिश करती है, जैसे कि वस्तु एवं सेवाएँ जो GST के अधीन हैं या जिन्हें छूट दी जा सकती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- संविधान का **अनुच्छेद 246A संसद और राज्य विधानसभाओं दोनों को GST** पर कानून बनाने का **साझा अधिकार** देता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**66. 'एंटीहिस्टामाइन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एंटीहिस्टामाइन दवा हिस्टामाइन रिसेप्टर प्रोटीन की गतिविधि के विरुद्ध कार्य करती है, जो शरीर में एसिटाइलकोलाइन नामक पदार्थ के प्रभाव को अवरुद्ध करते हैं।
2. H1 एंटीहिस्टामाइन का उपयोग मामूली एलर्जी के प्रभाव को रोकने के लिये किया जाता है।
3. एंटीहिस्टामाइन सामान्य दवाएँ हैं जिन्हें बिना डॉक्टर के पर्चे के खरीदा जा सकता है और इनका उपयोग अल्पकालिक एलर्जी प्रतिक्रियाओं के इलाज के लिये किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- एंटीहिस्टामाइन **दवा हिस्टामाइन रिसेप्टर प्रोटीन** की गतिविधि के विरुद्ध काम करती है जो शरीर में **हिस्टामाइन** नामक पदार्थ के प्रभाव को अवरुद्ध करते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **H1 एंटीहिस्टामाइन का** उपयोग मामूली एलर्जी के प्रभावों को रोकने के लिये किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- एंटीहिस्टामाइन आम दवाएँ हैं जिन्हें **बिना डॉक्टर के पर्चे के खरीदा जा सकता है** और इनका उपयोग अल्पकालिक एलर्जी प्रतिक्रियाओं के इलाज के लिये किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**67. 'राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना टंडन समिति और राष्ट्रीय पुलिस आयोग की सिफारिशों के आधार पर की गई थी।
2. यह भारतीय और विदेशी अपराधियों के फिंगरप्रिंट रिकॉर्ड के लिये एक "राष्ट्रीय गोदाम" के रूप में कार्य करता है तथा फिंगरप्रिंट खोज के माध्यम से अंतर-राज्यीय अपराधियों का पता लगाने में सहायता करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**'राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB)':**

- **NCRB की स्थापना वर्ष 1986 में अपराध और अपराधियों पर सूचना के भंडार के रूप में कार्य करने के लिये की गई थी**, ताकि **टंडन समिति, राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1981) तथा गृह मंत्रालय (MHA) टास्कफोर्स (1985)** की सिफारिशों के आधार पर अपराध को अपराधियों से जोड़ने में जाँचकर्त्ताओं की सहायता की जा सके। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह भारतीय और **विदेशी अपराधियों के फिंगरप्रिंट रिकॉर्ड** के लिये **"राष्ट्रीय गोदाम" के रूप में भी कार्य करता है** तथा फिंगरप्रिंट खोज के माध्यम से **अंतर-राज्यीय अपराधियों का पता लगाने में सहायता करता है। अत: कथन 2 सही है।**

**68. हेडलाइन मुद्रास्फीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हेडलाइन मुद्रास्फीति किसी अर्थव्यवस्था की कुल मुद्रास्फीति का माप है, जिसमें खाद्य और ऊर्जा जैसी वस्तुओं की कीमतें भी शामिल हैं।
2. हेडलाइन मुद्रास्फीति के आँकड़े उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के माध्यम से रिपोर्ट किये जाते हैं, जो वस्तुओं की एक निश्चित टोकरी की खरीद की लागत की गणना करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

नोट :

**व्याख्या:**

- **हेडलाइन मुद्रास्फीति एक अर्थव्यवस्था की कुल मुद्रास्फीति** का एक उपाय है, जिसमें **खाद्य** और **ऊर्जा की कीमतें** जैसी वस्तुएँ शामिल हैं, जो बहुत अधिक **अस्थिर होती हैं** तथा मुद्रास्फीति में वृद्धि की **संभावना होती है। अत: कथन 1 सही है।**
- **हेडलाइन मुद्रास्फीति का आँकड़ा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)** के माध्यम से रिपोर्ट किया जाता है, जो **वस्तुओं की एक निश्चित टोकरी** खरीदने की लागत की गणना करता है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि व्यापक अर्थव्यवस्था में कितनी मुद्रास्फीति हो रही है। **अत: कथन 2 सही है।**

**69. 'राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अध्यक्ष की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के परामर्श से की जाती है।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) की स्थिति को एक "अद्वितीय" मंच घोषित किया है, जिसे पर्यावरणीय मुद्दों पर स्वप्रेरणा से विचार करने की शक्तियाँ प्राप्त हैं।
3. न्यायाधिकरण सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के तहत निर्धारित प्रक्रिया से बाध्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT):**

- अध्यक्ष **की नियुक्ति केंद्र सरकार** द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के परामर्श से की जाती है **। अत: कथन 1 सही है।**
- अक्तूबर 2021 में **सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) की** स्थिति को एक **"अद्वितीय" मंच के रूप में** घोषित किया, जिसे देश भर में पर्यावरण संबंधी मुद्दों को उठाने के लिये स्वप्रेरणा (स्वयं के प्रस्ताव पर) शक्तियों से संपन्न किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - न्यायाधिकरण **सिविल प्रक्रिया संहिता 1908** के तहत निर्धारित प्रक्रिया से बाध्य नहीं है, बल्कि **'प्राकृतिक न्याय'** के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होगा। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**70. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** गांधीजी ने स्वदेशी आंदोलन को बढ़ावा दिया, जिसने स्थानीय रूप से उत्पादित वस्तुओं और सामग्रियों के उपयोग को प्रोत्साहित किया।

**कथन-II:** गांधीजी के अहिंसक प्रतिरोध (सत्याग्रह) और सविनय अवज्ञा के दर्शन ने लाखों भारतीयों को संगठित किया तथा उन्हें स्वतंत्रता के लिये शांतिपूर्ण लेकिन दृढ़ खोज में एकजुट किया।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- गांधीजी ने **स्वदेशी आंदोलन को बढ़ावा दिया**, जिसने स्थानीय रूप से उत्पादित वस्तुओं और सामग्रियों के उपयोग को प्रोत्साहित किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- गांधीजी के **अहिंसक प्रतिरोध (सत्याग्रह)** और **सविनय अवज्ञा के दर्शन** ने लाखों भारतीयों को संगठित किया, उन्हें स्वतंत्रता के लिये शांतिपूर्ण लेकिन दृढ़ खोज में एकजुट किया। **अत: कथन 2 सही है।**
- अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

**71. डेटा सशक्तिकरण और संरक्षण वास्तुकला (DEPA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. DEPA के अंतर्गत दी गई सहमति स्वतंत्र, सूचित, विशिष्ट, स्पष्ट और निरस्त करने योग्य होगी।
2. गोपनीयता पर भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) की परामर्श रिपोर्ट के बाद दूरसंचार क्षेत्र में भी DEPA लागू किया जा रहा है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना:**

- **DEPA को गुड डेटा गवर्नेंस** के लिये एक विकासशील और गतिशील ढाँचे के रूप में डिज़ाइन किया गया है ।
- DEPA के अंतर्गत दी गई सहमति **स्वतंत्र, सूचित, विशिष्ट, स्पष्ट** और निरस्त करने योग्य होगी। **अतः कथन 1 सही है।**
- गोपनीयता पर **भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) की परामर्श रिपोर्ट** के बाद **दूरसंचार क्षेत्र** में भी DEPA शुरू किया जा रहा है । **अतः कथन 2 सही है।**

**72. 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य सभी भारतीय नागरिकों को डिजिटल स्वास्थ्य ID प्रदान करना है, ताकि अस्पतालों, बीमा कंपनियों और नागरिकों को आवश्यकता पड़ने पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुँच मिल सके।
2. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) कार्यान्वयन एजेंसी है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन:**
  - इसे **सितंबर 2021 में** भारत के प्रधानमंत्री द्वारा एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लॉन्च किया गया था।
  - **इसका उद्देश्य सभी भारतीय नागरिकों को डिजिटल स्वास्थ्य ID** प्रदान करना है, ताकि अस्पतालों, बीमा फर्मों और नागरिकों को आवश्यकता पड़ने पर **इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुँचने में मदद मिल सके। अतः कथन 1 सही है।**
- **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** के अंतर्गत **राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA)** कार्यान्वयन एजेंसी है। **अतः कथन 2 सही है।**

**73. लोक लेखा समिति (PAC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लोक लेखा समिति की स्थापना वर्ष 1921 में हुई थी, जिसका प्रारंभिक उल्लेख मोंटफोर्ड सुधारों में किया गया था।
2. भारत के राष्ट्रपति इस समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति करते हैं।
3. लोक लेखा समिति का गठन प्रत्येक वर्ष लोकसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के तहत किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लोक लेखा समिति (PAC):**

- लोक लेखा समिति की स्थापना 1921 में भारत सरकार अधिनियम, 1919 में पहली बार उल्लेख के बाद की गई थी, जिसे मोंटफोर्ड सुधार भी कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- लोकसभा अध्यक्ष समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- लोक लेखा समिति का गठन प्रत्येक वर्ष लोकसभा के प्रक्रिया और कार्य संचालन नियम 308 के अंतर्गत किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**74. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संवैधानिक योजना में यह परिकल्पना की गई है कि संसद देश के वित्त पर नियंत्रण रखती है।
2. सरकार के सभी खर्चों के लिये विनियोग विधेयक के माध्यम से संसद की पूर्व मंजूरी की आवश्यकता होती है।
3. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) एक संवैधानिक कार्यालय है जो सभी सरकारी विभागों के वित्तीय कामकाज की जाँच और ऑडिट करता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय संवैधानिक योजना में यह परिकल्पना की गई है कि **संसद देश के वित्त पर नियंत्रण** रखती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सरकार के सभी खर्चों के लिये विनियोग विधेयक के माध्यम से संसद की पूर्व मंजूरी की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG)** एक संवैधानिक कार्यालय है जो सभी सरकारी विभागों के वित्तीय कामकाज की जाँच और ऑडिट करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**75. भारतीय संघवाद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान एक द्विसदनीय विधायिका का प्रावधान है जिसमें एक उच्च सदन और एक निचला सदन शामिल है।
2. शक्तियों का विभाजन राज्यों के पक्ष में है और संघीय दृष्टिकोण से अत्यधिक असमान है।
3. अन्य संघों के विपरीत, भारत में राज्यों को क्षेत्रीय अखंडता का कोई अधिकार नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय संघवाद:**

- संविधान में द्विसदनीय विधायिका का प्रावधान है जिसमें एक उच्च सदन (राज्यसभा) और एक निचला सदन (लोकसभा) शामिल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- शक्तियों का विभाजन **केंद्र के पक्ष** में है और संघीय दृष्टिकोण से अत्यधिक असमान है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- अन्य संघों के विपरीत, भारत में राज्यों को क्षेत्रीय अखंडता का कोई अधिकार नहीं है। **अत: कथन 3 सही है।**

**76. सिकल सेल रोग (SCD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक क्रोनिक सिंगल-जीन विकार है, जो दीर्घकालिक एनीमिया और तीव्र दर्दनाक एपिसोड द्वारा चिह्नित एक दुर्बल करने वाले प्रणालीगत सिंड्रोम का कारण बनता है।
2. इसे भारत के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लागू किया जा रहा है।
3. राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष रूप से देश के आदिवासी समुदायों में सिकल सेल रोग के कारण होने वाली प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं से निपटना है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सिकल सेल रोग (SCD):**

- यह एक **क्रोनिक सिंगल-जीन विकार** है जो एक दुर्बल करने वाले प्रणालीगत सिंड्रोम का कारण बनता है, जिसमें क्रोनिक एनीमिया, तीव्र दर्दनाक एपिसोड, अंग रोधगलन और क्रोनिक अंग क्षति तथा जीवन प्रत्याशा में महत्त्वपूर्ण कमी होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- देश भर के 17 उच्च-फोकस वाले राज्यों में कार्यान्वित इस कार्यक्रम का उद्देश्य रोग की व्यापकता को कम करते हुए सभी सिकल सेल रोग, रोगियों की देखभाल और संभावनाओं में सुधार करना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- केंद्रीय बजट 2023 में पेश किया गया **राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम,** विशेष रूप से देश की आदिवासी आबादी के बीच सिकल सेल रोग से उत्पन्न महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने पर केंद्रित है। **अत: कथन 3 सही है।**

**77. गिग श्रमिकों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 गिग श्रमिकों को एक अलग श्रेणी के रूप में मान्यता देती है और उनके लिये सामाजिक सुरक्षा लाभों के विस्तार की परिकल्पना करती है।

2. वेतन संहिता, 2019 गिग वर्क को छोड़कर सभी क्षेत्रों पर लागू होती है और राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन की नींव रखती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**गिग श्रमिक:**

- **सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020** गिग श्रमिकों को एक अलग श्रेणी के रूप में मान्यता देती है और उनके लिये सामाजिक सुरक्षा लाभों के विस्तार की परिकल्पना करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **वेतन संहिता, 2019 गिग वर्क सहित सभी क्षेत्रों** पर लागू होती है और राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन की नींव रखती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**78. PM स्वनिधि योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2020 में एक केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में शुरू की गई, यह महामारी लॉकडाउन से प्रभावित सड़क विक्रेताओं को संपार्श्विक-मुक्त कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करती है।
2. यह योजना केवल उन राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लाभार्थियों के लिये उपलब्ध है, जिन्होंने स्ट्रीट वेंडर्स अधिनियम, 2014 के तहत नियमों और योजना को अधिसूचित किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**PM स्वनिधि योजना:**

- वर्ष 2020 में **केंद्रीय क्षेत्र की योजना** के रूप में शुरू की गई यह योजना **महामारी लॉकडाउन** से प्रभावित स्ट्रीट वेंडर्स को संपार्श्विक-मुक्त कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह योजना केवल उन राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लाभार्थियों के लिये उपलब्ध है, जिन्होंने **स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग विनियमन) अधिनियम, 2014** के तहत नियम एवं योजना अधिसूचित की है। **अतः कथन 2 सही है।**

**79. चावल के प्रत्यक्ष बीजारोपण (DSR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. DSR खेतों में बाढ़ की आवश्यकता को समाप्त करता है, पानी के उपयोग में 40% तक की कटौती करता है।
2. DSR ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में उल्लेखनीय वृद्धि करता है, जिससे जलवायु परिवर्तन को कम करने के वैश्विक प्रयासों में बाधा उत्पन्न होती है।
3. DSR मिट्टी के पोषण में सुधार कर सकता है और कटाव से बचने में मदद भी कर सकता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**चावल का प्रत्यक्ष बीजारोपण (DSR):**

- DSR खेतों में बाढ़ की आवश्यकता को समाप्त करता है, पानी के उपयोग में 40% तक की कटौती करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- DSR भी इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है **ग्रीनहाउस गैस को कम करना** उत्सर्जन वैश्विक जलवायु परिवर्तन शमन प्रयासों में योगदान दे रहा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- DSR मिट्टी के पोषण में सुधार कर सकता है और कटाव से बचने में मदद भी कर सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**80. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** डीप टेक से तात्पर्य उन स्टार्ट-अप की श्रेणी से है जो वैज्ञानिक खोज और इंजीनियरिंग के माध्यम से प्रभाव उत्पन्न करते हैं।

**कथन-II:** अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन, समर्पित 1 लाख करोड़ के कोष के साथ, राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ गहन तकनीकी नवाचारों को सुनिश्चित करने के लिये विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान में भारी निवेश कर रहा है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**डीप टेक:**

- **डीप टेक** से तात्पर्य उन स्टार्ट-अप की श्रेणी से है जो वैज्ञानिक खोज और इंजीनियरिंग के माध्यम से प्रभाव उत्पन्न करते हैं। **अतः कथन-I सही है।**
- **अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन,** समर्पित 1 लाख करोड़ के कोष के साथ, राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ गहन तकनीकी नवाचारों को सुनिश्चित करने के लिये विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान में भारी निवेश कर रहा है। **अतः कथन-II सही है।**
- अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

**81. आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB PM-JAY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PMJAY) एक प्रमुख योजना है जिसे सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (UHC) के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिये सितंबर 2018 में लॉन्च किया गया था।
2. 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक, जो निजी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत हैं, वे इसका लाभ उठाने के पात्र नहीं हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB PM-JAY):**

- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PMJAY) एक **प्रमुख योजना** है जिसे **सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (UHC)** के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिये सितंबर 2018 में लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक, जो निजी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत हैं, वे इसका **लाभ उठाने के पात्र** हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**82. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिये सहानुभूति और सांस्कृतिक समझ के मानव-केंद्रित दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है।

**कथन-II:** स्वास्थ्य देखभाल के अंतर्गत विशिष्ट, सुपरिभाषित कार्यों में AI महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, विशेष रूप से संकीर्ण बुद्धिमत्ता, प्रसार मॉडल और ट्रांसफार्मर के माध्यम से।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिये सहानुभूति और सांस्कृतिक समझ के **मानव-केंद्रित दृष्टिकोण** की आवश्यकता होती है। **अतः कथन-I सही है।**
- AI स्वास्थ्य देखभाल के अंतर्गत विशिष्ट, सुपरिभाषित कार्यों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, विशेष रूप से संकीर्ण बुद्धिमत्ता, प्रसार मॉडल और ट्रांसफार्मर के माध्यम से। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

नोट :

**83. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** कई देशों ने बेरोज़गारी वृद्धि के जवाब में यूनिवर्सल बेसिक इनकम (UBI) का विचार प्रस्तावित किया है, जहाँ उत्पादन और श्रम उत्पादकता में वृद्धि होती है, जबकि रोज़गार में इसके अनुरूप वृद्धि नहीं होती।

**कथन- II:** यूनिवर्सल बेसिक इनकम (UBI) एक सरकारी कार्यक्रम की अवधारणा है जिसके तहत प्रत्येक वयस्क नागरिक को नियमित रूप से एक निश्चित राशि प्राप्त होती है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**यूनिवर्सल बेसिक इनकम (UBI):**

- कई देशों ने **बेरोज़गारी वृद्धि** के जवाब में यूनिवर्सल बेसिक इनकम (UBI) का विचार प्रस्तावित किया है, जहाँ रोज़गार में वृद्धि के बिना उत्पादन और श्रम उत्पादकता बढ़ती है। **अत: कथन-I सही है।**
- यूनिवर्सल बेसिक इनकम (UBI) एक सरकारी कार्यक्रम की अवधारणा है जिसमें प्रत्येक वयस्क नागरिक को नियमित रूप से एक निश्चित राशि प्राप्त होती है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।**

**84. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** प्रवाल लक्षद्वीप के लिये महत्त्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे समुद्री जीवन को सहारा देते हैं, मछुआरा समुदाय को लाभ पहुँचाते हैं, तूफानों और बढ़ते समुद्री स्तर से तट की रक्षा करते हैं तथा पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

**कथन-II:** बढ़ते तापमान, प्लास्टिक प्रदूषण, बढ़ी हुई अम्लता या प्राकृतिक आवासों में कोई भी व्यवधान कोरल को तनावग्रस्त कर सकता है और अंतत: उनकी मृत्यु का कारण बन सकता है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रवाल:**

- **प्रवाल लक्षद्वीप के लिये महत्त्वपूर्ण** हैं, क्योंकि वे समुद्री जीवन का समर्थन करते हैं, मछली पकड़ने वाले समुदाय को लाभ पहुँचाते हैं, तूफानों और बढ़ते समुद्र के स्तर से तट की रक्षा करते हैं तथा पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। **अत: कथन-I सही है।**
- बढ़ते तापमान, प्लास्टिक प्रदूषण, बढ़ी हुई अम्लता या प्राकृतिक आवासों में कोई भी व्यवधान कोरल को तनावग्रस्त कर सकता है और अंतत: उनकी मृत्यु का कारण बन सकता है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

**85. अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (ANRF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ANRF का उद्देश्य परिवर्तनकारी नवाचारों के लिये सार्वजनिक-निजी साझेदारी को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा जगत, उद्योग और सरकार के बीच अधिक सहयोग को बढ़ावा देना है।
2. ANRF को विभिन्न विषयों में अनुसंधान के लिये सतत्, केंद्रीकृत वित्तपोषण उपलब्ध कराने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
3. ANRF का उद्देश्य संसाधनों को एकत्रित करके और निरंतर समर्थन प्रदान करके शोधकर्त्ताओं की वित्तीय चिंताओं को कम करना है, जिससे वे क्रांतिकारी कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (ANRF):**

- ANRF का उद्देश्य परिवर्तनकारी नवाचारों के लिये सार्वजनिक-निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा, उद्योग और सरकार के बीच **अधिक सहयोग को बढ़ावा** देना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ANRF को विभिन्न विषयों में अनुसंधान के लिये निरंतर, केंद्रीकृत वित्त पोषण प्रदान करने हेतु डिज़ाइन किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ANRF का उद्देश्य संसाधनों को एकत्रित करके और निरंतर सहायता प्रदान करके शोधकर्त्ताओं की वित्तीय चिंताओं को कम करना है, जिससे उन्हें महत्त्वपूर्ण कार्य पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिले। **अत: कथन 3 सही है।**

**86. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिये, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में FAME योजना के स्थान पर PM EDRIVE योजना को मंज़ूरी दी है।

**कथन-II:** चूँकि इलेक्ट्रिक वाहनों की प्रारंभिक लागत आंतरिक दहन इंजन पर चलने वाले वाहनों की तुलना में अधिक होती है, इसलिए इनके उपयोग में सुधार लाने के लिये वित्तीय सहायता को आवश्यक माना जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **इलेक्ट्रिक वाहन के उपयोग को बढ़ावा देने** और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिये, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने PM इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना को मंज़ूरी दी, जो पहले की फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग (हाइब्रिड एंड) इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (FAME) योजना की जगह लेती है, जो वर्ष 2015 में शुरू हुई थी। **अत: कथन-I सही है।**
- चूँकि EV की शुरुआती लागत आंतरिक दहन इंजन पर चलने वाले वाहनों की तुलना में अधिक है, इसलिये इसे अपनाने में सुधार के लिये वित्तीय सहायता को एक आवश्यकता के रूप में देखा जाता है। **अत: कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।

**87. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने की भारत की महत्त्वाकांक्षा समावेशी विकास रणनीतियों पर निर्भर करती है जो यह सुनिश्चित करती है कि सभी वर्ग आर्थिक प्रगति में योगदान दें और उससे लाभान्वित हों।
2. श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) रोज़गार या सक्रिय नौकरी की तलाश के माध्यम से कार्यबल में व्यक्तियों की भागीदारी का एक प्रमुख संकेतक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **वर्ष 2047 तक विकसित देश** बनने की भारत की महत्त्वाकांक्षा समावेशी विकास रणनीतियों पर निर्भर करती है जो यह सुनिश्चित करती है कि सभी वर्ग आर्थिक प्रगति में योगदान दें और उससे लाभान्वित हों। **अत: कथन 1 सही है।**
- श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) रोज़गार या सक्रिय नौकरी की तलाश के माध्यम से कार्यबल में व्यक्तियों की भागीदारी का एक प्रमुख संकेतक है। **अत: कथन 2 सही है।**

**88. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत चाहता है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय कानून और नौवहन की स्वतंत्रता के सिद्धांत का पालन करते हुए अपना खुलापन बरकरार रखे।
2. वर्ष 1992 में शुरू की गई भारत की "लुक ईस्ट" नीति दक्षिण पूर्व एशिया के साथ मज़बूत आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध बनाने पर केंद्रित है।

नोट :

3. वर्ष 2014 में भारत की "लुक ईस्ट" नीति का नाम बदलकर "एक्ट ईस्ट" कर दिया गया, ताकि पूर्वी एशिया पर अपना ध्यान केंद्रित किया जा सके और क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा बढ़ाई जा सके।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत चाहता है कि **हिंद-प्रशांत** क्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय कानून और नौवहन की स्वतंत्रता के सिद्धांत का पालन करके अपना खुलापन बनाए रखे। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1992 में शुरू की गई भारत की **"लुक ईस्ट" नीति** दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ मज़बूत आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध बनाने पर केंद्रित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2014 में भारत की **"लुक ईस्ट" नीति** का नाम बदलकर **"एक्ट ईस्ट" कर** दिया गया ताकि पूर्वी एशिया पर अपना ध्यान केंद्रित किया जा सके और क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा बढ़ाई जा सके। **अतः कथन 3 सही है।**

**89. क्रय प्रबंधक सूचकांक के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक सर्वेक्षण-आधारित उपाय है जो यह पता लगाता है कि प्रमुख व्यावसायिक परिवर्ती के संदर्भ में उत्तरदाताओं की धारणा पिछले महीने की तुलना में किस प्रकार बदली है।
2. PMI का उद्देश्य कंपनी के निर्णय निर्माताओं, विश्लेषकों और निवेशकों को वर्तमान एवं भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों के बारे में जानकारी प्रदान करना है।
3. इसकी गणना विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिये अलग-अलग की जाती है और फिर एक समग्र सूचकांक भी तैयार किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**क्रय प्रबंधक सूचकांक** (Purchasing Managers Index-PMI ):

- यह एक **सर्वेक्षण-आधारित उपाय** है जो यह पता लगाता है कि प्रमुख व्यावसायिक परिवर्ती के संदर्भ में उत्तरदाताओं की धारणा पिछले महीने की तुलना में किस प्रकार बदली है। **अतः कथन 1 सही है।**
- PMI का उद्देश्य कंपनी के निर्णय निर्माताओं, विश्लेषकों और निवेशकों को **वर्तमान एवं भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों के बारे में जानकारी** प्रदान करना है। **अतः, कथन 2 सही है।**
- **विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिये** इसकी **गणना अलग-अलग** की जाती है और फिर एक समग्र सूचकांक भी तैयार किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- **अतः विकल्प C सही है।**

**90. 'मिशन मौसम' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नागरिकों सहित हितधारकों को चरम मौसम की घटनाओं और जलवायु परिवर्तन प्रभावों को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने, सामुदायिक लचीलेपन को बढ़ाने में मदद करेगा।
2. मिशन को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) के तहत लागू किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही *नहीं* है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न 1 न 2

**90.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**मिशन मौसम:**

- यह नागरिकों सहित हितधारकों को चरम मौसम की घटनाओं और जलवायु परिवर्तन प्रभावों को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने, सामुदायिक लचीलेपन को बढ़ाने में मदद करेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस मिशन का क्रियान्वयन भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD), भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान और

नोट :

राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र द्वारा किया जाएगा, जो **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES)** के तहत तीन प्रमुख संस्थान हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

- **अत: विकल्प D सही है।**

**91. निम्न कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** PM गति शक्ति और स्मार्ट सिटीज़ मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से भारत की अवसंरचना में सुधार हो रहा है और सरकार ने बजट को बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपए करके इसके लिये और अधिक धनराशि देने का वादा किया है।

**कथन-II:** अवसंरचना में सुधार भारत की अर्थव्यवस्था के लिये महत्त्वपूर्ण है और यह वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की योजना का हिस्सा है।

**उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत की अवसंरचना:**

- **PM गति शक्ति और स्मार्ट सिटीज़ मिशन** जैसी योजनाओं के माध्यम से भारत की अवसंरचना में सुधार हो रहा है और सरकार ने बजट को बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपए करके इसके लिये और अधिक धनराशि देने का वादा किया है। **अत: कथन-I सही है।**
- अवसंरचना में सुधार भारत की अर्थव्यवस्था के लिये महत्त्वपूर्ण है और यह वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की योजना का हिस्सा है। **अत: कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

**92. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** रेडक्लिफ रेखा भारतीय-नियंत्रित क्षेत्र को चीनी-नियंत्रित क्षेत्र से अलग करने वाली सीमा के रूप में कार्य करती है।

**कथन-II:** भारत-चीन सीमा कुछ क्षेत्रों में अपरिभाषित है, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव उत्पन्न होता है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है


D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत-चीन सीमा:**

- **वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC)** भारतीय-नियंत्रित क्षेत्र को चीनी-नियंत्रित क्षेत्र से अलग करने वाली सीमा के रूप में कार्य करती है। **अत: कथन-I सही नहीं है।**
  - रेडक्लिफ रेखा **भारत और बांग्लादेश के बीच की सीमा** है।
- भारत-चीन सीमा कुछ क्षेत्रों में अपरिभाषित है, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव उत्पन्न होता है। **अत: कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प-D सही है क्योंकि कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है।




**93. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान सभा ने देवनागरी लिपि वाली हिंदी को संघ की राष्ट्रीय भाषा के रूप में अपनाया।
2. हिंदीतर क्षेत्रों में हिंदी को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 1960 में केंद्रीय हिंदी निदेशालय (CHD) की स्थापना की गई।
3. हिंदी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**हिंदी भाषा:**

- संविधान सभा ने देवनागरी लिपि वाली हिंदी को **संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में** अपनाया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- गैर-हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 1960 में केंद्रीय हिंदी निदेशालय (CHD) की स्थापना की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- हिंदी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है।**

**94. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मुद्रास्फीति लक्ष्य, जो वर्तमान में 4% है तथा सहन बैंड +/- 2% है, पाँच वर्षों में एक बार तय किया जाता है जिसकी अगली समीक्षा वर्ष 2026 में निर्धारित की गई है।
2. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) बास्केट में खाद्य पदार्थों का भार 46% है।
3. सभी मौद्रिक नीति फ्रेमवर्क इस सिद्धांत पर आधारित हैं कि सतत् मुद्रास्फीति एक मौद्रिक घटना नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मुद्रा स्फ़ीति:**

- मुद्रास्फीति लक्ष्य, जो वर्तमान में 4% है तथा सहन बैंड +/- 2% है, पाँच वर्षों में एक बार तय किया जाता है जिसकी अगली समीक्षा वर्ष 2026 में निर्धारित की गई है।**अत:, कथन 1 सही है।**
- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) बास्केट में **खाद्य पदार्थों का भार 46%** है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सभी मौद्रिक नीति फ्रेमवर्क इस सिद्धांत पर आधारित हैं **सतत् मुद्रास्फीति** एक मौद्रिक घटना है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- **अत: विकल्प B सही है।**

**95. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड (ITC) को किसी दिये गए क्षेत्र में सभी बलों को एकीकृत कमांड संरचना के तहत रखकर सेना, नौसेना और वायु सेना के बीच संयुक्तता में सुधार करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

**कथन-II:** ITC एक कमांड संरचना के तहत हवाई, नौसैनिक और स्थलीय संचालन को एक साथ लाकर, संघर्ष परिदृश्यों में प्रतिक्रिया समय एवं संसाधन उपयोग में काफी सुधार कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड (ITC):**

- इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड (ITC) को किसी दिये गए क्षेत्र में सभी बलों को एकीकृत कमांड संरचना के तहत रखकर सेना, नौसेना और वायु सेना के बीच **संयुक्तता में सुधार** करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अत: कथन-I सही है।**
- ITC एक कमांड संरचना के तहत हवाई, नौसैनिक और स्थलीय संचालन को एक साथ लाकर, संघर्ष परिदृश्यों में **प्रतिक्रिया समय एवं संसाधन उपयोग में बहुत हद तक सुधार** कर सकता है। **अत: कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

**96. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) को नकदी प्रवाह-आधारित ऋण उपलब्ध कराने के लिये ओपन क्रेडिट इनेबलमेंट नेटवर्क (OCEN) शुरू किया है।

**कथन-II:** MSME की अनौपचारिक प्रकृति और प्रासंगिक दस्तावेज़ीकरण की अनुपस्थिति कई छोटे उद्यमों को वित्त तक पहुँचने में नुकसान पहुँचाती है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME):**

- सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) को नकदी प्रवाह-आधारित ऋण उपलब्ध कराने के लिये **ओपन क्रेडिट इनेबलमेंट नेटवर्क (OCEN)** शुरू किया है। **अतः कथन-I सही है।**
  - OCEN **ऋणदाताओं, ऋण एजेंटों को जोड़ता है**, संग्रह/संवितरण भागीदार, डेटा प्रदाता व उधारकर्त्ता, दस्तावेज़ सत्यापन, अंडर-राइटिंग और भुगतान संग्रह से संबंधित लागत को कम करते हैं।
- MSME की अनौपचारिक प्रकृति और प्रासंगिक दस्तावेज़ीकरण की कमी के कारण कई छोटे उद्यमों को वित्त प्राप्त करने में असुविधा होती है। **अतः कथन-II सही है।**
- अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

**97. BRICS समूह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. BRICS नेताओं का शिखर सम्मेलन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।
2. न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) की स्थापना फोर्टालेज़ा (वर्ष 2014) में छठे BRICS शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं द्वारा एक समझौते पर हस्ताक्षर के साथ की गई थी।
3. समूह के सदस्य ओमान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सामूहिक रूप से वैश्विक कच्चे तेल उत्पादन में लगभग 44% का योगदान करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**BRICS समूह:**

- BRICS **नेताओं का शिखर सम्मेलन** प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- फोर्टालेज़ा (वर्ष 2014) में 6वें BRICS शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं ने न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) की स्थापना के समझौते पर हस्ताक्षर किये। **अतः कथन 2 सही है।**
- समूह के भागीदार के रूप में **ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सामूहिक रूप से वैश्विक कच्चे तेल उत्पादन में लगभग 44% योगदान करते हैं। अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- **अतः विकल्प B सही है।**

**98. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. खान एवं खनिज अधिनियम, 1957 में वर्ष 2015 के संशोधन के अनुसार, राज्य सरकारों को खनन से प्रभावित प्रत्येक ज़िले में ज़िला खनिज फाउंडेशन (DMF) नामक एक गैर-लाभकारी ट्रस्ट स्थापित करना होगा।
2. 'राष्ट्रीय DMF पोर्टल' पूरे भारत में DMF के प्रशासन और निगरानी को डिजिटल बनाता है, जिससे परिचालन में अधिक पारदर्शिता एवं दक्षता आती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ज़िला खनिज फाउंडेशन (DMF):**

- **खान एवं खनिज अधिनियम, 1957** में वर्ष **2015 के संशोधन** के अनुसार, राज्य सरकारों को खनन से प्रभावित प्रत्येक ज़िले में ज़िला खनिज फाउंडेशन (DMF) नामक एक गैर-लाभकारी ट्रस्ट स्थापित करना होगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- **'राष्ट्रीय DMF पोर्टल'** पूरे भारत में DMF के प्रशासन और निगरानी को डिजिटल बनाता है, जिससे संचालन में अधिक पारदर्शिता एवं दक्षता आती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **अतः विकल्प C सही है।**

नोट :

**99. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अमृत 2.0 का उद्देश्य उपचारित सीवेज के पुनर्चक्रण/पुन: उपयोग द्वारा शहरी जल संतुलन योजना (CWBP) के विकास के माध्यम से जल की चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है।
2. स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण का ध्यान खुले में शौच से मुक्त स्थिति को बनाए रखने, ग्रामीण भारत में ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन और घरेलू शौचालयों के निर्माण पर केंद्रित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही *नहीं* है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **अमृत 2.0 का उद्देश्य** उपचारित सीवेज के पुनर्चक्रण/पुन: उपयोग, जल निकायों के कायाकल्प और जल संरक्षण द्वारा **सिटी वाटर बैलेंस प्लान (CWBP)** के विकास के माध्यम से जल की चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण का** मुख्य उद्देश्य खुले में शौच से मुक्त स्थिति बनाए रखना, ग्रामीण भारत में ठोस व तरल अपशिष्ट का प्रबंधन करना और घरेलू शौचालयों का निर्माण करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **अत: विकल्प D सही है।**

**100. सुपारी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चीन सुपारी का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता दोनों है।
2. कर्नाटक भारत में सबसे बड़ा सुपारी उत्पादक राज्य है।
3. हाल के वर्षों में सुपारी का उत्पादन फल-सड़न और पीली पत्ती रोग से बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सुपारी:**

- **भारत** सुपारी का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता दोनों है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **कर्नाटक** भारत में सबसे बड़ा सुपारी उत्पादक राज्य है। **अत: कथन 2 सही है।**
- हाल के वर्षों में सुपारी का उत्पादन **फल-सड़न और पीली पत्ती रोग** से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। **अत: कथन 3 सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है।**

**101. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** उचित आर्थिक आकार वाला प्रत्येक देश अब वैश्विक कमी से बचाव तथा युद्ध की स्थिति में सैन्य उत्पादन को बनाए रखने के लिये इन-हाउस सेमीकंडक्टर विनिर्माण संयंत्र चाहता है।

**कथन-II:** चूँकि कोई भी देश अपने उद्योग की ज़रूरत के अनुसार सभी चिप्स नहीं बना सकता, इसलिये इन-हाउस सेमीकंडक्टर निर्माता सभी प्रकार की कमी से सुरक्षा का आश्वासन नहीं दे सकता।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- उचित आर्थिक आकार वाला प्रत्येक देश अब वैश्विक कमी से बचाव तथा युद्ध की स्थिति में सैन्य उत्पादन को बनाए रखने के लिये **इन-हाउस सेमीकंडक्टर विनिर्माण संयंत्र चाहता है। अत: कथन-I सही है।**
- चूँकि कोई भी देश अपने उद्योग की ज़रूरत के अनुसार सभी चिप्स नहीं बना सकता, इसलिये इन-हाउस सेमीकंडक्टर निर्माता सभी प्रकार की कमी से सुरक्षा का आश्वासन नहीं दे सकता। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

नोट :

**102. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** प्रमुख क्षेत्रों में प्रतिबंधात्मक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) नीतियाँ भारत की आर्थिक प्रगति की गति में बाधा डाल रही हैं।

**कथन-II:** FDI से धन प्राप्त होता है तथा प्रौद्योगिकी, विशेषज्ञता एवं वैश्विक सर्वोत्तम पद्धतियाँ सामने आती हैं, जिनसे उद्योगों को बढ़ने में मदद मिलती है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI):**

- **प्रमुख क्षेत्रों में प्रतिबंधात्मक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) नीतियाँ** भारत की आर्थिक प्रगति की गति में बाधा डाल रही हैं। **अतः कथन-I सही है।**
- **FDI** न केवल धन प्राप्त होता है बल्कि यह प्रौद्योगिकी, विशेषज्ञता और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को भी पेश करता है जो उद्योगों को बढ़ने में मदद करते हैं। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि** कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

**103. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राज्य अमेरिका में विश्व का सबसे अधिक कपास उत्पादन क्षेत्र है, जहाँ लगभग 13 मिलियन हेक्टेयर का उत्पादन किया जाता है, जो चीन से लगभग चार गुना अधिक है।
2. भारत कपास की सभी चार प्रजातियाँ उगाने वाला एकमात्र देश है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कपास:**

- **भारत** में विश्व का सबसे बड़ा कपास उत्पादक क्षेत्र है, जो लगभग 13 मिलियन हेक्टेयर का उत्पादन होता है, जो चीन से लगभग चार गुना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **भारत को कपास की सभी चार प्रजातियाँ,** अर्थात् *गोसिपियम आर्बोरियम, जी हर्बेशियम* (दोनों को एशियाई कपास या देसी कपास माना जाता है), *जी बारबाडेंस* (मिस्र का कपास) और *जी हिर्सुटम* (अमेरिकी कपास), उगाने वाला **एकमात्र देश** होने का गौरव प्राप्त है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है।**

**104. विश्व घुमंतू खेलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व घुमंतू खेल अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएँ हैं जिनमें मध्य एशिया की खानाबदोश संस्कृतियों के पारंपरिक खेल शामिल होते हैं।
2. ईरान की राजधानी तेहरान में 5वें विश्व घुमंतू खेलों (WNG) का आयोजन हो रहा है।
3. यह आयोजन आधुनिकीकरण को अपनाते हुए खानाबदोश संस्कृति और साझा जातीय तथा सांस्कृतिक संबंधों वाले पड़ोसी मध्य एशियाई देशों के बीच एकता की भावना को बढ़ावा देता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य *नहीं हैं*?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विश्व घुमंतू खेल:**

- विश्व घुमंतू खेल मध्य एशिया की खानाबदोश संस्कृतियों के पारंपरिक खेलों की विशेषता वाली अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **कज़ाखस्तान** अपनी राजधानी अस्ताना में **5वें विश्व घुमंतू खेलों (WNG) की** मेज़बानी कर रहा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- यह आयोजन आधुनिकीकरण को अपनाते हुए खानाबदोश संस्कृति का जश्न और साझा जातीय तथा सांस्कृतिक संबंधों वाले पड़ोसी मध्य एशियाई देशों के बीच एकता की भावना को बढ़ावा देता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- **अतः विकल्प A सही है।**

**105. औषधि और चमत्कारिक उपचार (आक्षेपणीय विज्ञापन) अधिनियम, 1954 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अधिनियम में "चमत्कारिक उपचार" की परिभाषा में तलिस्मा, मंत्र, कवच और अन्य ऐसी वस्तुएँ शामिल हैं जो बीमारियों को ठीक करने के लिये अद्भुत या चमत्कारिक गुणों का दावा करती हैं।
2. यह औषधि के विज्ञापनों को नियंत्रित करता है, लेकिन चमत्कारिक उपचारों के प्रचार पर प्रतिबंध नहीं लगाता।
3. यह उन विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाता है जो किसी औषधि की प्रकृति या प्रभावशीलता को भ्रामक तरीके से प्रस्तुत करते हैं तथा अधिनियम में सूचीबद्ध विशिष्ट रोगों के लिये औषधियों का प्रचार करते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**औषधि एवं चमत्कारिक उपचार (आक्षेपणीय विज्ञापन) अधिनियम, 1954:**

- अधिनियम में **"चमत्कारिक उपचार" को परिभाषित करते हुए** तलिस्मा, मंत्र, कवच (ताबीज) और अन्य ऐसी वस्तुओं को शामिल किया गया है जो बीमारियों को ठीक करने के लिये अद्भुत या चमत्कारिक गुणों का दावा करती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह औषधि के विज्ञापनों को नियंत्रित करता है और कुछ चमत्कारिक उपचारों के **प्रचार पर प्रतिबंध लगाता है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह **उन विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाता है** जो किसी दवा की प्रकृति या प्रभावशीलता को भ्रामक तरीके से प्रस्तुत करते हैं और अधिनियम में सूचीबद्ध विशिष्ट बीमारियों के लिये औषधियों को प्रोत्साहित करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**106. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** युद्ध अपराधों के संभावित दोषी राज्यों को हथियारों की आपूर्ति न करने का दायित्व प्रत्यक्ष रूप से जिनेवा कन्वेंशन के सामान्य अनुच्छेद 1 पर आधारित है।

**कथन-II:** भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने माना है कि भारत उन अभिसमयों एवं संधियों के अंतर्गत निर्धारित दायित्वों के आलोक में घरेलू विधियों की व्याख्या करने के लिये बाध्य है जिन पर भारत ने हस्ताक्षर किये हैं और जिनकी पुष्टि की है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- युद्ध अपराधों के संभावित दोषी राज्यों को हथियारों की आपूर्ति न करने का दायित्व प्रत्यक्षा रूप से **जिनेवा कन्वेंशन के सामान्य अनुच्छेद 1 पर आधारित है। अतः कथन-I सही है।**
- भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने माना है कि भारत उन अभिसमयों और संधियों के तहत निर्धारित दायित्वों के आलोक में **घरेलू विधियों की व्याख्या करने के लिये बाध्य है जिन पर भारत ने हस्ताक्षर किये हैं और जिनकी पुष्टि की है। अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**107. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पृथ्वी के स्वस्थ अस्तित्व के लिये आवश्यक नौ ग्रहीय सीमाओं में से आठ का पहले ही उल्लंघन हो चुका है।
2. पृथ्वी का 'ओवरशूट डे' वर्ष 1970 के 30 दिसंबर से परिवर्तित होते हुए वर्ष 2024 में 1 अगस्त हो गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- पृथ्वी के स्वस्थ अस्तित्व के लिये आवश्यक नौ **ग्रहीय सीमाओं में से आठ का उल्लंघन पहले ही हो चुका है। अत: कथन 1 सही है।**
- 'पृथ्वी का **ओवरशूट डे**', जब पृथ्वी की प्रत्येक वर्ष अपने समाप्त हो रहे प्राकृतिक संसाधनों को नवीनीकृत करने की क्षमता **समाप्त हो जाती है**, वर्ष 1970 के 30 दिसंबर से परिवर्तित होते हुए वर्ष 2024 में 1 अगस्त हो गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

**108. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बीजिंग कन्वेंशन में सतत् विकास और जलवायु न्याय संबंधी विमर्श को भावी पीढ़ियों के अधिकारों से जोड़ने के मामले स्पष्ट रूप से व्यक्त किया गया है।
2. भारत के राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने पर्यावरण के अधिकार में अंतर-पीढ़ीगत समता के सिद्धांत को बरकरार रखा।
3. समिट ऑफ द फ्यूचर का उद्देश्य मानवता के साझा भविष्य के लिये जोखिम उत्पन्न करने वाली प्रमुख समस्याओं के समाधान हेतु बहुपक्षीय मार्गों की पहचान करना है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **मास्ट्रिच सिद्धांत (Maastricht Principles)** स्पष्ट रूप से सतत् विकास और जलवायु न्याय संबंधी विमर्श को भावी पीढ़ियों के अधिकारों से जोड़ने के मामले को स्पष्ट करते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - बीजिंग **कन्वेंशन** 2010 की एक संधि है जिसके तहत सदस्य देशों ने नागरिक विमानन के विरुद्ध कुछ आतंकवादी कार्रवाइयों को आपराधिक बनाने पर सहमति व्यक्त की है।
- भारत के राष्ट्रीय **हरित अधिकरण ने** पर्यावरण के अधिकार में अंतर-पीढ़ीगत समानता के सिद्धांत को बरकरार रखा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **समिट ऑफ द फ्यूचर का** उद्देश्य मानवता के साझा भविष्य को जोखिम में डालने वाली प्रमुख समस्याओं के समाधान हेतु बहुपक्षीय मार्गों की पहचान करना है। **अत: कथन 3 सही है।**

**109. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** महिला-नेतृत्व वाले विकास दृष्टिकोण के तहत, महिलाएँ न केवल विकास की लाभार्थी हैं, बल्कि वे विकास का एजेंडा भी निर्धारित करती हैं।

**कथन-II:** एस. फंगनोन कोन्याक राज्यसभा के इतिहास में सदन के उपाध्यक्ष के पैनल में शामिल होने वाले पहली मनोनीत सदस्य बनी।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास दृष्टिकोण** के तहत महिलाएँ न केवल विकास की लाभार्थी हैं बल्कि विकास का एजेंडा भी निर्धारित करती हैं। **अत: कथन-I सही है।**
- **पी.टी. उषा** राज्यसभा के इतिहास में सदन के उपाध्यक्ष के पैनल में शामिल होने वाली पहली मनोनीत सदस्य बनीं। **अत: कथन-II सही नहीं है।**
  - **एस. फांगनोन कोन्याक** सदन की अध्यक्षता करने वाली नागालैंड की पहली महिला राज्यसभा सदस्य बनीं।
- **अत: विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।**

**110. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2024 में इंडिया सीमेंट बनाम तमिलनाडु राज्य मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि रॉयल्टी कोई कर नहीं है।
2. खनिज अधिकारों पर कर लगाने की शक्ति पूरी तरह से राज्यों के पास है, जबकि संसद केवल खनिज विकास में बाधा उत्पन्न होने से रोकने के लिये सीमाएँ निर्धारित कर सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **वर्ष 2024 में *मिनरल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (MADA) बनाम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया मामले*** में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि रॉयल्टी कोई कर नहीं है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- खनिज अधिकारों पर कर लगाने की शक्ति **केवल राज्यों के पास है**, जबकि संसद केवल खनिज विकास में बाधाओं को रोकने के लिये सीमाएँ निर्धारित कर सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**111. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वाहन स्क्रैपिंग नीति 2021 विशेष रूप से 15 वर्ष से अधिक पुराने वाणिज्यिक और 20 वर्ष से अधिक पुराने निजी वाहनों को लक्षित करती है, जिसके तहत उन्हें अनिवार्य फिटनेस परीक्षण से गुज़रना होगा।
2. सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार NCR की सड़कों पर 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन और 10 वर्ष से अधिक पुराने डीज़ल वाहन चलाने की अनुमति नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही *नहीं* है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- वाहन **स्क्रैपिंग नीति 2021** विशेष रूप से 15 वर्ष से अधिक पुराने वाणिज्यिक और 20 वर्ष से अधिक पुराने निजी वाहनों को लक्षित करती है, जिसके लिये उन्हें अनिवार्य फिटनेस परीक्षण से गुज़रना पड़ता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार, NCR की सड़कों पर 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन और 10 वर्ष से अधिक पुराने डीज़ल वाहन चलाने की अनुमति नहीं है। **अतः कथन 2 सही है।**

**112. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का सरकारी ऋण वर्तमान में उसके सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 82% है, जो अब तक के उच्चतम स्तरों में से एक है।
2. ऋण का उच्च स्तर बड़े ब्याज भुगतान के रूप में परिणत होता है, जिससे उत्पादक सरकारी व्यय के लिये धन कम हो सकता है तथा आर्थिक विकास की गति धीमी हो सकती है।
3. उच्च ऋण के कारण ब्याज दरें कम हो सकती हैं तथा नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, लेकिन यदि इसका उपयोग भविष्य में विकास को बढ़ावा देने वाले उत्पादक निवेशों के लिये किया जाए तो यह लाभकारी हो सकता है हालाँकि केवल एक निश्चित सीमा तक।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत का सरकारी ऋण वर्तमान में **उसके सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 82% है**, जो अब तक के उच्चतम स्तरों में से एक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ऋण का उच्च स्तर **बड़े ब्याज भुगतान के रूप में परिणत होता है**, जो उत्पादक सरकारी खर्च के लिये धन को कम कर सकता है तथा आर्थिक विकास की गति को धीमा कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **उच्च ऋण के कारण ब्याज दरें कम हो सकती हैं** तथा नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, लेकिन यदि इसका उपयोग भविष्य में विकास को बढ़ावा देने वाले उत्पादक निवेशों के लिये किया जाए तो यह लाभकारी हो सकता है हालाँकि केवल एक निश्चित सीमा तक। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**113. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (NIC-DP) आसानी से उपलब्ध भूखंडों के माध्यम से निवेश को सुविधाजनक बनाने और उत्पन्न होने वाली मांग के आधार पर विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचे का निर्माण करने की आवश्यकता का पता लगाने पर केंद्रित है।

**कथन-II:** केंद्र ने NICDP के तहत 28,602 करोड़ रुपए के निवेश के साथ 12 नए औद्योगिक शहरों को मंज़ूरी दी है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (NICDP) आसानी से **उपलब्ध भूखंडों के माध्यम से निवेश को सुविधाजनक बनाने और उत्पन्न होने वाली मांग के आधार पर विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचे का निर्माण** करने की आवश्यकता का पता लगाने पर केंद्रित है **क्योंकि** भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के आधार पर भारत के लिये **वैश्विक विनिर्माण केंद्र** बनने का समय आ गया है। **अतः कथन-I सही है।**
- केंद्र ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (NICDP) के तहत 28,602 करोड़ रुपए के निवेश के साथ **12 नए औद्योगिक शहरों को मंज़ूरी दी है। अतः कथन-II सही है।**
  - ये देश के औद्योगिक बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करेंगे, **वैश्विक प्रतिस्पर्द्धात्मकता को बढ़ाएंगे** तथा 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित करके आर्थिक विकास के इंजन के रूप में कार्य करेंगे जिससे 40 लाख प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोज़गार सृजित होंगे।
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

**114. निम्नलिखित में से ड्रोन के संभावित अनुप्रयोग कौन से हैं?**

1. सैन्य निगरानी
2. पेलोड की डिलीवरी
3. फिल्म निर्माताओं के लिये घूमने वाले कैमरे
4. शहरी यातायात प्रवाह में सहायता करना
5. ग्रामीण क्षेत्रों में मृदा नमी का सर्वेक्षण

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 3,4 और 5

C. केवल 1,4 और 5

D. 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ड्रोन:**

- ड्रोन का उपयोग **सैन्य निगरानी**, **पेलोड की डिलीवरी** और यहाँ तक कि **फिल्म निर्माताओं के लिये घूमते कैमरे के रूप में कार्य करने**, पुलिस को निगरानी रखने में मदद करने, शहरी यातायात में सहायता करने, **मृदा नमी का सर्वेक्षण करने, महामारी और फसल के संदर्भ में ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वेक्षण करने**, सुरक्षात्मक रसायनों का छिड़काव करने, दूरदराज़ के क्षेत्रों में जीवन रक्षक उपकरण पहुँचाने, प्रकृति के प्रकोप के प्रभाव का आकलन करने और आकाश में सौंदर्यपूर्ण संरचनाएँ बनाने में किया जाता है।
- **अतः विकल्प D सही है।**

**115. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** डेटा को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के साथ संयोजित करने से नए उपचारों की खोज में तीव्रता लाने, व्यक्तियों के लिये चिकित्सा सुविधाओं को अनुकूलित करने तथा देखभाल की समग्र गुणवत्ता में सुधार करने के रूप में लाभ मिलेगा।

**कथन-II:** नवीन स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकियों के लिये विनियामक सैंडबॉक्स स्थापित करने से उत्तरदायी AI-संचालित नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, जो भविष्य में इस दिशा में प्रगति हेतु महत्त्वपूर्ण होगा।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- डेटा को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के साथ संयोजित करने से **नए उपचारों की खोज में तीव्रता लाने**, व्यक्तियों के लिये चिकित्सा सुविधाओं को अनुकूलित करने तथा देखभाल की समग्र गुणवत्ता में सुधार करने के रूप में लाभ मिलेगा। **अतः कथन-I सही है।**
- **नवीन स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकियों के लिये विनियामक सैंडबॉक्स** स्थापित करने से उत्तरदायी AI-संचालित नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, जो भविष्य में इस दिशा में प्रगति हेतु महत्त्वपूर्ण होगा। **अतः कथन-II सही है।**

- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।**

**116. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** विश्व भर के प्रतिस्पर्द्धा प्राधिकरण ऐसे उपागमों की जाँच करने और उन्हें चुनौती देने के लिये तत्पर रहते हैं, जो नए युग के बाज़ारों में प्रतिस्पर्द्धा पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।

**कथन-II:** भारत उन देशों के एक छोटे समूह में शामिल हो गया है, जिनके लिये संबंधित सौदों के महत्त्व के आधार पर प्रतिस्पर्द्धा-विधि की अनिवार्य समीक्षा की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विश्व भर के **प्रतिस्पर्द्धा प्राधिकरण ऐसे उपागमों की जाँच करने और उन्हें चुनौती देने के लिये तत्पर रहते हैं, जो नए युग के बाज़ारों में प्रतिस्पर्द्धा पर प्रतिकूल प्रभाव** डाल सकते हैं। **अत: कथन-I सही है।**
- भारत उन देशों के एक छोटे समूह में शामिल हो गया है, जिनके लिये संबंधित सौदों के महत्त्व के आधार पर **प्रतिस्पर्द्धा-विधि की अनिवार्य समीक्षा** की आवश्यकता होती है। **अत: कथन-II सही है।**
    - **2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सौदों के लिये अब भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI)** से अनुमोदन की आवश्यकता होगी, भले ही टर्नओवर/परिसंपत्ति-आधारित सीमाएँ पूरी न हुई हों।
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

**117. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत को वैश्विक कर घटनाक्रमों, विशेषकर सीमापार लेनदेन से संबंधित घटनाक्रमों के प्रति सजग रहना चाहिये।

**कथन-II:** भारत का कर-जीडीपी अनुपात 10-11% है, जो वैश्विक औसत से काफी कम है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **भारत को वैश्विक कर विकास**, विशेष रूप से सीमा-पार लेनदेन से संबंधित घटनाक्रमों के प्रति सजग रहना चाहिये। **अत: कथन-I सही है।**
- भारत का कर-से-जीडीपी अनुपात 10-11% है, जो वैश्विक औसत से काफी कम है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।**

**118. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FDI अल्पकालिक प्रवाह है और यह केवल धारकों के बीच स्वामित्व में परिवर्तन को दर्शाता है तथा इससे देश के सकल स्थिर पूंजी स्टॉक में वृद्धि नहीं होती है।
2. FPI प्रवाह (विशेष रूप से ग्रीन-फील्ड प्रकार का) से संबंधित देश में सकल स्थिर पूंजी निर्माण को बढ़ावा मिलता है तथा इससे आय एवं रोज़गार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।
3. भारत ने वर्ष 1991 के बाद से अपनी FDI नीति को उत्तरोत्तर उदार बनाया है तथा अधिकांश क्षेत्रों को FDI के लिये खोल दिया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- FPI **अल्पकालिक प्रवाह है** और यह केवल धारकों के बीच स्वामित्व में परिवर्तन को दर्शाता है तथा इससे देश के सकल स्थिर पूंजी स्टॉक में वृद्धि नहीं होती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- FDI प्रवाह (विशेष रूप से ग्रीन-फील्ड प्रकार का) से **संबंधित देश में सकल स्थिर पूंजी निर्माण को बढ़ावा** मिलता है तथा इससे आय एवं रोज़गार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत ने **वर्ष 1991 के बाद से अपनी FDI नीति को उत्तरोत्तर उदार** बनाया है तथा अधिकांश क्षेत्रों को FDI के लिये खोल दिया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**119. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत की उन्नति में जनसांख्यिकी एक प्रमुख कारक है क्योंकि यहाँ औसत आयु लगभग 28 वर्ष है तथा 63% जनसंख्या कार्यशील आयु वर्ग से संबंधित है।
2. वर्ष 2023-24 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार तकनीकी प्रगति के कारण पूंजी से उत्पाद अनुपात (Capital-To-Output) में गिरावट आई है और पूंजी से श्रम अनुपात (Capital-To Labour Ratio) में वृद्धि हुई है।
3. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार भारत का 15-29 वर्ष आयु वर्ग का आधे से अधिक कार्यबल औपचारिक रूप से कुशल है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **भारत की उन्नति में जनसांख्यिकी एक प्रमुख कारक** है क्योंकि यहाँ औसत आयु लगभग 28 वर्ष है तथा 63% जनसंख्या कार्यशील आयु वर्ग से संबंधित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2023-24 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार **तकनीकी प्रगति के कारण पूंजी से उत्पाद अनुपात (Capital-To-Output) में गिरावट** आई है और **पूंजी से श्रम अनुपात (Capital-To Labour Ratio) में वृद्धि** हुई है। **अत: कथन 2 सही है।**
- आर्थिक सर्वेक्षण में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि 15-29 वर्ष की आयु वर्ग में **केवल 4.4%** कार्यबल ही औपचारिक रूप से कुशल है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**120. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत हीट स्ट्रेस के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है और जल्द ही इसे मानव जीवन की सहनशीलता से परे हीट वेव का सामना करना पड़ सकता है।
2. मीथेन की वैश्विक तापमान वृद्धि में प्रमुख भूमिका है तथा अल्प अवधि में इसके द्वारा CO2 की तुलना में अधिक ऊष्मा को अवशोषित किया जाता है।
3. ब्लैक कार्बन जैसे अल्पकालिक जलवायु प्रदूषकों (SLCPs) को कम करने एवं राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम को उन्नत करने से वायु की गुणवत्ता एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य में काफी सुधार हो सकता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **भारत हीट स्ट्रेस** के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है और जल्द ही इसे मानव जीवन की सहनशीलता से परे हीट वेव का सामना करना पड़ सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मीथेन की वैश्विक तापमान वृद्धि में प्रमुख भूमिका है तथा अल्प अवधि में इसके द्वारा CO2 की तुलना में अधिक ऊष्मा को अवशोषित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **ब्लैक कार्बन जैसे अल्पकालिक जलवायु प्रदूषकों (SLCPs)** को कम करने एवं राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम को उन्नत करने से वायु की गुणवत्ता एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य में काफी सुधार हो सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**121. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के संविधान में केवल हिंदी को ही आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया गया है।
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1968 ने गैर-हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी के प्रसार के लिये त्रि-भाषा फार्मूला सूत्र की शुरुआत की, जिससे राष्ट्र भाषाई रूप से एकीकृत हुआ।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत के संविधान में अंग्रेजी और हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दी गई है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1968 ने गैर-हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी का प्रसार करने के लिये त्रि-भाषा सूत्र की शुरुआत की, जिससे राष्ट्र भाषाई रूप से एकीकृत हुआ। **अतः कथन 2 सही है।**

**122. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्वाड विदेश मंत्रियों ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री क्षेत्र जागरूकता के लिये इंडो-पैसिफिक साझेदारी (IPMDA) के विस्तार की घोषणा की।
2. IPMDA का उद्देश्य क्षेत्रीय कानूनों को मानकीकृत करना और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मानदंडों के उल्लंघन के लिये जवाबदेही बढ़ाना है, जिससे नियम-आधारित व्यवस्था को और बढ़ावा मिले।
3. सूचना संलयन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र (IFC-IOR) एक नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को बनाए रखने के लिये समर्पित राष्ट्रों के बढ़ते गठबंधन का प्रतिनिधित्व करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: c**

**व्याख्या:**

- क्वाड विदेश मंत्रियों ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री क्षेत्र जागरूकता के लिये इंडो-पैसिफिक साझेदारी (IPMDA) के विस्तार की घोषणा की, जो इस विशाल विस्तार को व्यापक इंडो-पैसिफिक आख्यान में एकीकृत करने के रणनीतिक प्रयास को दर्शाता है । **अतः कथन 1 सही है।**
- IPMDA का उद्देश्य क्षेत्रीय कानूनों को मानकीकृत करना और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मानदंडों के उल्लंघन के लिये जवाबदेही बढ़ाना है, इस प्रकार नियम-आधारित व्यवस्था को और बढ़ावा देना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सूचना संलयन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र (IFC-IOR) वर्तमान में 12 अंतर्राष्ट्रीय संपर्क अधिकारियों की मेज़बानी करता है, और नेविगेशन की स्वतंत्रता और नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को बनाए रखने के लिये समर्पित राष्ट्रों के बढ़ते गठबंधन का प्रतिनिधित्व करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**123. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ड्राउनिंग प्रिवेन्शन डे, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा आयोजित एक वैश्विक कार्यक्रम है, जो जागरूकता बढ़ाने के लिये प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।
2. भारत ने "आँचल" नामक समुदाय-आधारित मॉडल अपनाया है, जिसमें 1-5 वर्ष की आयु के बच्चों की संस्थागत देखरेख सुनिश्चित करने के लिये बाल देखभाल केंद्र स्थापित किये जाते हैं।
3. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने हाल ही में 'डूबने की रोकथाम के लिये रणनीतिक रूपरेखा' जारी की है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ड्राउनिंग प्रिवेन्शन डे, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा आयोजित एक वैश्विक कार्यक्रम है, जो जागरूकता बढ़ाने के लिये प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- बांग्लादेश ने "आँचल" नामक एक समुदाय-आधारित मॉडल अपनाया है जिसमें 1-5 वर्ष की आयु के बच्चों की संस्थागत देखरेख सुनिश्चित करने के लिये बाल देखभाल केंद्र स्थापित किये जाते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - इस सरल मॉडल के कारण चार वर्ष से कम आयु के बच्चों में डूबने से होने वाली मृत्यु में 88% की कमी आई है।
- दिसंबर 2023 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा **'डूबने की रोकथाम के लिये रणनीतिक रूपरेखा'** जारी करने के साथ भारत डूबने की रोकथाम करने वालों के क्लब में शामिल हो गया। **अतः कथन 3 सही है।**

**124. फास्ट ट्रैक कोर्ट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना न्यायिक लंबित मामलों को सुलझाने और समय पर न्याय प्रदान करने के लिये की गई थी।

2. फास्ट ट्रैक कोर्ट छोटे-मोटे अपराधों जैसे कि जेबकतरी, लापरवाही से वाहन चलाना आदि से निपटने के लिये बनाई गई थीं।
3. संसाधनों की सीमाएँ, अकुशल जाँच तथा न्यायपालिका में अपर्याप्त स्टाफ जैसे कई कारकों ने फास्ट ट्रैक कोर्ट की प्रभावशीलता को प्रभावित किया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**फास्ट-ट्रैक कोर्ट:**

- भारत में फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना न्यायिक लंबित मामलों को सुलझाने और समय पर न्याय प्रदान करने के लिये की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- फास्ट-ट्रैक अदालतें जघन्य अपराधों से निपटने के लिये बनाई गई थीं, जिनमें यौन अपराध और महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- संसाधन की सीमाएँ, अकुशल जाँच और न्यायपालिका में अपर्याप्त कर्मचारियों जैसे कई कारकों ने फास्ट-ट्रैक अदालतों की प्रभावशीलता को प्रभावित किया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**125. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने महत्त्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियाँ (iCET) लॉन्च किया, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), क्वांटम और जैव प्रौद्योगिकी में सहयोग प्रदान करती है।
2. संयुक्त राज्य अमेरिका ने ऑस्ट्रेलिया को उच्च स्तरीय रक्षा प्रौद्योगिकियाँ प्रदान करने के लिये ऑस्ट्रेलिया और यूनाइटेड किंगडम के साथ AUKUS की शुरुआत की।
3. संयुक्त राज्य अमेरिका ने फिलीपींस, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ एक चतुर्भुज व्यवस्था की शुरुआत की, जिसका ध्यान पूर्वी और दक्षिणी चीन सागर में चीन की कार्रवाइयों के प्रति सुरक्षा प्रतिक्रियाओं पर केंद्रित था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने जनवरी 2023 में महत्त्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों (iCET) पर अग्रणी पहल शुरू की, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), क्वांटम, जैव प्रौद्योगिकी, अर्द्धचालक, अंतरिक्ष तथा रक्षा आदि में सहयोग प्रदान करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने ऑस्ट्रेलिया और यूनाइटेड किंगडम के साथ AUKUS को लॉन्च किया ताकि ऑस्ट्रेलिया को परमाणु प्रणोदन पारंपरिक रूप से सशस्त्र पनडुब्बियों और उच्च-स्तरीय रक्षा प्रौद्योगिकियों की क्षमता प्रदान की जा सके। **अतः कथन 2 सही है।**
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने फिलीपींस, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ एक चतुर्भुज व्यवस्था की शुरुआत की , जिसमें पूर्वी और दक्षिणी चीन सागर में चीन की कार्रवाइयों के प्रति सुरक्षा प्रतिक्रियाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया। **अतः कथन 3 सही है।**

**126. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व स्तर पर और भारत में, स्वस्थ आहार की लागत और सामर्थ्य को आहार की गुणवत्ता प्राप्त करने में एक महत्त्वपूर्ण बाधा के रूप में पहचाना गया है।
2. जिन देशों में पौष्टिक आहार सबसे कम किफायती हैं (घरेलू खर्च के हिस्से के रूप में) उनमें बौनापन और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी का प्रचलन अधिक है।
3. भारत में, खाद्य-आधारित आहार दिशा-निर्देश (FBDG) IIT दिल्ली द्वारा नीति आयोग के सहयोग से विकसित किये जाते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विश्व स्तर पर और भारत में, स्वस्थ आहार की लागत और सामर्थ्य को आहार की गुणवत्ता प्राप्त करने में एक महत्त्वपूर्ण बाधा के रूप में पहचाना गया है। **अतः कथन 1 सही है।**

- जिन देशों में पौष्टिक आहार सबसे कम किफायती हैं (घरेलू खर्च के हिस्से के रूप में) उनमें बौनापन और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी का प्रचलन अधिक है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत में, खाद्य-आधारित आहार दिशा-निर्देश (FBDG) भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय पोषण संस्थान (ICMR-NIN) द्वारा विकसित किये जाते हैं । **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**127. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** सॉवरेन वेल्थ फंड (SWF) एक सरकारी स्वामित्व वाली निवेश निधि है, जिसमें वांछित आवंटन परिणामों को पूरा करने के लिये उस संस्था द्वारा बनाए गए फंड या अधिशेष शामिल होते हैं।

**कथन-II:** अमेरिका सहित कई पूंजी निर्यातक देश दीर्घकालिक आधार पर रिटर्न बढ़ाने के लिये SWF तथा अधिक व्यवस्थित तरीके स्थापित करने पर विचार कर रहे हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सॉवरेन वेल्थ फंड ( SWF ):**

- **सॉवरेन वेल्थ फंड ( SWF )** एक सरकारी स्वामित्व वाला निवेश निधि है जिसमें वांछित आवंटन परिणामों को पूरा करने के लिये उस इकाई द्वारा बनाए गए फंड या अधिशेष शामिल होते हैं। **अत: कथन-I सही है।**
- अमेरिका समेत कई पूंजी निर्यातक देश दीर्घकालिक आधार पर रिटर्न बढ़ाने के लिये SWF और अधिक व्यवस्थित तरीके स्थापित करने पर विचार कर रहे हैं। **अत: कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

**128. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने नदी के किनारे विकास को विनियमित करते हुए स्थायी नदी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिये नदी केंद्रित शहरी नियोजन दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

**कथन-II:** बढ़ती शहरी आबादी और फैलते शहरों के कारण प्राकृतिक संसाधनों, विशेषकर नदियों का अति प्रयोग और दोहन अपरिहार्य परिणाम हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2021 में, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने नदी के किनारे विकास को विनियमित करते हुए स्थायी नदी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिये नगर नियोजन और विकास प्राधिकरणों हेतु नदी केंद्रित शहरी नियोजन दिशा-निर्देश जारी किये। **अत: कथन-I सही है।**
- बढ़ती शहरी आबादी और शहरों के विस्तार के साथ, प्राकृतिक संसाधनों, विशेष रूप से नदियों का अत्यधिक उपयोग और दोहन अपरिहार्य परिणाम हैं। **अत: कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।

**129. सिंधु जल संधि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस समझौते पर 19 सितंबर, 1960 को भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षर हुए थे तथा इसकी मध्यस्थता विश्व बैंक द्वारा की गई थी।
2. यह पाँच-चरणीय विवाद समाधान तंत्र प्रदान करता है।
3. संधि के तहत, दोनों देशों को एक स्थायी सिंधु आयोग का गठन करना होगा, जिसकी बैठक प्रतिवर्ष होगी।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

नोट :

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सिंधु जल संधि:**

- सिंधु जल संधि पर 19 सितंबर, 1960 को भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षर किये गए थे और इसकी मध्यस्थता विश्व बैंक द्वारा की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह **तीन-चरणीय विवाद समाधान तंत्र प्रदान** करता है जिसके तहत दोनों पक्षों के "प्रश्नों" को स्थायी आयोग में हल किया जा सकता है, या अंतर-सरकारी स्तर पर भी उठाया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- सिंधु जल संधि के तहत, दोनों देशों को एक स्थायी सिंधु आयोग स्थापित करना होगा , जिसकी वार्षिक बैठक होनी अनिवार्य है। **अतः कथन 3 सही है।**

**130. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत का सेमीकंडक्टर उद्योग अपने प्रारंभिक चरण में है , जिसमें अपनी पहली उन्नत फैब और पैकेजिंग सुविधाओं की स्थापना के लिये 15 बिलियन अमरीकी डॉलर की पहल चल रही है।

**कथन-II:** कोविड-19 महामारी और भू-राजनीतिक तनाव ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में कमज़ोरियों को उजागर किया है, जिससे आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों को सुनिश्चित करने के लिये घरेलू चिप उत्पादन की आवश्यकता पर बल मिलता है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सेमीकंडक्टर उद्योग:**

- भारत का सेमीकंडक्टर उद्योग अपने प्रारंभिक चरण में है , जिसमें अपनी पहली उन्नत फैब और पैकेजिंग सुविधाओं की स्थापना के लिये 15 बिलियन अमरीकी डॉलर की पहल चल रही है। **अतः कथन-I सही है।**
- कोविड -19 महामारी और भू-राजनीतिक तनाव ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में कमज़ोरियों को उजागर किया है, जिससे आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों को सुनिश्चित करने के लिये घरेलू चिप उत्पादन की आवश्यकता पर बल मिलता है। **अतः कथन-II सही है।**
- अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।

**131. स्वच्छ भारत मिशन ( SBM ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वच्छ भारत मिशन (SBM) से अनेक लाभ प्राप्त हुए, जिनमें शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी, लड़कियों की स्कूल में बेहतर उपस्थिति आदि शामिल हैं।
2. यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, क्षति लागत को कम करके, खुले में शौच से मुक्ति से प्रति वर्ष सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का 5.2% बचाया गया है।
3. भारत के सभी शहर कचरा संग्रहण, पृथक्करण, भंडारण, वैज्ञानिक प्रसंस्करण आदि पहलुओं को शामिल करते हुए कचरा मुक्त शहरों (GFC) के मापदंडों तक पहुँच गए हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**स्वच्छ भारत मिशन ( SBM ):**

- स्वच्छ भारत मिशन (SBM) ने शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी, लड़कियों की स्कूल में बेहतर उपस्थिति, महिलाओं के खिलाफ कम अपराध, अधिक रोज़गार, आय तथा बेहतर भूजल गुणवत्ता सहित कई लाभ लाए हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- यूनिसेफ ने वर्ष 2018 में बताया कि, क्षति लागत को कम करके, खुले में शौच से मुक्ति ने सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का 5.2% प्रति वर्ष बचाया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- केवल 248 शहर ही कचरा मुक्त शहरों (GFC) के मापदंडों तक पहुँच पाए हैं, जिसमें संग्रहण, पृथक्करण, भंडारण, वैज्ञानिक प्रसंस्करण, सतही जल की सफाई, अनुपालन और नागरिक व्यवहार के पहलू शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - उम्मीद है कि अन्य 500 भी लक्ष्य के करीब पहुँच जाएंगे।

**132. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जबकि नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम (NPK) उर्वरकों का अनुशंसित अनुपात 4:2:1 है, वर्ष 2022-23 में वास्तविक अनुप्रयोगों का अनुपात 11.8:4.6:1 था।
2. वर्तमान में, यूरिया भारत के GHG उत्सर्जन का 4.3% तथा देश के कृषि GHG उत्सर्जन का 22% हिस्सा है।
3. खेतों में यूरिया के प्रयोग से नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$) उत्सर्जित होता है, जो एक शक्तिशाली ओज़ोन-क्षयकारी पदार्थ (ODS) है, जो समताप मंडल में ओज़ोन छिद्र का कारण बनता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**यूरिया:**

- जबकि नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम (NPK) उर्वरकों का अनुशंसित अनुपात 4:2:1 है, 2022-23 में वास्तविक अनुप्रयोगों का अनुपात 11.8:4.6:1 था। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्तमान में यूरिया भारत के GHG उत्सर्जन का 4.3% और देश के कृषि GHG उत्सर्जन का 22% हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- खेतों में यूरिया के इस्तेमाल से नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$) उत्सर्जित होता है, जो एक शक्तिशाली ओज़ोन ओज़ोन-क्षयकारी पदार्थ (ODS) है, जो समताप मंडल में ओज़ोन छिद्र बनाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**133. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) में व्यक्ति फंड में योगदान करते हैं तथा कंपनी बराबर राशि का योगदान करती है।
2. एकीकृत पेंशन योजना (UPS) व्यक्ति से अंशदान लेती है और पेंशनभोगी की मृत्यु के बाद न केवल उस व्यक्ति को बल्कि उसके जीवनसाथी को भी पेंशन का आश्वासन देती है।
3. भविष्य निधि अंशदाताओं को एक निधि उपलब्ध कराती है और इस निधि को NPS में निवेश करना अनिवार्य है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) में व्यक्ति फंड में योगदान करते हैं और कंपनी बराबर राशि का योगदान करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- एकीकृत पेंशन योजना (UPS) व्यक्ति से अंशदान लेती है और पेंशनभोगी की मृत्यु के बाद न केवल व्यक्ति को बल्कि उसके जीवनसाथी को भी पेंशन का आश्वासन देती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भविष्य निधि योगदानकर्त्ताओं को एक निधि उपलब्ध कराती है, लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद पैसे का क्या करना है, यह निर्णय व्यक्ति पर छोड़ देती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**134. कुनो राष्ट्रीय उद्यान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मध्य प्रदेश के श्योपुर ज़िले में स्थित है।
2. इसका नाम कुनो नदी के नाम पर रखा गया है, जो गंगा नदी की एक प्रमुख सहायक नदी है।
3. कुनो राष्ट्रीय उद्यान को 'भारत में चीता के आगमन हेतु कार्य योजना' के अंतर्गत चुना गया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/ हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कुनो राष्ट्रीय उद्यान:**

- यह मध्य प्रदेश के श्योपुर ज़िले में स्थित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका नाम **चंबल नदी** की प्रमुख सहायक नदियों में से एक कुनो नदी के नाम पर रखा गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- कुनो राष्ट्रीय उद्यान को 'भारत में चीता के परिचय के लिये कार्य योजना' के अंतर्गत चुना गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**135. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक साथ चुनाव कराने की धारणा मूल संवैधानिक योजना का हिस्सा थी, जिसे भारत के स्वतंत्र होने के समय स्थापित किया गया था।
2. वर्ष 1952 के प्रथम आम चुनाव से लेकर वर्ष 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ हुए।
3. संविधान समीक्षा आयोग की रिपोर्ट (2002) में एक साथ चुनाव कराने की आवश्यकता पर बल दिया गया था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/ हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- एक साथ चुनाव कराने की धारणा कभी भी उस मूल संवैधानिक योजना का हिस्सा नहीं थी जिसे भारत के स्वतंत्र होने के समय पर स्थापित किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 1952 में पहले आम चुनाव से लेकर वर्ष 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ हुए। **अत: कथन 2 सही है।**
- संविधान समीक्षा आयोग की रिपोर्ट (2002) में एक साथ चुनाव कराने की आवश्यकता पर बल दिया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**136. नए आपराधिक कानूनों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अब ट्रायल पूरा होने के 45 दिनों के भीतर फैसला सुनाया जाना चाहिये और पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय किये जाने चाहिये।
2. नये कानून में सात वर्ष या उससे अधिक की सज़ा वाले अपराधों के लिये फोरेंसिक जाँच तथा तलाशी एवं जब्ती हेतु वीडियोग्राफी अनिवार्य की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**नये आपराधिक कानून:**

- अब ट्रायल पूरा होने के 45 दिनों के भीतर फैसला सुनाया जाना चाहिये और पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय किये जाने चाहिये। **अत: कथन 1 सही है।**
- नए कानून में सात वर्ष या उससे अधिक की सज़ा वाले अपराधों के लिये फोरेंसिक जाँच और तलाशी तथा जब्ती हेतु वीडियोग्राफी अनिवार्य की गई है। **अत: कथन 2 सही है।**

**137. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा निरंतर ब्याज दरों में वृद्धि तथा ब्याज दरों को उच्च बनाए रखने के निर्णय से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ा है, जिसके कारण अधिकांश उभरते बाज़ारों की मुद्राओं के मुकाबले डॉलर अधिक मज़बूत हुआ है।
2. मज़बूत अमेरिकी डॉलर उभरती बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं (EME) के लिये ऋण सेवा भार और मुद्रास्फीति संबंधी दबाव को कम करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (A)**

**व्याख्या:**

- अमेरिकी **केंद्रीय बैंक द्वारा निरंतर ब्याज दरों में बढ़ोतरी** और ब्याज दरों को उच्च रखने के फैसले ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है, जिससे अधिकांश उभरते बाज़ार मुद्राओं के मुकाबले डॉलर अधिक मज़बूत हुआ है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मज़बूत अमेरिकी डॉलर उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (EME) के लिये **ऋण सेवा भार** और मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ाता है। **इसलिए, कथन 2 सही नहीं है।**

**138. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** आर्कटिक की बर्फ एक विशाल कार्बन सिंक के रूप में कार्य करती है तथा इसमें अनुमानत: 1.5 ट्रिलियन मीट्रिक टन कार्बनिक कार्बन मौजूद है, जो जलवायु स्थिरीकरण के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

**कथन-II:** भारतीय मानसून एक वायुमंडलीय नदी के माध्यम से आर्कटिक से जुड़ा हुआ है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**आर्कटिक क्षेत्र:**

- **आर्कटिक की बर्फ** एक **विशाल कार्बन सिंक के रूप में कार्य करती है** और इसमें अनुमानित 1.5 ट्रिलियन मीट्रिक टन कार्बनिक कार्बन है, जो जलवायु स्थिरीकरण के लिये महत्त्वपूर्ण है। **अत: कथन I सही है।**
- भारतीय मानसून एक वायुमंडलीय नदी के माध्यम से आर्कटिक से जुड़ा हुआ है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**139. आर्कटिक क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आर्कटिक क्षेत्र में आर्कटिक महासागर और कनाडा, इंडोनेशिया, रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, नॉर्वे और ग्रीनलैंड सहित कई देशों के हिस्से शामिल हैं।
2. आर्कटिक क्षेत्र में भारत की भागीदारी मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर के साथ 1920 से चली आ रही है।
3. 2007 में, भारत ने आर्कटिक सूक्ष्म जीव विज्ञान, वायुमंडलीय विज्ञान और भूविज्ञान की जांच के लिए अपना पहला अनुसंधान मिशन शुरू किया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**आर्कटिक क्षेत्र:**

- **आर्कटिक क्षेत्र** में कनाडा, रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, नॉर्वे, ग्रीनलैंड तथा आर्कटिक महासागर सहित कई देशों के हिस्से शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस क्षेत्र में भारत की भागीदारी वर्ष 1920 में पेरिस में **स्वालबार्ड संधि** पर हस्ताक्षर के साथ शुरू हुई। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 2007 में भारत ने आर्कटिक माइक्रोबायोलॉजी, वायुमंडलीय विज्ञान और भू-विज्ञान के परीक्षण हेतु अपना पहला शोध मिशन शुरू किया। **अत: कथन 3 सही है।**

**140. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** हाल के वर्षों में वित्तीय रूप से संकटग्रस्त 22 देशों ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की परिचालन लागत को पार कर लिया है, जिससे वे कोष के शुद्ध राजस्व का सबसे बड़ा स्रोत बन गए हैं।

**कथन-II:** IMF की अधिभार नीति उन देशों पर अतिरिक्त शुल्क आरोपित करती है, जिनकी कोष से ऋण लेने की राशि या समय अवधि की सीमा पूरी हो जाती है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ( IMF ):**

- हाल के वर्षों में वित्तीय रूप से संकटग्रस्त **22** देशों ने **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ( IMF ) की** परिचालन लागत को पार कर लिया है, जिससे वे कोष के शुद्ध राजस्व का सबसे बड़ा स्रोत बन गए हैं। **अत: कथन-I सही है।**
- IMF की अधिभार नीति उन देशों पर अतिरिक्त शुल्क आरोपित करती है, जिनकी कोष से ऋण लेने की राशि या समय अवधि की सीमा पूरी हो जाती है।
- **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सत्य हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या करता है।**

नोट :

**141. केमहैक्टिका के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केमहैक्टिका, एमआईटी-डिफेंस एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी की ASKOS नामक शोध परियोजना का एक रूपांतरण है।
2. केमहैक्टिका अणु संश्लेषण के लिये मानचित्रण करने हेतु मशीन लर्निंग का उपयोग करती है।
3. यह कार्यक्रम पूर्ववर्ती रसायनों का सुझाव प्रदान कर, उनकी ऑनलाइन उपलब्धता की जाँच करके अणु बनाने का सबसे आसान और सस्ता तरीका खोजता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**केमहैक्टिका:**

- केमहैक्टिका, MIT-डिफेंस एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी के ASKOS नामक शोध परियोजना का एक रूपांतरण है। **अत: कथन 1 सही है।**
- केमहैक्टिका अणु संश्लेषण के लिये मार्गों का मानचित्रण करने हेतु **मशीन लर्निंग का उपयोग करता है। अत: कथन 2 सही है।**
- **यह प्रोग्राम पूर्ववर्ती रसायनों का सुझाव प्रदान कर,** उनकी ऑनलाइन उपलब्धता की जाँच करके अणु बनाने का सबसे आसान और सस्ता तरीका खोजता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**142. प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ( ES-PM ) के नवीनतम कार्य पत्र के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय औसत की तुलना में अमीर राज्य और अधिक अमीर हो गए हैं, जबकि गरीब राज्य अभी भी नचले पायदान पर बने हुए हैं।
2. बिहार और उत्तर प्रदेश सबसे गरीब राज्य हैं।
3. हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे अधिक है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ( ES-PM ) का कार्य पत्र:**

- **अमीर राज्य और अधिक अमीर हो गए हैं** जबकि गरीब राज्य राष्ट्रीय औसत के सापेक्ष नचले पायदान पर बने हुए हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **बिहार और उत्तर प्रदेश** सबसे गरीब राज्य हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **सिक्किम में** वर्तमान में प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे अधिक है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**143. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संसदीय लोकतंत्र में निर्वाचित सरकार जनता के प्रतिनिधियों के प्रति उत्तरदायी होती है तथा कार्यपालिका का कार्यकाल निश्चित होता है।
2. संविधान निर्माताओं ने राष्ट्रपति प्रणाली के स्थान पर संसदीय प्रणाली को चुना, क्योंकि उनका मानना था कि यह भारत की विविधता के लिये अधिक उपयुक्त होगी।
3. कोविंद समिति ने सिफारिश की थी कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव पाँच वर्ष में एक बार एक साथ कराए जाने चाहिये।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **संसदीय लोकतंत्र** में, निर्वाचित सरकार प्रतिदिन जनता के प्रतिनिधियों के प्रति उत्तरदायी होती है, तथा कार्यपालिका के लिए **कोई निश्चित कार्यकाल नहीं होता। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- संविधान निर्माताओं ने राष्ट्रपति प्रणाली के बजाय **संसदीय प्रणाली को चुना, उनका मानना था कि यह भारत की विविधता के लिए बेहतर होगी। अत: कथन 2 सही है।**
- कोविंद **समिति ने** सिफारिश की थी कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव पांच साल में एक बार एक साथ होने चाहिए। **अत: कथन 3 सही है।**

**144. तीस्ता नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. तीस्ता नदी का उद्गम स्थल भारत में है, जो बांग्लादेश में प्रवेश करने से पहले सिक्किम तथा पश्चिम बंगाल से होकर प्रवाहित होती है।
2. यह बांग्लादेश के लगभग 14% फसल उत्पादन के लिये महत्त्वपूर्ण है, तथा पश्चिम बंगाल के लगभग आधा दर्जन ज़िले इसके जल पर निर्भर हैं।
3. साझा नदी प्रणालियों के लाभ को अधिकतम करने के लिये सर्वाधिक प्रभावी संयुक्त प्रयास सुनिश्चित करने हेतु वर्ष 1972 में भारत-बांग्लादेश संयुक्त नदी आयोग (JRC) की स्थापना की गई थी।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**तीस्ता नदी:**

- तीस्ता नदी का उद्गम स्थल भारत में है, जो बांग्लादेश में प्रवेश करने से पहले सिक्किम तथा पश्चिम बंगाल से होकर प्रवाहित होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **यह बांग्लादेश के** लगभग 14% फसल उत्पादन का समर्थन करने के लिये महत्त्वपूर्ण है, और पश्चिम बंगाल के लगभग आधा दर्जन ज़िले इसके पानी पर निर्भर हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- साझा नदी प्रणालियों के लाभों को अधिकतम करने में सबसे प्रभावी संयुक्त प्रयास सुनिश्चित करने हेतु वर्ष 1972 में एक **भारत-बांग्लादेश संयुक्त नदी आयोग (JRC) की स्थापना की गई थी। अतः कथन 3 सही है।**

**145. फैक्ट चेकिंग यूनिट (FCU) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FCU को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर केंद्र सरकार और उसकी एजेंसियों से संबंधित फर्जी और गलत सूचना वाली सामग्री को चिह्नित करने का कार्य सौंपा गया है।
2. यदि फैक्ट चेकिंग यूनिट किसी सूचना को फर्जी या गलत पाती है, तो ऑनलाइन मध्यस्थों को उसे हटाना अनिवार्य होगा।
3. भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र की फैक्ट चेक यूनिट को असंवैधानिक करार देते हुए उसे रद्द कर दिया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**फैक्ट चेकिंग यूनिट (FCU):**

- FCU को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर केंद्र सरकार और उसकी एजेंसियों से संबंधित फर्जी और गलत सूचना वाली **सामग्री को चिह्नित करने** का कार्य सौंपा गया है । **अतः कथन 1 सही है।**
- यदि फैक्ट चेकिंग यूनिट किसी जानकारी को गलत मानती है, तो ऑनलाइन मध्यस्थों को उसे हटाना अनिवार्य होगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- बॉम्बे **हाईकोर्ट ने केंद्र की फैक्ट चेक यूनिट को असंवैधानिक** करार देते हुए उसे रद्द कर दिया है । **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - **न्यायालय ने माना कि नियम 3(1)(b)(v) के माध्यम से आईटी नियम, 2023** में संशोधन संविधान के अनुच्छेद 14 और 19 (1) (a) और 19 (1) (g) का उल्लंघन है।

**146. निम्नलिखित पर विचार कीजिये::**

**कथन-I:** राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति दस्तावेज़ में देश के सुरक्षा उद्देश्यों तथा इन्हें प्राप्त करने के लिये अपनाए जाने वाले उपायों का उल्लेख किया गया है।

**कथन-II:** सैन्य और रणनीतिक सर्कल्स में वर्षों के विचार-विमर्श के बाद भारत ने अपनी पहली राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (NSS) बनाना शुरू कर दिया है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

नोट :

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति:**

- राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति दस्तावेज़ **देश के सुरक्षा उद्देश्यों** और इन्हें प्राप्त करने के लिए अपनाए जाने वाले तरीकों की रूपरेखा तैयार करता है। **इसलिए, कथन-I सही है।**
- **सैन्य और रणनीतिक समुदाय में वर्षों के विचार-विमर्श के बाद, भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (एनएसएस)** लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है ।
  - राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (NSCS) कई केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों से इनपुट एकत्र करने की प्रक्रिया में है ताकि रणनीति के मसौदे को अंतिम कैबिनेट की मंजूरी लेने से पहले एक साथ रखा जा सके। यह **पहली बार है** कि भारत राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति लेकर आएगा। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है। क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**147. पेजर्स के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेजर, जिन्हें बीपर्स भी कहा जाता है, वायरलेस उपकरण हैं जो संदेश प्राप्त करते हैं तथा उन्हें प्रदर्शित करते हैं।
2. पेजर ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (GPS) का उपयोग करके कार्य करते हैं।
3. पेजर्स को बिना ध्यान आकर्षित किये दूरस्थ विस्फोट या अलर्ट के लिये संकेत देने हेतु संशोधित किया जा सकता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पेजर:**

- पेजर, जिन्हें बीपर्स भी कहा जाता है, वायरलेस उपकरण हैं जो संदेश प्राप्त करते हैं और प्रदर्शित करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- पेजर टावरों द्वारा प्रेषित रेडियो सिग्नल का उपयोग करते हुए कार्य करते हैं जो उन क्षेत्रों में प्रवेश कर सकते हैं जहाँ सेलुलर सिग्नल कमज़ोर हो सकते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इंटरनेट कनेक्टिविटी और ग्लोबल पोज़िशनिंग सिस्टम (GPS) की कमी के कारण इसके लोकेशन ट्रैकिंग की संभावना कम हो जाती है।
- पेजर्स को, ध्यान आकर्षित किये बिना रिमोट विस्फोट या अलर्ट के लिये सिग्नल ट्रिगर करने के लिये संशोधित किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**148. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** वर्ष 2015-16 और 2019-21 में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS), बच्चों में कुपोषण और वयस्कों में एनीमिया की उच्च (और बढ़ती) दर को दर्शाता है।

**कथन-II:** स्वस्थ पौष्टिक आहार को व्यापक रूप से 'ट्रिपल बर्डन ऑफ मैल्नूट्रिशन' से निपटने की कुंजी माना जाता है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2015-16 और 2019-21 में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS), बच्चों में कुपोषण और वयस्कों में एनीमिया की उच्च (और बढ़ती) दर को दर्शाता हैं , **जबकि** ग्रामीण **और शहरी** दोनों क्षेत्रों में मोटापा और अधिक वजन की वृद्धि हुई है। **अत: कथन-I सही है।**
- **स्वस्थ पौष्टिक आहार** को व्यापक रूप से तथाकथित **'ट्रिपल बर्डन ऑफ मैल्नूट्रिशन' से निपटने के लिये महत्त्वपूर्ण माना जाता** है, अर्थात, कुपोषण, अतिपोषण और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी का सह-अस्तित्व, जैसा कि भारत में है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।**

**149. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::**

1. क्वाड ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक औपचारिक कूटनीतिक साझेदारी है जिसका लक्ष्य चीन के प्रभाव को रोकना है।

2. समुद्री क्षेत्र जागरूकता के लिये हिंद-प्रशांत साझेदारी (IPMDA) का ध्यान भारत-प्रशांत क्षेत्र में प्रशांत द्वीप समूह, दक्षिण पूर्व एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) को एकीकृत करने पर केंद्रित है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- क्वाड ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच **एक अनौपचारिक कूटनीतिक साझेदारी है जो एक खुले, स्थिर और समृद्ध इंडो-पैसिफिक का समर्थन करने के लिये प्रतिबद्ध है, जो समावेशी और अनुकूल है। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- समुद्री क्षेत्र जागरूकता के लिये **हिंद-प्रशांत साझेदारी (IPMDA)** का ध्यान भारत-प्रशांत क्षेत्र में प्रशांत द्वीप समूह, दक्षिण पूर्व एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) को एकीकृत करने पर केंद्रित है। **अतः कथन 2 सही है।**

**150. वस्तु एवं सेवा कर (GST) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GST के पहले पाँच वर्षों में राज्यों को उनके वर्ष 2015-16 के राजस्व स्तर की तुलना में 14% वार्षिक वृद्धि के आधार पर राजस्व हानि की भरपाई की गई थी।
2. राज्यों को दिये जाने वाले इस मुआवजे का स्रोत एक उपकर था जिसे केंद्र ने विशिष्ट वस्तुओं की बिक्री पर आरोपित और एकत्र किया था।
3. उपकर केवल विशिष्ट उद्देश्य के लिये ही लगाया जा सकता है और यह केंद्र तथा राज्यों के बीच विभाजित संसाधनों के दायरे से बाहर है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वस्तु एवं सेवा कर (GST):**

- GST के पहले पाँच वर्षों के दौरान, राज्यों को राजस्व की हानि, के लिये मुआवज़े देने का प्रावधान था, जो कि वर्ष 2015-16 में उनके "संरक्षित" राजस्व पर 14 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले मापा गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- राज्यों को दिये जाने वाले इस मुआवजे का स्रोत एक **उपकर था** जिसे केंद्र ने विशिष्ट वस्तुओं की बिक्री पर आरोपित और एकत्र किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत के संविधान में परिभाषित उपकर **केवल एक विशिष्ट उद्देश्य के लिये लगाया जा सकता है** और यह केंद्र एवं राज्यों के बीच विभाजित संसाधनों के दायरे से बाहर है। **अतः कथन 3 सही है।**

**151. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्र सरकार भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श से प्रत्येक पाँच वर्ष में एक बार थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारित करती है।
2. RBI ने आमतौर पर मुद्रास्फीति को 4-6% के दायरे में रखा है, यहाँ तक कि जब मुद्रास्फीति उच्च सीमा को पार कर गई है, तब भी विचलन मामूली रहा है।
3. मूल्य स्थिरता ने विकास को बढ़ावा देने में मदद की है, क्योंकि इसने व्यवसायों को इस बात की चिंता किये बिना योजना बनाने की अनुमति दी है कि उनके अनुमानों में वृद्धि से लागत में वृद्धि होगी।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संशोधित आरबीआई अधिनियम, 1934 के अनुसार, केंद्र सरकार भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श से, प्रत्येक पाँच वर्ष में एक बार **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारित करेगी। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- आरबीआई ने आमतौर पर मुद्रास्फीति को **4-6% बैंड के भीतर रखा है**, भले ही मुद्रास्फीति उच्च सीमा को पार कर गई हो, विचलन मामूली रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- **मूल्य स्थिरता ने विकास को बढ़ावा देने में मदद की है,** क्योंकि इसने व्यवसायों को इस बात की चिंता किये बिना योजना बनाने की अनुमति दी है कि उनके अनुमानों में वृद्धि से लागत में वृद्धि होगी। **अतः कथन 3 सही है।**

**152. तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मंदिर वेंकट पहाड़ी पर स्थित है, जो तिरुमाला पहाड़ियों की सप्तगिरि (सात पहाड़ियों) में से एक है।
2. यह विष्णु के अवतार भगवान श्री वेंकटेश्वर को समर्पित है।
3. मंदिर की प्राचीन जड़ें पल्लव राजवंश से जुड़ी हैं, जिसका 9वीं शताब्दी के दौरान इस क्षेत्र पर गहरा प्रभाव था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर:**

- तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर, जिसे **तिरुपति बालाजी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है** , आंध्र प्रदेश के चित्तूर ज़िले के तिरुपति के पहाड़ी शहर तिरुमाला में स्थित एक हिंदू मंदिर है।
- मंदिर **वेंकट** पहाड़ी पर स्थित है, जो तिरुमाला पहाड़ियों की सप्तगिरि (सात पहाड़ियों) में से एक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह विष्णु के अवतार **भगवान श्री वेंकटेश्वर** को समर्पित है । **अतः कथन 2 सही है।**
- **मंदिर की प्राचीन जड़ें पल्लव राजवंश** से जुड़ी हैं, जिसका 9वीं शताब्दी के दौरान इस क्षेत्र पर गहरा प्रभाव था । **अतः कथन 3 सही है।**

**153. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आर्थिक सर्वेक्षण 2024 में चीन से सामान आयात करने के बजाय भारत में चीनी निवेश के माध्यम से खुद को चीन की आपूर्ति श्रृंखलाओं से जोड़ने का समर्थन किया गया है।
2. चीन के लिये संभावित वैकल्पिक निवेश गंतव्य के रूप में बांग्लादेश का स्कोर सभी उभरते और विकासशील देशों में सबसे अधिक है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- आर्थिक सर्वेक्षण 2024 में चीन से सामान आयात करने के बजाय भारत में चीनी निवेश के माध्यम से खुद को चीन की आपूर्ति श्रृंखलाओं से जोड़ने का समर्थन किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **रोडियम ग्रुप की रिपोर्ट** के अनुसार , चीन के लिये संभावित वैकल्पिक निवेश गंतव्य के रूप में भारत का स्कोर सभी उभरते और विकासशील देशों में सबसे अधिक (2.86) है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**154. शस्त्र व्यापार संधि ( Arms Trade Treaty (ATT)) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ATT किसी देश को पारंपरिक हथियारों की आपूर्ति करने से रोकता है, यदि उसे यह "ज्ञान" हो कि इन हथियारों का "उपयोग" युद्ध अपराध करने के लिये किया जाएगा।
2. यह संधि भारत पर बाध्यकारी है क्योंकि भारत इस संधि का हस्ताक्षरकर्त्ता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**शस्त्र व्यापार संधि (ATT):**

- शस्त्र व्यापार संधि (ATT) का उद्देश्य पारंपरिक हथियारों के **अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को विनियमित करना है ।**
  - **ATT का अनुच्छेद 6(3)** किसी देश को पारंपरिक हथियारों की आपूर्ति करने से रोकता है यदि उसे यह "ज्ञान" हो कि इन हथियारों का "इस्तेमाल" अन्य बातों के साथ-साथ युद्ध अपराध करने के लिये किया जाएगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत इस संधि पर **हस्ताक्षरकर्त्ता नहीं है।**

नोट :

- परिणामस्वरूप, यह संधि **भारत पर बाध्यकारी नहीं है** और इसे न्यायिक रूप से शामिल नहीं किया जा सकता है, हालाँकि ATT के कुछ प्रावधान प्रथागत अंतर्राष्ट्रीय कानून को दर्शाते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**155. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत में, केंद्र सरकार भारत के अंतर्राष्ट्रीय कानूनी दायित्वों के कारण रक्षा वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा सकती है।

**कथन-II:** जिनेवा अभिसमय सभी राज्यों को अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून (IHL) का सम्मान सुनिश्चित करने के लिये बाध्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**जिनेवा अभिसमय:**

- भारत में, **केंद्र सरकार** भारत के अंतर्राष्ट्रीय कानून दायित्वों के कारण रक्षा वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा सकती है। **अतः कथन-I सही है।**
  - **भारतीय विदेश व्यापार अधिनियम, 1992** (FTA) को सामूहिक विनाश के हथियार और उनकी सामूहिक विनाश के हथियार और उनकी आपूर्ति प्रणाली (गैरकानूनी गतिविधियाँ निषेध) (WMDA) अधिनियम, 2005 के साथ पढ़ा जाए तो केंद्र सरकार को विभिन्न कारणों से भारत के लिये प्रासंगिक नामित वस्तुओं के निर्यात को विनियमित करने का अधिकार मिलता है। ये कारण क्रमशः WMDA और FTA की धारा 3(5) और 2(1) में सूचीबद्ध हैं।
  - भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा जैसी बातों के अलावा, इन धाराओं में सूचीबद्ध एक महत्त्वपूर्ण कारक भारत के "**किसी भी द्विपक्षीय**, बहुपक्षीय या अंतर्राष्ट्रीय संधि, प्रसंविदा, कन्वेंशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय दायित्व" हैं।
- **जिनेवा सम्मेलनों का सामान्य अनुच्छेद 1**, जो **भारत पर बाध्यकारी है,** सभी राज्यों को अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून (IHL) का सम्मान सुनिश्चित करने के लिये बाध्य करता है। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।**

**156. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS), 2023 की धारा 107 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उन संपत्तियों से संबंधित है जो "अपराध की आय" हैं।
2. यह न्यायालय को न केवल किसी संपत्ति को कुर्क करने, बल्कि अपराध से प्राप्त धन को सरकार को जब्त करने की भी असीमित शक्तियाँ प्रदान करती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**BNSS की धारा 107:**

- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) 2023 **में धारा 107 पेश की गई है**, जो उन संपत्तियों से संबंधित है जो "अपराध की आय" हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- BNSS की धारा 107 **न्यायालय को** न केवल किसी भी संपत्ति को कुर्क करने, बल्कि कुछ शर्तों के तहत अपराध की आय को सरकार को जब्त करने की भी असीमित शक्ति प्रदान करती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**157. आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना का लाभ 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को दिया जाएगा, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो।
2. उपचार की उच्च लागत के कारण कैंसर और किडनी प्रत्यारोपण को योजना के दायरे से बाहर रखा गया है।
3. योजना की अनूठी पोर्टेबिलिटी सुविधा यह सुनिश्चित करती है कि लाभार्थी देश भर के अस्पतालों में उपचार प्राप्त कर सकें।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY):**

- **इस योजना का लाभ 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के** सभी वरिष्ठ नागरिकों को दिया जाएगा, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस योजना का दायरा व्यापक है, जिसमें 1,900 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाएँ शामिल हैं, जिनमें हार्ट बाईपास और संयुक्त प्रतिस्थापन जैसी जटिल सर्जरी से लेकर **कैंसर और किडनी** की बीमारियों जैसे रोगों का उपचार शामिल है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- योजना की अनूठी **पोर्टेबिलिटी सुविधा ने** यह सुनिश्चित किया है कि लाभार्थी देश भर के अस्पतालों में उपचार का लाभ उठा सकते हैं। **इसलिए, कथन 3 सही है।**
  - वर्तमान में, पूरे भारत में 29,000 से अधिक अस्पताल, जिनमें 13,000 से अधिक निजी अस्पताल शामिल हैं, इस योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं।

**158. हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचे (IPEF) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचे(IPEF) फ्राँस के नेतृत्व वाली एक पहल है, जिसे वर्ष 2022 में लॉन्च किया गया है, जिसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में गहन आर्थिक एकीकरण हेतु एक क्षेत्रीय ढाँचा तैयार करना है।
2. IPEF के 14 सदस्य हैं जिनमें ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, न्यूज़ीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।
3. हाल ही में भारत ने हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचे के तत्वावधान में निष्पक्ष और स्वच्छ अर्थव्यवस्था समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/ हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचा (IPEF):**

- **हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचा (IPEF)** एक **अमेरिकी नेतृत्व वाली पहल है** , जिसे वर्ष 2022 में लॉन्च किया गया है, जिसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में गहन आर्थिक एकीकरण हेतु एक क्षेत्रीय ढाँचा तैयार करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अमेरिका और भारत के अलावा, IPEF में ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, न्यूज़ीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और वियतनाम सहित 14 सदस्य हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत ने हाल ही में हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचा (IPEF) के तत्वावधान में निष्पक्ष और स्वच्छ अर्थव्यवस्था समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**159. MSCI ऑल कंट्रीज वर्ल्ड इंडेक्स के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MSCI ऑल कंट्रीज वर्ल्ड इंडेक्स वैश्विक शेयर बाज़ार के प्रदर्शन का प्राथमिक माप है।
2. इस वैश्विक सूचकांक में भारत, फ्राँस के साथ संयुक्त रूप से सबसे बड़े बाजार के रूप में पाँचवें स्थान पर है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

MSCI **ऑल कंट्रीज वर्ल्ड इंडेक्स:**

- MSCI ऑल कंट्रीज वर्ल्ड इंडेक्स **वैश्विक शेयर बाज़ार के** प्रदर्शन का प्राथमिक माप है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस वैश्विक सूचकांक में भारत 2.35 प्रतिशत भार के साथ फ्राँस के साथ संयुक्त रूप से **सबसे बड़े बाजार** के रूप में **पाँचवें** स्थान पर है। **इसलिए, कथन 2 सही है।**
- मॉर्गन स्टेनली के अनुसार, अगस्त के अंत तक भारत उभरते बाज़ारों (EM) में चीन को पीछे छोड़कर सबसे बड़ा बाज़ार बन गया है।

- यह MSCI इमर्जिंग मार्केट (ईएम) निवेश योग्य मार्केट सूचकांक (IMI) में भारत के शेयरों के कुल भार पर आधारित है।

**160. राष्ट्रीय वित्तीय नियामक प्राधिकरण (NFRA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कंपनी अधिनियम, 2013 द्वारा NFRA के लिये नियामक ढाँचा प्रदान किया गया, लेकिन NFRA 1 अक्तूबर, 2018 को अस्तित्व में आया।
2. NFRA का प्राथमिक उद्देश्य वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मज़बूत करना और वित्तीय विवरणों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है।
3. इसका कार्य केवल सूचीबद्ध कम्पनियों और उनके लेखापरीक्षण को विनियमित करना है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय वित्तीय विनियामक प्राधिकरण (NFRA):**

- कंपनी अधिनियम **, 2013 ने** NFRA के लिये नियामक ढाँचा प्रदान किया, लेकिन NFRA 1 अक्तूबर, 2018 को अस्तित्व में आया। **अत: कथन 1 सही है।**
- NFRA का प्राथमिक उद्देश्य वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मज़बूत करना और वित्तीय विवरणों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे **सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध दोनों** कंपनियों को विनियमित करने और उनके लेखापरीक्षण का कार्य सौंपा गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**161. नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (National Credit Framework) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (NCrF) कई परिवर्तनकारी सुधारों में से एक है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NCrF), 2020 से प्राप्त हुए हैं।
2. NCRF एक नियामक ढाँचा न होकर एक सक्षम ढाँचा है।
3. जब उच्च शिक्षा संस्थान (HEI) NCrF को अपनाते हैं, तो छात्र विभिन्न गतिविधियों के लिये क्रेडिट अर्जित कर सकते हैं, बशर्ते कि वे मूल्यांकन की प्रक्रिया से गुजरें।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (NCrF):**

- राष्ट्रीय **शिक्षा नीति (NEP), 2020** एक विज़न दस्तावेज़ है जो इस बात की व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत करता है कि औपनिवेशिक मानसिकता के चंगुल से मुक्त होते हुए भारत में शिक्षा को कैसे परिवर्तित किया जा सकता है।
- नेशनल **क्रेडिट फ्रेमवर्क (NCrF)** कई परिवर्तनकारी सुधारों में से एक है, जो **NEP से प्राप्त हुए हैं**, जो स्कूल, उच्च, व्यावसायिक और कौशल शिक्षा प्रदान करने वाले शैक्षणिक संस्थानों के लिये एक लचीला टेम्पलेट प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - NCrF का उपयोग करते हुए, उच्च शिक्षा संस्थान (NCrF) कौशल शिक्षा सहित **बहु-विषयक शिक्षा में क्रेडिट का एकीकृत संचयन और हस्तांतरण कर सकते हैं।**
- NCrF एक नियामक ढाँचा होने के बजाय एक सक्षम ढाँचा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जब उच्च शिक्षा संस्थान NCrF को अपनाते हैं, तो छात्र विभिन्न गतिविधियों में क्रेडिट अर्जित कर सकते हैं, बशर्ते वे मूल्यांकन से गुजरें। **अत: कथन 3 सही है।**

**162. 6वें क्वाड शिखर सम्मेलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिये हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रशिक्षण हेतु समुद्री पहल (MAITRI) की शुरुआत की गई है।
2. अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाने के लिये वर्ष 2030 में पहली बार क्वाड-एट-सी शिप ऑब्जर्वर मिशन की योजना बनाई गई है।
3. क्वाड देशों ने गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर के उपचार के लिये "कैंसर मूनशॉट" के लिये प्रतिबद्धता व्यक्त की।

नोट :

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**6वाँ क्वाड शिखर सम्मेलन:**

- क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिये **हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रशिक्षण हेतु समुद्री पहल (MAITRI) की** शुरुआत की गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इंटरऑपरेबिलिटी को बढ़ाने के लिये **2025 में** पहली बार क्वाड-एट-सी शिप ऑब्जर्वर मिशन की योजना बनाई गई है । **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- क्वाड देशों ने गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के उपचार के लिये **"कैंसर मूनशॉट" के लिये प्रतिबद्धता जताई। अतः कथन 3 सही है।**

**163. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया है कि वास्तविक या भौतिक कब्जे या भंडारण के बिना इंटरनेट पर बाल पोर्नोग्राफिक सामग्री को देखना या प्रदर्शित करना भी POCSO की धारा 15 के अनुसार 'कब्ज़ा' माना जाएगा।

**कथन-II:** सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को व्यापक यौन शिक्षा कार्यक्रम लागू करने की सलाह दी है जिसमें बाल पोर्नोग्राफी के कानूनी और नैतिक परिणाम शामिल हों।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**बाल पोर्नोग्राफी:**

- किसी व्यक्ति द्वारा इंटरनेट पर किसी भी बाल पोर्नोग्राफ़िक सामग्री को देखने, वितरित करने या प्रदर्शित करने का कोई भी कार्य, किसी भी उपकरण या किसी भी रूप या तरीके से ऐसी सामग्री के वास्तविक या भौतिक कब्जे या भंडारण के बिना भी POCSO की धारा 15 के अनुसार 'कब्ज़ा' माना जाएगा, बशर्ते कि उक्त व्यक्ति रचनात्मक कब्जे के सिद्धांत के आधार पर ऐसी सामग्री पर एक निश्चित सीमा तक नियंत्रण रखता हो। **अतः कथन-I सही है।**
- इसने सरकार को **व्यापक यौन शिक्षा कार्यक्रम लागू करने की सलाह दी है** जिसमें बाल पोर्नोग्राफी के कानूनी और नैतिक प्रभाव शामिल हैं जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।**

**164. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून पर संयुक्त राष्ट्र आयोग (UNCITRAL) ने चार स्तंभों पर विकसित अपने मॉडल कानून को सभी देशों में लागू करने का प्रयास किया है।

**कथन-II:** किसी देश की कानूनी पारिस्थितिकी तंत्र में सीमापार शासन व्यवस्थाओं का एकीकरण, सुदृढ़ शोधन अक्षमता कानूनों की पहचान माना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**शोधन अक्षमता कानून:**

- वर्ष 1990 के दशक के उत्तरार्ध से, **अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून पर संयुक्त राष्ट्र आयोग (UNCITRAL) ने** चार स्तंभों (पहुँच, मान्यता, सहयोग और समन्वय) पर विकसित अपने मॉडल कानून को राष्ट्रों में लागू करने का प्रयास किया है। **अतः कथन-I सही है।**
  - **दिवालियापन और शोधन अक्षमता संहिता (IBC), 2016 का** मसौदा तैयार करते समय **शोधन अक्षमता कानून सुधार समिति द्वारा,** साथ ही भारत सरकार (आर्थिक

नोट :

सर्वेक्षण, 2022) द्वारा इसके संभावित लाभों को भारत सहित कई देशों में मान्यता दी गई है।

- इस विषय पर कई समितियों की सिफारिशों के बावजूद भारत ने अभी तक मॉडल कानून को नहीं अपनाया है।

- **किसी देश के कानूनी पारिस्थितिकी तंत्र में सीमापार शासनों का एकीकरण,** सुदृढ़ शोधन अक्षमता कानूनों की पहचान माना जाता है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या करता है।**

**165. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में जीवाश्म ईंधन देश की विद्युत् आवश्यकता का एक-चौथाई हिस्सा पूरा करते हैं।
2. विद्युत गतिशीलता को अपनाने का एक प्रमुख नीतिगत उद्देश्य सड़क परिवहन को कार्बन मुक्त करना है, जो भारत के ऊर्जा-संबंधी कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में लगभग 12% का योगदान देता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत में, जीवाश्म ईंधन देश की विद्युत् आवश्यकता का **तीन-चौथाई हिस्सा पूरा करते हैं।अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बदलाव का एक प्रमुख नीतिगत उद्देश्य **सड़क परिवहन को डीकार्बोनाइज करना है** जो भारत के ऊर्जा-संबंधित कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में लगभग 12% का योगदान देता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**166. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जबकि वैश्विक सेमीकंडक्टर जनशक्ति का 20% भारत में स्थित है, भारत हमेशा से विदेशी कंपनियों के लिये बैक-एंड डिज़ाइन और सेवा केंद्र रहा है।
2. भारत की Bharat Semi और 3rdiTech ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए पहला इंडो-यूएस सेमीकंडक्टर फैब बनाने के लिये अमेरिकी अंतरिक्ष बल के साथ सहयोग पर हस्ताक्षर किये हैं।
3. नया सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र इन्फ्रारेड, गैलियम नाइट्राइड और सिलिकॉन कार्बाइड सेमीकंडक्टर के विनिर्माण के उद्देश्य से स्थापित किया जाएगा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**अर्द्धचालक (सेमीकंडक्टर):**

- भारत लंबे समय से बैक-एंड डिज़ाइन और सेवाओं का केंद्र रहा है; लगभग सभी भारतीय प्रतिभाएँ अंतर्राष्ट्रीय निगमों के बैक ऑफिस में कार्यरत हैं, भले ही देश में दुनिया के सेमीकंडक्टर कार्यबल का 20% कार्यरत है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **भारत की** Bharat Semi **और** 3rdiTech (उत्तरार्द्ध मूलत: रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित iDEX उद्यम का उत्पाद है, और इसकी एक उपलब्धि है) ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए पहला इंडो-यूएस सेमीकंडक्टर फैब बनाने के लिये **यूएस स्पेस फोर्स के साथ सहयोग किया है। अत: कथन 2 सही है।**
- नया सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र **भारतीय सेमीकंडक्टर मिशन से समर्थित इन्फ्रारेड, गैलियम नाइट्राइड और सिलिकॉन कार्बाइड सेमीकंडक्टर के निर्माण के उद्देश्य से** स्थापित किया जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**167. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** मस्तिष्क-कम्प्यूटर इंटरफेस (BCI) शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के लिये संचार, नियंत्रण और यहाँ तक कि संवेदना को बहाल करने में वास्तविक दुनिया की क्षमता प्रदर्शित करते हैं।

**कथन-II:** मस्तिष्क प्रत्यारोपण द्वारा संभव बनाई गई नवीन प्रौद्योगिकियां विकलांग लोगों के लिये दुनिया के साथ उन तरीकों से जुड़ने के नए रास्ते खोल रही हैं, जिन्हें पहले असंभव माना जाता था।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ब्रेन-कम्प्यूटर इंटरफेस (BCI):**

- ब्रेन-कम्प्यूटर इंटरफेस (BCI) शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के लिये संचार, नियंत्रण और यहाँ तक कि संवेदना को बहाल करने में वास्तविक दुनिया की क्षमता प्रदर्शित करते हैं। **इसलिए, कथन-I सही है।**
  - यह तकनीक **उन पैराप्लेजिक रोगियों के लिए अत्यधिक लाभकारी हो सकती है** , जो रीढ़ की हड्डी की चोट या बीमारी के कारण अपने शरीर के अंगों को हिलाने या नियंत्रित करने की क्षमता खो चुके हैं।
  - मस्तिष्क **गति-संबंधी आदेश भेज सकता है** , लेकिन कटी हुई रीढ़ की हड्डी इन संदेशों को उनके इच्छित लक्ष्य, जैसे हाथ या पैर तक पहुंचने से रोकती है।
  - बी.सी.आई. **क्षतिग्रस्त मार्गों को बायपास करते हुए** , एक नया संचार चैनल उपलब्ध कराते हैं।
- मस्तिष्क प्रत्यारोपण द्वारा संभव बनाई गई नवीन प्रौद्योगिकियां विकलांग लोगों के लिये दुनिया के साथ उन तरीकों से जुड़ने के नए रास्ते खोल रही हैं, जिन्हें पहले असंभव माना जाता था। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।**

**168. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 14वें वित्त आयोग (FC) ने राज्यों को अप्रतिबंधित हस्तांतरण को अभूतपूर्व 10 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 42% कर दिया।
2. 15वें वित्त आयोग ने क्षैतिज हस्तांतरण के लिये राज्यों के जनसांख्यिकीय प्रदर्शन को अधिकतम महत्त्व दिया है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वित्त आयोग:**

- **14 वें वित्त आयोग (FC) ने राज्यों** को अनटाइड ट्रांसफर (करों के विभाज्य पूल से हिस्सा) को अभूतपूर्व 10 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 42% कर दिया (यह 15वें FC द्वारा काफी हद तक बरकरार रखा गया था)। **अत: कथन 1 सही है।**
- **15 वें वित्त आयोग ने** क्षैतिज हस्तांतरण के तहत जनसांख्यिकीय प्रदर्शन को 12.5%, **आय को 45%, जनसंख्या और क्षेत्र को 15%, वन और पारिस्थितिकी को** 10% तथा कर एवं राजकोषीय प्रयासों को 2.5% भार प्रदान करने का सुझाव दिया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**169. लेबनान निम्नलिखित में से किससे घिरा हुआ है ?**

1. सीरिया
2. इज़रायल
3. भूमध्य सागर

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**लेबनान:**

- लेबनान पश्चिम एशिया के लेवेंट क्षेत्र में स्थित एक देश है।
  - इसकी सीमा उत्तर और पूर्व में सीरिया, दक्षिण में इज़रायल तथा पश्चिम में भूमध्य सागर से लगती है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**170. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 324 के अंतर्गत संसद और राज्य विधानसभाओं के सभी चुनाव भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित किये जाते हैं।
2. चुनाव कराने के लिये आवश्यक धनराशि संसद द्वारा बजट के एक भाग के रूप में स्वीकृत की जाती है।
3. जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत राज्य सरकारों को चुनाव प्रयोजनों हेतु परिसर और यहाँ तक कि वाहनों को भी अधिगृहीत करने का अधिकार है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**चुनाव:**

- **अनुच्छेद 324** के तहत **संसद और राज्य विधानसभाओं** के सभी चुनाव भारत के चुनाव आयोग (ECI) द्वारा आयोजित किये जाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- चुनाव संपन्न कराने हेतु आवश्यक धनराशि संसद द्वारा बजट के एक भाग के रूप में स्वीकृत की जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160** के तहत, राज्य सरकारों को चुनाव उद्देश्यों के लिये परिसर और यहाँ तक कि वाहनों की भी मांग करने का अधिकार है। **अत: कथन 3 सही है।**

**171. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राज्य अमेरिका को लगभग एकाधिकार प्राप्त है, जो विश्व भर में दुर्लभ मृदा उत्पादन के 60%, महत्त्वपूर्ण खनिजों के उत्पादन के 60% तथा प्रसंस्करण के 80% पर नियंत्रण रखता है।
2. एंटीमनी एक महत्त्वपूर्ण खनिज है, जिसका उपयोग रक्षा जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में, तथा मिसाइलों, इन्फ्रारेड संसरों, फ्लेयर्स आदि जैसे सैन्य उपकरणों में किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**महत्त्वपूर्ण खनिज:**

- **चीन को** लगभग एकाधिकार प्राप्त है, जो दुर्लभ मृदा उत्पादन का 60%, महत्वपूर्ण खनिजों का 60% उत्पादन और दुनिया भर में प्रसंस्करण का 80% नियंत्रित करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **एंटीमनी एक महत्वपूर्ण खनिज है** जिसका उपयोग रक्षा जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में, मिसाइलों, इन्फ्रारेड सेंसर, फ्लेयर्स आदि जैसे सैन्य उपकरणों के लिए किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**172. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 26 सितंबर को परमाणु हथियारों के संपूर्ण उन्मूलन के लिये अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है।
2. वर्ष 2021 में लागू भारत परमाणु हथियार निषेध संधि (TPNW) के संस्थापक सदस्यों में से एक है।
3. TPNW पर हस्ताक्षर करने वाले देशों पर किसी भी परमाणु विस्फोटक उपकरण के विकास, परीक्षण, उत्पादन, अधिग्रहण, कब्जा, भंडारण, उपयोग या उपयोग करने की धमकी पर प्रतिबंध है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं/ हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**परमाणु हथियार:**

- 26 सितंबर को परमाणु हथियारों के सम्पूर्ण उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **भारत परमाणु हथियार निषेध संधि (TPNW) का सदस्य नहीं** है, जो वर्ष 2021 में लागू हुई। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- TPNW के हस्ताक्षरकर्त्ताओं को किसी भी परमाणु विस्फोटक उपकरण के विकास, परीक्षण, उत्पादन, अधिग्रहण, कब्जा, भंडारण, उपयोग या उपयोग करने की धमकी पर प्रतिबंध है।
- **अत: कथन 3 सही है।**

**173. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली वात्सल्य (NPS वात्सल्य) योजना के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना के तहत, वात्सल्य खाता खोलने के लिये न्यूनतम 1,000 रुपए का प्रारंभिक योगदान आवश्यक है।
2. वयस्क होने पर, खाता स्वचालित रूप से मानक NPS खाते में परिवर्तित हो जाता है।
3. NPS वात्सल्य बाज़ार से जुड़े रिटर्न की पेशकश करता है, जो परिसंपत्ति आवंटन निर्णयों और वित्तीय बाज़ार के प्रदर्शन के आधार पर उच्च निवेश वृद्धि की सुविधा प्रदान करता है।

नोट :

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली वात्सल्य (NPS वात्सल्य) योजना:**

- इस योजना के तहत, वात्सल्य खाता खोलने के लिये न्यूनतम 1,000 रुपए का प्रारंभिक योगदान आवश्यक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वयस्कता (18 वर्ष) तक पहुँचने पर, खाता स्वचालित रूप से एक मानक **राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS)** खाते में **परिवर्तित हो जाता है। अत: कथन 2 सही है।**
- NPS वात्सल्य बाज़ार से जुड़े रिटर्न प्रदान करता है, जो परिसंपत्ति आवंटन निर्णयों और वित्तीय बाज़ार के प्रदर्शन के आधार पर उच्च निवेश वृद्धि की सुविधा प्रदान करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**174. आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये वे पौधे हैं जिनके DNA को आनुवंशिक इंजीनियरिंग तकनीकों का उपयोग करके परिवर्तित किया गया है।
2. भारत बीटी कॉटन के साथ GM फसलों को पेश करने वाला विश्व का पहला देश था।
3. भारत में, GM फसलों को मंजूरी देने के लिये जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC) ज़िम्मेदार है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलें:**

- आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलें वे पौधे हैं जिनके DNA को आनुवंशिक इंजीनियरिंग तकनीकों का उपयोग करके **परिवर्तित कर दिया गया है। अत: कथन 1 सही है।**
    - इस प्रक्रिया में वांछित लक्षण उत्पन्न करने के लिये नए जीनों को शामिल करना या मौजूदा जीनों को संशोधित करना शामिल है।
- GM फसलों को वर्ष 1994 में सर्वप्रथम संयुक्त राज्य **अमेरिका** में फ्लेवर सेवर टमाटर (Flavr Savr tomato) के रूप में पेश किया गया था। टमाटर के पकने की प्रक्रिया को धीमा करने और इसके नरम पड़ने एवं सड़ने को विलंबित करने के लिये आनुवंशिक संशोधन के साथ यह टमाटर किस्म विकसित की गई थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- जेनेटिक **इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC)** जीएम फसलों को मंजूरी देने के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 3 सही है।**

**175. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** कई भारतीय कंपनियाँ और आउटबाउंड फंड मॉरीशस को अफ्रीका में निवेश के लिये एक निवेश केंद्र और प्रवेश बिंदु के रूप में उपयोग कर रहे हैं।

**कथन-II:** भौगोलिक निकटता, राजनीतिक स्थिरता और मज़बूत नियामक वातावरण के संयोजन ने मॉरीशस को अफ्रीका में निवेश के लिये पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित किया है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मॉरीशस:**

- कई भारतीय कंपनियाँ और आउटबाउंड फंड, **मॉरीशस को अफ्रीका में निवेश के लिये एक निवेश केंद्र** और प्रवेश बिंदु के रूप में उपयोग कर रहे हैं। **अत: कथन-I सही है।**
- **भौगोलिक निकटता, राजनीतिक स्थिरता और मज़बूत विनियामक वातावरण** के संयोजन ने मॉरीशस को अफ्रीका में निवेश के लिये एक बेहतरीन गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।**

**176. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत में दो प्रकार के कौशल-अंतराल हैं, एक जहाँ रोज़गार चाहने वालों के पास खराब प्रशिक्षण के कारण योग्यता होने के बावजूद उचित कौशल की कमी है, तथा दूसरा जहाँ उन्हें कोई कौशल प्रशिक्षण नहीं मिलता है।

**कथन-II:** खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र और परिधान क्षेत्र बहुत से रोज़गार उत्पन्न करते हैं और कृषि तथा विनिर्माण से जुड़े होते हैं, लेकिन वे वैश्विक बाज़ारों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्द्धा करने के लिये संघर्ष कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत में, **दो प्रकार के कौशल-अंतराल है**, एक जहाँ नौकरी चाहने वालों के पास खराब प्रशिक्षण के कारण योग्यता होने के बावजूद उचित कौशल की कमी है, और दूसरा जहाँ उन्हें कोई कौशल प्रशिक्षण नहीं मिलता है। **इसलिए, कथन-I सही है।**
- **खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा** और परिधान क्षेत्र कई नौकरियाँ पैदा करते हैं और कृषि और विनिर्माण से जुड़े होते हैं, लेकिन वे वैश्विक बाजारों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।**

**177. लोकपाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. भारत के प्रधानमंत्री को लोकपाल के क्षेत्राधिकार से बाहर रखा गया है।
2. संसद में कही गई किसी बात या दिये गए वोट के मामले में मंत्रियों या सांसदों पर लोकपाल का क्षेत्राधिकार नहीं है।
3. यदि लोकपाल ने कोई मामला CBI को भेजा है तो ऐसे मामले में जाँच अधिकारी को लोकपाल की मंजूरी के बिना स्थानांतरित नहीं किया जा सकता।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लोकपाल:**

- लोकपाल के क्षेत्राधिकार में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों, सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष से संबंधित भ्रष्टाचार के आरोपों को छोड़कर **प्रधानमंत्री शामिल हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- संसद में कही गई किसी बात या दिये गए वोट के मामले में मंत्रियों या सांसदों पर लोकपाल का क्षेत्राधिकार नहीं है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यदि लोकपाल ने कोई मामला CBI को भेजा है, तो ऐसे मामले में जाँच अधिकारी को लोकपाल की मंजूरी के बिना स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**178. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पुरानी पेंशन योजना (OPS) के तहत सरकारी कर्मचारियों को उनके अंतिम वेतन के आधार पर एक निश्चित पेंशन प्रदान की जाती थी, जिसका भुगतान करने की पूरी ज़िम्मेदारी सरकार की होती थी।
2. OPS को अक्सर नई पेंशन योजना (NPS) की तुलना में अधिक सुरक्षित प्रणाली के रूप में देखा जाता है, जो सेवानिवृत्ति निधि को अस्थिर बाज़ार स्थितियों से जोड़ती है।
3. OPS से NPS की ओर बदलाव कल्याणकारी प्रावधानों में राज्य की भागीदारी को कम करने और जोखिम को व्यक्तियों पर स्थानांतरित करने की नवउदारवादी प्रवृत्ति को दर्शाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**पेंशन योजनाएँ:**

- वर्ष 2004 से पहले, **पुरानी पेंशन योजना (OPS)** सरकारी कर्मचारियों को उनके अंतिम वेतन के आधार पर एक निश्चित

पेंशन प्रदान करती थी, जिसका भुगतान करने की पूरी ज़िम्मेदारी सरकार की होती थी। **अतः कथन 1 सही है।**

- **पुरानी पेंशन योजना (OPS)** को अक्सर **नई पेंशन योजना (NPS) की तुलना में अधिक सुरक्षित प्रणाली के रूप में देखा जाता है**, जो सेवानिवृत्ति निधि को अस्थिर बाजार स्थितियों से जोड़ती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- OPS से NPS में बदलाव कल्याणकारी प्रावधानों में राज्य की भागीदारी को कम करने और जोखिम को व्यक्तियों पर स्थानांतरित करने की **नवउदारवादी प्रवृत्ति को दर्शाता है। अतः कथन 3 सही है।**
    - **नवउदारवाद** एक **राजनीतिक और आर्थिक दर्शन है,** जो अर्थव्यवस्था में **सरकारी हस्तक्षेप को कम करने पर ज़ोर देता है, तथा मुक्त बाज़ार, विनियमन और निजीकरण का समर्थन करता है।**
    - कल्याणकारी प्रावधानों के संदर्भ में, नवउदारवाद **राज्य से ज़िम्मेदारी को व्यक्ति पर** स्थानांतरित करने को बढ़ावा देता है।

**179. मेक इन इंडिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2014 में लॉन्च किये गए मेक इन इंडिया का मुख्य उद्देश्य देश को एक अग्रणी वैश्विक विनिर्माण और निवेश गंतव्य में बदलना है।
2. इसका उद्देश्य व्यवसाय के सम्पूर्ण जीवन चक्र के दौरान उद्योग को लाइसेंस एवं विनियमन-मुक्त करना है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मेक इन इंडिया:**

- वर्ष 2014 में लॉन्च किये गए मेक इन इंडिया का मुख्य उद्देश्य देश को एक अग्रणी वैश्विक विनिर्माण और निवेश गंतव्य में बदलना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य व्यवसाय के संपूर्ण जीवन चक्र के दौरान उद्योग को **लाइसेंस और** विनियमन-मुक्त करना है । **अतः कथन 2 सही है।**

**180. दिल्ली शीतकालीन कार्य योजना के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. पहली बार, ड्रोन द्वारा शहर भर में प्रदूषण के प्रमुख स्थानों की निगरानी की जाएगी, ताकि वास्तविक समय पर आँकड़े उपलब्ध कराए जा सकें तथा प्रदूषण नियंत्रण प्रयासों को बढ़ाया जा सके।
2. कार्य योजना के कार्यान्वयन की निगरानी तथा प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिये एक समर्पित कार्यबल स्थापित किया जाएगा।
3. रणनीति का एक महत्त्वपूर्ण घटक सभी निजी और सरकारी संगठनों हेतु अनिवार्य रूप से घर से कार्य (वर्क फ्रॉम होम) करने की नीति है, जिसका उद्देश्य वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को कम करना है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**दिल्ली शीतकालीन कार्य योजना:**

- पहली बार, ड्रोन द्वारा शहर भर में प्रदूषण के प्रमुख स्थानों की निगरानी की जाएगी, ताकि वास्तविक समय पर आँकड़े उपलब्ध कराए जा सकें तथा प्रदूषण नियंत्रण प्रयासों को बढ़ाया जा सके। **अतः कथन 1 सही है।**
- कार्य योजना के कार्यान्वयन की निगरानी एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु एक **समर्पित टास्क फोर्स की स्थापना की जाएगी। अतः कथन 2 सही है।**
- रणनीति का एक महत्वपूर्ण घटक **घर से कार्य (वर्क फ्रॉम होम) करने की नीति है,** जिसका उद्देश्य निजी संगठनों को दूरस्थ कार्य अपनाने के लिये **प्रोत्साहित करके वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को कम करना है। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**181. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में "चाइल्ड पोर्नोग्राफी" शब्द को "बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री" (CSEAM) शब्द से परिवर्तित करने की सिफारिश की है, जिससे नाबालिगों की विधिक सुरक्षा को बल मिलेगा।

**कथन-II:** "पोर्नोग्राफी" शब्द का अर्थ अक्सर वयस्कों के बीच सहमति से किया गया कार्य है। जो नाबालिगों से जुड़ी सामग्री की गैर-सहमति और अपमानजनक प्रकृति को गलत तरीके से दर्शाता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री (सीएसईएएम):**

- हाल ही में **सर्वोच्च न्यायालय ने** अपने फैसले में**"चाइल्ड पोर्नोग्राफी" शब्द को "बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री" (CSEAM)** शब्द से परिवर्तित करने की सिफारिश की है, जिससे नाबालिगों की विधिक सुरक्षा को बल मिलेगा। **अतः कथन-I सही है।**
  - "CSEAM" शब्द को अपनाकर सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर ज़ोर दिया है कि यह सामग्री **दुरुपयोग और शोषण का रिकॉर्ड है** , न कि मनोरंजन या सहमति का।
  - यह पुनर्परिभाषा बाल पीड़ितों पर पड़ने वाले आघात को मान्यता प्रदान करती है। जब भी ऐसी सामग्री देखी या साझा की जाती है, उनके **अधिकारों और सम्मान का** हर बार उल्लंघन होता है।
- "पोर्नोग्राफी" शब्द का अर्थ अक्सर **वयस्कों के बीच सहमति से किया गया कार्य है।** जो नाबालिगों से जुड़ी सामग्री की गैर-सहमति और अपमानजनक प्रकृति को गलत तरीके से दर्शाता है। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की व्याख्या करता है।**

**182. समृद्धि के लिये भारत-प्रशांत आर्थिक ढाँचे (IPEF) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे 21वीं सदी की आर्थिक समस्याओं से निपटने के लिये एक नवीन दृष्टिकोण के रूप में प्रस्तावित किया गया था, जिसका प्रभाव वैश्विक व्यापार और व्यवसाय पर पड़ता है।
2. हाल ही में IPEF की आपूर्ति शृंखला परिषद (SCC), संकट प्रतिक्रिया नेटवर्क (CRN) की पहली व्यक्तिगत बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई।
3. वर्तमान में भारत आपूर्ति शृंखला परिषद का उपाध्यक्ष है, जबकि अमेरिका इसका अध्यक्ष है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**समृद्धि के लिये भारत-प्रशांत आर्थिक ढाँचा (IPEF):**

- IPEF को 21वीं सदी की आर्थिक समस्याओं से निपटने के लिये एक नए दृष्टिकोण के रूप में प्रस्तावित किया गया था जो वैश्विक व्यापार और व्यवसाय को प्रभावित करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- IPEF की आपूर्ति शृंखला परिषद (SCC), संकट प्रतिक्रिया नेटवर्क (CRN) की पहली व्यक्तिगत बैठक 12 सितंबर से 13 सितंबर 2024 तक वाशिंगटन डीसी में आयोजित की गई थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत वर्तमान में आपूर्ति शृंखला परिषद (SCC) का उपाध्यक्ष है, जबकि अमेरिका अध्यक्ष है। **अतः कथन 3 सही है।**

**183. परमाणु ऊर्जा के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के पास प्रचुर मात्रा में परमाणु ईंधन है, तथा यहाँ थोरियम का सबसे बड़ा भंडार है, जो विश्व के आधे से अधिक भंडारों के बराबर है।
2. भारत की वर्तमान परमाणु क्षमता मात्र 8 गीगावाट (Gw) है, जो कुल स्थापित क्षमता का 2% से भी कम है।
3. स्माल मॉड्यूलर रिएक्टर प्रौद्योगिकी के कारण रिएक्टरों का निर्माण कारखानों में कर उन्हें कार्यस्थल तक पहुँचाया जा सकता है, जिससे परमाणु संयंत्रों की संचालन क्षमता बढ़ जाती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**परमाणु ऊर्जा:**

- **परमाणु ऊर्जा** स्वच्छ और कुशल दोनों है, और भारत में **सबसे बड़े थोरियम भंडार के साथ प्रचुर मात्रा में परमाणु ईंधन हैं,** जो विश्व के **भंडार का 25%** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्तमान परमाणु क्षमता मात्र 8 गीगावाट (Gw) है, जो कुल स्थापित क्षमता का **2% से भी कम** है। **अत: कथन 2 सही है।**
- स्माल मॉड्यूलर रिएक्टर प्रौद्योगिकी के कारण रिएक्टरों का निर्माण कारखानों में कर उन्हें कार्यस्थल तक पहुँचाया जा सकता है, जिससे परमाणु संयंत्रों की संचालन क्षमता बढ़ जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**184. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ऑटोमोटिव उद्योग भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 7.1% हिस्सा है, जो 19 मिलियन लोगों को प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रोज़गार प्रदान करता है।
2. पीएम ई-ड्राइव योजना, भारत में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेज़ी से अपनाने तथा विनिर्माण (FAME इंडिया) योजना चरण-II की परवर्ती योजना है।
3. पीएम-ई-बस सेवा-भुगतान सुरक्षा तंत्र योजना सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से निजी क्षेत्र की भागीदारी को सुविधाजनक बनाकर सार्वजनिक ई-बस को अपनाने को बढ़ावा दे सकती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **भारी उद्योग मंत्रालय** के अनुसार , ऑटोमोटिव उद्योग भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 7.1% हिस्सा है, जो 19 मिलियन लोगों को प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **'पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट' ( PM E-DRIVE )** को कैबिनेट द्वारा मंज़ूरी देना, भारत की सतत् गतिशीलता परिवर्तन को मुख्यधारा में लाने की दिशा में राष्ट्रीय नीतियों के विकास में अगले चरण का प्रतीक है।
  - पीएम ई-ड्राइव योजना, भारत में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेज़ी से अपनाने तथा विनिर्माण (FAME इंडिया) योजना चरण-II की परवर्ती योजना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- पीएम **-ई-बस सेवा-भुगतान सुरक्षा तंत्र योजना** सार्वजनिक-निजी भागीदारी मार्ग के माध्यम से निजी क्षेत्र की भागीदारी को सुविधाजनक बनाकर सार्वजनिक ई-बस अपनाने को बढ़ावा दे सकती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**185. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2026 से यूरोपीय संघ निर्यातक देश में वस्तुओं के उत्पादन के दौरान होने वाले उत्सर्जन के आधार पर आयातित वस्तुओं पर कार्बन कर लगाने को प्रस्तावित करता है।
2. यह शुल्क प्रारंभ में केवल लोहा एवं इस्पात उद्योग पर लागू होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2026 से शुरू होकर, **यूरोपीय संघ** निर्यातक देश में वस्तुओं के उत्पादन के दौरान उत्सर्जन के आधार पर आयातित वस्तुओं पर **कार्बन कर लगाने** को प्रस्तावित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस कर का उद्देश्य **खामियों को दूर कर कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करना है।**
- यह शुल्क **छह ऊर्जा-गहन** और व्यापार-उन्मुख क्षेत्रों अर्थात् लोहा और इस्पात, सीमेंट, उर्वरक, एल्यूमीनियम, विद्युत् और हाइड्रोजन पर लागू होगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**186. उपकर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उपकर एक विशिष्ट कर है जिसे केंद्र सरकार किसी निर्दिष्ट उद्देश्य के लिये धन एकत्रित करने हेतु अध्यारोपित करती है।
2. उपकर को राज्य सरकारों के साथ साझा नहीं किया जाता है; एकत्रित धनराशि केंद्र सरकार के पास रहती है।
3. वर्तमान में, केंद्र सरकार द्वारा अध्यारोपित एकमात्र उपकर GST क्षतिपूर्ति उपकर है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**उपकर:**

- उपकर एक विशिष्ट कर है जिसे केंद्र सरकार किसी निर्दिष्ट उद्देश्य के लिये धन एकत्रित करने हेतु अध्यारोपित करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- उपकर राज्य सरकारों के साथ **साझा नहीं किया जाता है,** एकत्रित धन केंद्र सरकार के पास रहता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- केंद्र सरकार वर्तमान में GST क्षतिपूर्ति उपकर, **स्वास्थ्य और शिक्षा**, सड़क और बुनियादी ढाँचे, कृषि और विकास, स्वच्छ भारत, निर्यात और कच्चे तेल आदि पर उपकर लगाती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**187. प्रेस नोट 3 (PN3) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. भारत ने प्रेस नोट 3 (PN3) नामक एक नया प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) विनियमन अपनाया।
2. PN3 को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 के माध्यम से लागू किया जाता है।
3. इसका उद्देश्य पड़ोसी देशों से निवेश के लिये पूर्व सरकारी अनुमोदन की आवश्यकता के माध्यम से महामारी से कमज़ोर हुई भारतीय कंपनियों के अवसरवादी अधिग्रहण को रोकना है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रेस नोट 3 (PN3):**

- भारत ने प्रेस नोट 3 (PN3) नामक एक नया FDI विनियमन अपनाया। **अत: कथन 1 सही है।**
- PN3 को **विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 के माध्यम से लागू किया जाता है**, जो भारत में विदेशी मुद्रा बाजार के व्यवस्थित विकास और रखरखाव के लिए वास्तुकला प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- पीएन3 का उद्देश्य पड़ोसी देशों से निवेश के लिए पूर्व सरकारी अनुमोदन की आवश्यकता के माध्यम से महामारी से कमजोर हुई भारतीय कंपनियों के अवसरवादी अधिग्रहण को रोकना है। **इसलिए, कथन 3 सही है।**
  - यद्यपि कई देश भारत के साथ स्थलीय सीमा साझा करते हैं, इस विनियमन का उद्देश्य भारत में चीनी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पर अंकुश लगाना है।

**188. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2013 में आई मंदी के बाद भारत ने आर्थिक स्थिरता को मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित किया, जिससे उसे हाल के वर्षों में वैश्विक चुनौतियों से निपटने में मदद मिली।
2. भारत में, जहाँ भोजन एक प्रमुख व्यय है, जलवायु संबंधी असंतुलन लंबी अवधि के लिये मुद्रास्फीति में वृद्धि कर सकते हैं, तथा नीतिगत प्रतिक्रियाएँ विकास को धीमा कर सकती हैं।
3. निरंतर भू-राजनीतिक तनाव भी आपूर्ति शृंखलाओं और पूंजी प्रवाह में व्यवधान के कारण गंभीर चुनौतियाँ उत्पन्न कर सकता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही *नहीं* हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **वर्ष 2013 के टेपर टैंट्रम प्रकरण** के दौरान पीड़ित होने के बाद, भारत में नीति निर्माताओं ने व्यापक आर्थिक स्थिरता को मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित किया, जिससे भारत को हाल के वर्षों में वैश्विक स्पिलओवर से निपटने में मदद मिली है। **इसलिए, कथन 1 सही है।**
  - **वर्ष 2013 का टेपर टैंट्रम वित्तीय बाज़ार में असंतुलन** का दौर था, जो तब हुआ जब फेडरल रिज़र्व ने अपने बांड खरीद कार्यक्रम को कम करने की घोषणा की, जिसे **मात्रात्मक सहजता (QE) के रूप में भी जाना जाता है।**

नोट :

- भारतीय संदर्भ में, जहाँ खाद्य उपभोग की टोकरी का एक अपेक्षाकृत बड़ा घटक है, **जलवायु असंतुलन** विस्तारित अवधि के लिये हेडलाइन मुद्रास्फीति दरों को बढ़ा सकते हैं तथा नीति प्रतिक्रिया से विकास में महत्त्वपूर्ण कमी आ सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- निरंतर भू-राजनीतिक तनाव **आपूर्ति शृंखलाओं** और पूंजी प्रवाह में व्यवधान के साथ गंभीर चुनौतियाँ भी पैदा कर सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**189. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत दक्षिण एशिया में सबसे बड़े ई-कचरा उत्पादकों में से एक है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स से 1.6 मिलियन टन ई-कचरा उत्पन्न करता है, जिसमें से आधे से अधिक बिना प्रसंस्कृत किये ही रह जाता है।
2. ई-अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 ने विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) की अवधारणा की शुरुआत की, जिसके तहत उत्पादकों को EPR के बदले में जीवन-काल समाप्त होने वाले उत्पादों को वापस लेना अनिवार्य किया गया।
3. ई-अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2022 ने प्रत्येक निर्माता, नवीनीकरणकर्त्ता और पुनर्चक्रणकर्त्ता के लिये केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विकसित ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य कर दिया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ई-कचरा:**

- भारत दक्षिण एशिया में **ई-कचरा उत्पन्न करने वाला एक प्रमुख देश है**, जो 1.6 मिलियन टन बेकार इलेक्ट्रॉनिक सामान पैदा करता है, जिसमें से 67% बिना प्रोसेस किये होते हैं, जिससे ज़हरीले पदार्थ मिट्टी में मिल जाते हैं और गंभीर स्वास्थ्य और पर्यावरण जोखिम पैदा करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2016 में, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने अधिक संरचित **ई-कचरा प्रबंधन नियम, 2016 को पेश करके समस्या का समाधान करने का प्रयास किया**, जिसने न केवल उन उत्पादों की श्रेणी को बढ़ाया जो नियमों के अंतर्गत आएँगे, बल्कि विघटनकर्त्ताओं, निर्माताओं और पुनर्चक्रणकर्ताओं की भूमिकाएँ और कर्तव्य निर्धारित किये, साथ ही विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) की अवधारणा को पेश किया, जिसके तहत उत्पादकों को EPR के बदले में जीवन-काल समाप्त होने वाले उत्पादों को वापस लेना अनिवार्य किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यद्यपि इन नियमों के तहत एकत्रित और संसाधित ई-कचरे की मात्रा में लगातार वृद्धि देखी गई, लेकिन उल्लंघन के लिये किसी दंडात्मक प्रावधान के अभाव में यह अनुपात नगण्य ही रहा।
- ई **-कचरा प्रबंधन नियम, 2022 ने कानून के तहत उत्पादों के दायरे को बढ़ाया और प्रत्येक निर्माता, नवीनीकरणकर्त्ता और पुनर्चक्रणकर्त्ता के लिये केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड** द्वारा विकसित ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य कर दिया। **अतः कथन 3 सही है।**

**190. वस्तु एवं सेवा कर (GST) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मूल्य वर्द्धित कर (VAT) से वस्तु एवं सेवा कर (GST) में परिवर्तन ने राज्यों के लिये कर प्रणाली को गंतव्य-आधारित से स्रोत-आधारित परिवर्तन को चिह्नित किया।
2. पुरानी प्रणाली में, निर्यातक राज्य अंतरराज्यीय लेनदेन पर कर लगाता था, लेकिन अब राजस्व गंतव्य राज्य को जाता है।
3. IGST अंतरराज्यीय लेनदेन पर लगाया जाने वाला कर है, जिसे केंद्र सरकार द्वारा एकत्र किया जाता है, जबकि निर्यातक राज्य को कोई राजस्व प्राप्त नहीं होता है, लेकिन उसे पूर्ण इनपुट टैक्स क्रेडिट मिलता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वस्तु एवं सेवा कर (GST):**

- कर व्यवस्था में पहले के मूल्य वर्द्धित कर (VAT) से वस्तुओं और सेवा कर (GST) में परिवर्तन ने राज्यों के लिये **स्रोत-**

**आधारित कर से गंतव्य-आधारित कर में परिवर्तन को चिह्नित किया। अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- पिछली व्यवस्था में, अंतरराज्यीय लेन-देन पर निर्यातक राज्य द्वारा कर लगाया जाता था, जबकि अब, राजस्व गंतव्य राज्य को प्राप्त होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर** (IGST) अंतरराज्यीय लेनदेन पर लगाया जाने वाला कर है, यह कर केंद्र सरकार द्वारा एकत्र किया जाता है, तथा निर्यातक राज्य को **पूर्ण इनपुट टैक्स क्रेडिट** उपलब्ध कराया जाता है। इसका अर्थ यह होगा कि निर्यातक राज्य को इस लेनदेन से कोई राजस्व प्राप्त नहीं होता है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - दूसरी ओर, आयात करने वाले राज्य में, आयातक स्थानीय बिक्री के विरुद्ध इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा कर सकता है, इस प्रकार राजस्व आयात करने वाले राज्य को हस्तांतरित हो जाता है।
  - अलग-अलग राज्यों के लिये IGST दावों का निपटान IGST निपटान तंत्र के माध्यम से किया जाता है।

**191. बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिये बंगाल की खाड़ी पहल (बिम्सटेक) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बिम्सटेक एक क्षेत्रीय बहुपक्षीय संगठन है जिसके सदस्य बंगाल की खाड़ी के तटीय और समीपवर्ती क्षेत्रों में स्थित हैं, जो एक सुसंगत क्षेत्रीय एकता का निर्माण करते हैं।
2. बिम्सटेक न केवल दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया, बल्कि महान हिमालय और बंगाल की खाड़ी की पारिस्थितिकी को भी जोड़ता है।
3. इसकी स्थापना वर्ष 1997 में बाल्फोर घोषणा के माध्यम से की गई थी, जिसमें शुरू में चार सदस्य थे, बांग्लादेश, भारत, श्रीलंका और थाईलैंड, जिन्हें 'BIST-EC' के नाम से जाना जाता था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभ तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- बिम्सटेक एक क्षेत्रीय बहुपक्षीय संगठन है जिसके सदस्य बंगाल की खाड़ी के तटीय और समीपवर्ती क्षेत्रों में स्थित हैं जो एक सुसंगत क्षेत्रीय एकता का निर्माण करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- बिम्सटेक न केवल दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया को जोड़ता है, बल्कि महान हिमालय और बंगाल की खाड़ी की पारिस्थितिकी को भी जोड़ता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह उप-क्षेत्रीय संगठन वर्ष 1997 में **बैंकॉक घोषणा के माध्यम से स्थापित किया गया था**, जिसमें शुरू में चार सदस्य शामिल थे: बांग्लादेश, भारत, श्रीलंका और थाईलैंड, जिन्हें 'BIST-EC' के रूप में जाना जाता था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - **बाल्फोर घोषणापत्र** 2 नवम्बर 1917 को दिया गया एक घोषणा पत्र है, जिसमें ब्रिटिश सरकार ने 'फिलिस्तीन में यहूदी लोगों के लिये एक राष्ट्रीय घर की स्थापना' हेतु समर्थन व्यक्त किया था।

**192. ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है?**

A. विश्व आर्थिक मंच
B. विश्व बैंक
C. विश्व स्वास्थ्य संगठन
D. इनमे से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स:**

- हाल ही में, **विश्व आर्थिक मंच ने** अपनी **वार्षिक ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स, 2024 का** 18वाँ संस्करण जारी किया, जिसमें विश्व की 146 अर्थव्यवस्थाओं में लैंगिक समानता का व्यापक रूप से मानकीकरण किया गया है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

नोट :